2 फरीदाबाद
कौन जिम्मेदार : ओयो की आढ़ में चप्पे-चप्पे पर चल रहे हैं अय्याशी के अड्डे

6 अभिमत
सही समय पर बिकी एयर इंडिया

9 देश/विदेश
भारत, अमेरिका, इजराइल और यूएई के विदेशमंत्रियों की चतुष्पक्षीय बैठक


12 स्पोर्ट्स
आखिरी अभ्यास मैच में बल्लेबाजी क्रम तय करने पर भारत की नजरें

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 250
फरीदाबाद, बुधवार, 20 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



तनाव भरे इस माहौल में आपके मन को शांत करेंगे ये तीन योगासन
पेज - 11

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,716 | ▼ | 50 | |
| निफ्टी | 18,418 | ▼ | 58 | |
| सोना | 46,513 | ▲ | 207 | /10 gm |
| चांदी | 64,092 | ▲ | 826 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 29.01°C
न्यूनतम 21.00°C

## क्विक न्यूज

### विरोध प्रदर्शन करने वालों पर मामले दर्ज

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सोमवार को किसानों द्वारा छह घंटे तक रेल की पटरी पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए कई लोगों के विरुद्ध मामले दर्ज किए गए हैं। रेलवे के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि रेलवे सुरक्षाबल ने प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध मामले दर्ज किए। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर आरोपी अज्ञात हैं। राजकीय रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने फोन पर बताया कि सोनीपत में किसान यूनियन के चार नेताओं समेत 100 से 120 प्रदर्शनकारियों पर मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी में जिन अन्य लोगों पर आरोप हैं, वे अज्ञात और अनाम हैं। आरपीएफ के एक अधिकारी ने कहा कि अंबाला में भी एक मामला दर्ज किया गया है।

### किताब बताएगी भारतीय राज्यों के मूल की कहानी

**नई दिल्ली।** भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मूल की कहानी बताने वाली एक नई किताब का 25 अक्टूबर को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित द ऑरिजिन स्टोरी ऑफ इंडियाज स्टेट्स वेंकटराघवन सुभा श्रीनिवासन द्वारा लिखी गई है। यह किताब भारत के सभी 28 राज्यों और आठ केंद्रशसित प्रदेशों के मूल की कहानी बताएगी।

### मोदी और योगी के पुतले जलाने पर केस दर्ज

**बदायूं।** बदायूं जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुतले जलाने के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ने बताया कि जिले में सोशल मीडिया पर कई वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित हुए हैं, जिनमें कुछ लोग प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला बता कर अभद्रता करते दिखाई दे रहे हैं।

### प्रधानमंत्री चीन के बारे में बोलने से डरते हैं : ओवैसी

**हैदराबाद।** ईंधन की बढ़ती कीमतों और भारतीय जमीन पर चीन के अतिक्रमण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रहार करते हुए एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने आरोप लगाए कि मोदी चीन के बारे में बात करने से डरते हैं। हैदराबाद के सांसद ने कहा, भाजपा नीत केंद्र सरकार की विफलता के कारण कश्मीर में नागरिकों की चुन-चुनकर हत्या की जा रही है।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

फोटो पर गरमाई राजनीति

# सिंघु बॉर्डर हत्या को कांग्रेस ने भाजपा की साजिश बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**निहंग** बाबा अमनदीप सिंह की केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथ फोटो वायरल होने पर राजनीति गरमा गई है। भाजपा अभी तक जहां हत्याकांड को लेकर बॉर्डर पर जमे किसानों पर हमलावर थी। वायरल फोटो के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साध उसे हत्या में शामिल बता दिया। गौरतलब है कि बाबा अमन की सिंघु बॉर्डर पर लखबीर की निर्ममता से हुई हत्या के बाद आरोपी निहंगों का सरेंडर कराने में बड़ी भूमिका रही।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला के ट्वीट के बाद मामले में राजनीति बयानबाजी तेज हो गई। सुरजेवाला ने फोटो ट्वीट कर कहा कि अब सच सामने आ ही रहा है। परतें उधड़ रही हैं, पर्दा खुल रहा है। कौन असल में पर्दे के पीछे किसके साथ खड़ा है? कौन किसानों के खिलाफ क्या षड्यंत्र कर रहा है? सुरजेवाला के बयान का सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि सिंघु बॉर्डर पर हुई बर्बर हत्या के पीछे भाजपा का हाथ है। सीएम के पूर्व मीडिया सलाहकार और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने कहा है कि बाबा अमनदीप सिंह के मामले मे कांग्रेस दुष्प्रचार पर उतर आई है। किसी नेता या मंत्री से मिलने का मतलब ये नहीं कि उससे संबंध हैं। मंत्री तोमर और बाबा का फोटो काफी पुराना है। ये सिंघु बॉर्डर पर हुई हत्या से न तो कुछ समय पहले का है और न ही हत्या के बाद का।

वहीं किसान एकता मोर्चा ने भी बयान जारी कर लखबीर की हत्या को आंदोलनरत किसानों के खिलाफ साजिश बताया है। मोर्चा ने ट्वीट किया कि सिंघु बॉर्डर केस में नए तथ्य सामने आने के बाद यह लग रहा है कि सरकार की बड़ी साजिश थी। साजिश इसलिए कि हमारा तीन कृषि कानूनों और एमएसपी से ध्यान हटाया जाए। हम अपनी मांगों पर कायम हैं। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भाजपा पर तंज कसते हुए पंजाबी में (भैड़े-भैड़े यारा साड्डी फत्तो दे) ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि इसे इस प्रकार समझा जाए, इंसान उस संगत से जाना जाता है जिसे वह साथ रखता है। मोदी सरकार संदेहात्मक चरित्रों के माध्यम से व्यवहार कर रही है। इस प्रकार, उद्घोषित राष्ट्रवादी न केवल खुद को बल्कि देश की सर्वोच्च संस्था भारत सरकार को भी नीचा दिखा रहे हैं।



इस फोटो पर विपक्ष भाजपा पर हमलावर हो रहा है। ये फोटो हत्यारोपी एक निहंग की है, जिसे अब भाजपा यह कहकर पल्ला छाड़ रही है कि फोटो बहुत पुराना है और मेलजोल तो किसी से भी हो सकता है।

# अब लोगों को अस्पतालों में नहीं लगानी पड़ेगी कतार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### विज ने स्वस्थ हरियाणा मोबाइल एप लॉन्च किया

**हरियाणा** के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि आमजन के हित के लिए लोगों को अस्पतालों में लंबी लाइनों में लगने से निजात दिलाने के लिए स्वस्थ हरियाणा मोबाइल एप लांच किया है। इस एप के माध्यम से कोई भी मरीज प्रदेश के किसी भी नागरिक अस्पतालों में अपना इलाज करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

विज ने यह बात मंगलवार को स्वास्थ्य हरियाणा मोबाइल एप लॉन्च के दौरान कही। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। विज ने बताया, सरकार कोविड के प्रकोप को कम करने के लिए अच्छा प्रयास कर रही है तथा इसे और मजबूती देने के लिए व आमजन के हित के लिए हरियाणा के स्वास्थ्य संस्थानों में स्टेट हेल्थ सिस्टमस रिसोर्स सेंटर (एचएसएचआरसी) ने स्वस्थ हरियाणा मोबाइल एप बनाया है। उन्होंने बताया, इस एप के माध्यम से अस्पताल में जाने से पहले मरीज घर बैठे अपना एडवांस रजिस्ट्रेशन करवा पाएंगे तथा प्रदेश के अस्पतालों में लोगों की भीड़ का सुव्यस्थित तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा जैसे मरीज को किस डॉक्टर व किस स्पेशलिस्ट डॉक्टर के पास जाना है । इससे मरीज को लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा, जिससे समय की भी बचत होगी।

प्रियंका गांधी का बड़ा ऐलान : चुनाव में 40 फीसद टिकट महिलाओं को

# यूपी में 403 सीटों में 161 पर महिलाओं को टिकट

**एजेंसी।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 40 फीसद टिकट महिलाओं को देगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बड़ा ऐलान किया। प्रियंका ने कहा कि यह फैसला तमाम पीड़ित महिलाओं के साथ न्याय करेगा। प्रियंका ने नया नारा दिया, लड़की हूं लड़ सकती हूं। कांग्रेस 40 फीसद महिलाओं को टिकट देने के लिहाज से यूपी की कुल 403 विधानसभा सीटों में से 161 पर महिला उम्मीदवार उतारेगी। प्रियंका जब यह ऐलान कर रही थीं, तब भी उनके मंच पर सात पुरुष मौजूद थे और प्रियंका के आजू-बाजू केवल दो महिलाएं बैठी हुई थीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पार्टी का महिलाओं को टिकट देने का फैसला काफी चुनौतीभरा रहने वाला है।

कांग्रेस ने भले ही महिलाओं को 40 फीसद टिकट देने का ऐलान किया हो, लेकिन इसमें भी नेताओं के परिवार की महिलाओं का ही दबदबा रहने की संभावना है। खुद प्रियंका गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान परिवारवाद का समर्थन किया। जब उनसे सवाल पूछा गया कि कांग्रेस ने 40 फीसद महिलाओं को टिकट देने का ऐलान किया है, लेकिन सभी असरदार नेता अपने परिवार की महिलाओं को ही टिकट दिलाने के लिए लॉबिंग करेंगे। इस पर प्रियंका ने कहा कि इसमें कोई हर्ज नहीं है। प्रियंका ने कहा कि हमने आवेदन मांगे हैं और 15 नवंबर तक लोग टिकट के लिए आवेदन कर सकते हैं। महिलाओं को टिकट मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। प्रियंका ने यह भी कहा कि उनका बस चलता तो वह 40 की जगह 50 फीसदी टिकट महिलाओं को देतीं। जब उनसे विधानसभा चुनाव लड़ने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि इस पर बाद में सोचेंगे। वहीं, यूपी में कांग्रेस के सीएम फेस के साथ उतरने के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। प्रियंका ने कहा, जब मैं 2019 के चुनाव में उत्तर प्रदेश आई थी, तो प्रयागराज में यूनिवर्सिटी की कुछ लड़कियां मुझसे मिलीं। उन्होंने बताया कि यहां लड़कों और लड़कियों के लिए अलग नियम हैं। इसके बाद हमने यह फैसला किया है। यह फैसला उन्नाव की उस लड़की के लिए है, जिसे जलाकर मारा गया। यह फैसला हाथरस की उस लड़की के लिए है, जिसे न्याय नहीं मिला।

प्रियंका बोलीं, मुझे लखीमपुर में एक लड़की मिली थी। उसने कहा कि वह प्रधानमंत्री बनना चाहती है। हमारा फैसला उसके लिए है। यह सोनभद्र में उस महिला के लिए है, जिसने लोगों के लिए आवाज उठाई। यह फैसला यूपी की हर उस महिला के लिए है, जो आगे बढ़ना चाहती है, अपना भविष्य बनाना चाहती है या बदलाव लाना चाहती है।



### 'यूपी में आम आदमी की कोई सुरक्षा नहीं करता'

प्रियंका ने कहा कि यूपी में आम आदमी की सुरक्षा कोई नहीं करता। आज सत्ता का नाम ये है कि आप खुलेआम लोगों को कुचल सकते हैं। आज नफरत का बोलबाला है, महिलाएं इसे बदल सकती हैं। प्रियंका ने कहा कि जब सीतापुर में मुझे महिला पुलिसकर्मियों ने घेर लिया, तो दो महिला पुलिसकर्मी मुझे सीतापुर के गेस्ट हाउस लेकर गई थीं। यह फैसला उनके लिए भी है। देश को धर्म की राजनीति से निकलना है और आगे ले जाना है और महिलाओं को खुद ही यह काम करना होगा।

प्रियंका सोमवार रात दिल्ली से लखनऊ पहुंची थीं। उन्होंने सोमवार को शाहजहांपुर जिले में अदालत परिसर के भीतर एक वकील की हत्या को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, आजकल यूपी में कोई सुरक्षित नहीं है। चाहे वो महिलाएं हों, किसान हों और या फिर वकील ही क्यों न हों। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंच पर प्रियंका गांधी के अलावा पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, प्रमोद तिवारी, आराधना मिश्रा मोना, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, आचार्य प्रमोद कृष्णन और नसीमुद्दीन सिद्दीकी मौजूद थे।

उत्तराखंड में बरस रही आफत

# दो दिन में 24 की मौत, रेल लाइन बही, हल्द्वानी में पुल टूटा

**एजेंसी।** देहरादून

**उत्तराखंड** में भारी बारिश के चलते हालात बेहद खराब हो गए हैं। यहां मंगलवार को 11 और लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा कुमाऊं क्षेत्र प्रभावित है, जहां कई मकान जमींदोज हो गए हैं और मलबे में कई लोग दबे हुए हैं। नैनीताल का संपर्क राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है। यहां तक आने वाली तीनों सड़कें भूस्खलन के चलते ब्लॉक हो गई हैं। वहीं भारी बारिश के चलते नैनीताल जिले में काठगोदाम रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली रेलवे लाइन भी बह गई है।

इसके साथ ही राज्य में मरने वालों का आंकड़ा 24 हो गया है। स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट के सचिव एसए मुरुरेसन ने बताया कि पिछले 24 घंटे में राज्य में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हुई है। सोमवार को बारिश के चलते पौड़ी और चंपावत में 5 मौतें हुई थीं। इसमें नेपाल के तीन मजदूर भी शामिल थे। मंगलवार को अल्मोड़ा, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में 11 लोगों की जान गई। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि जल्द ही सेना के हेलिकॉप्टर यहां मदद और राहत पहुंचाने के लिए पहुंच जाएंगे। इनमें से दो हेलिकॉप्टरों को नैनीताल और एक को गढ़वाल भेजा जाएगा। सीएम ने लोगों से आग्रह किया कि वे घबराएं नहीं, उनकी सुरक्षा के सभी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने चारधाम यात्रियों से अपील की कि वे जहां हैं, वहीं रुक जाएं और मौसम साफ होने के बाद ही यात्रा को दोबारा शुरू करें। मंगलवार दोपहर मुख्यमंत्री ने भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। बाद में उन्होंने रुद्रप्रयाग पहुंचकर नुकसान के आकलन की समीक्षा भी की। उनके साथ राज्य के मंत्री धन सिंह रावत और राज्य के डीजीपी अशोक कुमार भी थे। इंडियन यूथ कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट श्रीनिवास ने एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें उत्तराखंड के नैनीताल में पानी के तेज बहाव के बीच सुरक्षाबल के जवान लोगों का रेस्क्यू कर रहे हैं। सैनिकों ने ह्यूमन चेन बनाकर एक दुकान से लोगों को रेस्क्यू किया। हल्द्वानी में गौला नदी पर बना पुल बारिश के चलते दरक गया है। पुल के बीचोबीच गड्ढा बन गया। पुल के एक छोर पर खड़े लोगों ने दूसरे छोर से आ रहे बाइक सवार को इस बारे में अलर्ट किया। तब मोटरसाइकिल सवार वापस मुड़ा।



### नंदा देवी मंदिर में भरा पानी

नैनीताल में नैनी झील के पास माल रोड और नंदा देवी मंदिर में पानी भर गया है, यहां एक होस्टल बिल्डिंग को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं ऊधम सिंह नगर में नानक सागर बांध के सभी गेट खोल दिए गए हैं। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) राज्य में रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। टीम ने सोमवार रात राज्य में अलग-अलग जगहों पर ऑपरेशन करके 50 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया। इनमें केदारनाथ मंदिर से लौट रहे श्रद्धालु भी शामिल हैं, जो रास्ते में फंस गए थे। उत्तराखंड पुलिस के साथ मिलकर एसडीआरएफ ने सोमवार को केदारनाथ से लौट रहे 22 श्रद्धालुओं को बचाया, जो जंगल में फंसे थे। टीम ने चार मजदूरों को भी बचाया, जो मलबे में दबे थे।

## हिंदुओं पर हमला करने वालों पर होगा एक्शन : प्रधानमंत्री हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश पीएम शेख हसीना ने 19 अक्टूबर को गृहमंत्री से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है। हसीना ने लोगों से तथ्यों की जांच किए बिना सोशल मीडिया पर किसी भी चीज पर भरोसा नहीं करने को कहा है। दुर्गा पूजा से बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों पर हमले बढ़ गए हैं। दुर्गा पूजा समारोहों के दौरान सोशल मीडिया पर कथित तौर पर ईशनिंदा करने वाला एक पोस्ट देखने को मिला था, जिसके बाद से बांग्लादेश में एक भीड़ ने 66 मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया और 20 मकानों को आग के हवाले कर दिया था।

## राम रहीम के खिलाफ फैसले देने वाले जज को धमकी भरा पत्र

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ फैसले देने वाले जज को धमकी भरा पत्र मिला है। यह घटना राम रहीम को दोषी करार दिए जाने के बाद की है। बहरहाल सरकार ने जज की सुरक्षा बढ़ा दी है। इसके अलावा उन्हें अब लोकल पुलिस का भी कवर प्रदान कर दिया गया है। जज को धमकी भरा पत्र मिलने का खुलासा सोमवार को केस की सुनवाई के दौरान हुआ है। राम रहीम के खिलाफ रंजीत सिंह हत्याकांड की सुनवाई सीबीआई जज सुशील कुमार गर्ग द्वारा की जा रही थी। इस मामले में राम रहीम समेत पांच आरोपियों को आठ अक्टूबर को दोषी करार दिया गया था।

# नीरव को जमानत नहीं: तीन अमेरिकी कंपनियों से धोखाधड़ी का मामला

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भगोड़े** हीरा कारोबार नीरव मोदी को अमेरिकी की एक कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने नीरव व उसके सहयोगियों की वह अर्जी खारिज कर दी, जिसमें उन पर तीन अमेरिकी कंपनियों के साथ धोखाधड़ी के आरोपों से मुक्त करने का आग्रह किया था।

अमेरिकी कंपनियों फायरस्टार डायमंड, फैंटेसी इंक और ए जैफ के अदालत द्वारा नियुक्त ट्रस्टी रिचर्ड लेविन ने न्यूयॉर्क की एक बैंकरप्सी कोर्ट में ये आरोप लगाए हैं। पहले इन तीनों कंपनियों का स्वामित्व अप्रत्यक्ष रूप से नीरव मोदी के पास था। नीरव फिलहाल ब्रिटेन की जेल में बंद है। उसके भारत प्रत्यर्पण का मामला भी अटका हुआ है। लेविन ने मोदी और उसके साथियों मिहिर भंसाली एवं अजय गांधी को कर्ज देने वालों को हुए नुकसान के लिए 1.5 करोड़ डॉलर का न्यूनतम मुआवजा भी मांगा। दिवालिया होने संबंधी मामलों की सुनवाई करने वाली न्यूयॉर्क की कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। यह भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी और उसके साथियों के लिए एक झटका है। भारतवंशी अमेरिकी वकील रवि बत्रा ने बताया कि न्यूयॉर्क की कोर्ट के जस्टिस लेन ने नीरव मोदी, मिहिर भंसाली और अजय गांधी की याचिका ठुकरा दी है। 50 वर्षीय नीरव अभी ब्रिटेन की एक जेल में बंद है। भारत सरकार उसे पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाला मामले में धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग के मामलों में भारत लाना चाहती है, लेकिन उसके प्रत्यर्पण की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया में अटकी हुई है।



# लिस्ट में आए 380 लोगों के खंगाले जाएंगे रिकॉर्ड्स

पैंडोरा पेपर्स

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पैंडोरा** पेपर्स में जिन भारतीयों के नाम सामने आए हैं, उनके रिकॉर्ड्स खंगालने के लिए सीबीडीटी चेयरमैन की अध्यक्षता में एक बहु एजेंसी समूह ने जांच शुरू कर दी है। पिछले हफ्ते इस समूह की पहली बैठक हुई। बताया है कि बैठक में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) और आर्थिक खुफिया इकाई (एफआईयू) के अफसर शामिल हुए।

दुनिया भर में अमीर व्यक्तियों की वित्तीय संपत्ति का खुलासा करने वाले पैंडोरा पेपर्स में 380 अमीर भारतीयों के नाम शामिल हैं। हालांकि, इनमें से कई भारतीयों ने कुछ गलत करने के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। 'इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट्स' ने यह रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट 117 देशों के 150 मीडिया संस्थानों के 600 पत्रकारों की मदद से तैयार की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, बहु एजेंसी समूह इन्हीं खुलासों के आधार पर जांच कर रहा है। बैठक में मौजूद एक अधिकारी ने कहा कि आईसीआईजे की इस रिपोर्ट को संज्ञान में लिया गया और संबंधित जांच एजेंसियां इन मामलों की पड़ताल कर रही हैं। दोषी पाए गए लोगों पर कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि जैसे ही अन्य नामों का खुलासा होता है, हम जांच को और तेज कर देंगे। इससे पहले सीबीडीटी ने सरकार की ओर से इस मामले की जांच सौंपे जाने पर कहा था कि इन मामलों की प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए सरकार विदेशी संस्थाओं के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़कर काम करेगी। सीबीडीटी ने कहा था, 'भारत सरकार भी एक अंतर-सरकारी समूह का हिस्सा है, जिसके तहत इस तरह के लीक से जुड़े कर जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सहयोग और अनुभव साझा किए जाते हैं।' सीबीडीटी ने कहा कि अब तक कुछ भारतीयों (कानूनी संस्थाओं के साथ ही व्यक्तियों) के नाम मीडिया में आए हैं।




### 117 देशों के 150 मीडिया संस्थानों के 600 पत्रकारों की मदद से तैयार हुई थी पैंडोरा पेपर्स रिपोर्ट

### सीबीडीटी चेयरमैन की अध्यक्षता में एक समूह ने की जांच शुरू

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 20 अक्टूबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 20.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- मंत्री कृष्णपाल गुर्जर नवनिर्मित खेड़ी पुल का करेंगे उद्घाटन: सुबह 10 बजे
- एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में महर्षि बाल्मीकि जयंती समारोह का आयोजन: सुबह 11 बजे
- बल्लभगढ़ श्रीगोपाल मंदिर श्रीराम कथा का आयोजन : दोपहर 1 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कार्यक्रम आयोजित: सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**जब** से पूरी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में आई, लोगों का अपनी जिंदगी के प्रति नजरिया बदल गया है। पहले लोग निवेश और अपने भविष्य को सुरक्षित करने को लेकर इतनी गंभीरता से नहीं लेते थे। जितना अब इन दो सालों में लेने लगे हैं। लोगों को अब अपने परिवार के लिए सुरक्षित निवेश जिसमें रिटर्न ज्यादा होने पर ज्यादा होने पर ज्यादा भरोसा होने लगा है। जिसका परिणाम है कि दो सालों में रिटेल निवेशकों की इक्विटी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ गई है ऐसे कई निवेशक हैं जिनकी निवेश के प्रति गंभीरता भी पहले से कई ज्यादा हो गई है।

## यूटीलिटी न्यूज

### पराली जलाना अपराध

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि पराली जलाना कानूनी अपराध है। किसान पराली जलाकर कानून का उल्लंघन करता है, तो ऐसा करने वाले किसानों के खिलाफ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जिला में पराली और धान फसल के अवशेष के प्रबंधन के बारे में किसानों को जागरूक करें। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि किसान भाइयों ने फसलों की कटाई शुरू कर दी है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. फसल अवशेष प्रबन्धन योजना के अन्तर्गत वर्तमान चालू वित वर्ष में जिला में किसानों ने 09 जीरो टिलेज मशीन, 07 सूपर सीडर मशीने अनुदान राशि पर खरीदी है।

## क्विक न्यूज

### हथियार समेत गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 56 की टीम ने फरीदाबाद के दो आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार और एक आरोपी को चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी आसिफ पर्वतीय कॉलोनी, आरोपी सुनील सरुरपुर फरीदाबाद का और आरोपी सचिन सारन को रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने बताया कि आरोपी आसिफ को भडाना चौक पर्वतीय कालोनी से तथा आरोपी सुनील को जवाहर कॉलोनी से अवैध हथियार सहित गिरफ्तर किया है और आरोपी सचिन को डबुआ कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि आरोपी आसिफ पर फरीदाबाद में अवैध हथियार,चोरी और गिरोह बन्दी के 7 मुकदमें दर्ज है तथा आरोपी सुनील पर लूट के 10 मुकदमें फरीदाबाद में दर्ज है। आरोपी आसिफ और सुनील ने डबुआ कॉलोनी में मिलकर एक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी सचिन ने डबुआ मण्डी में सोते हुए व्यक्ति से एक मोबाइल फोन चोरी किया था। जो आरोपी नशे करता है।

# कौन जिम्मेदार : ओयो की आढ़ में चप्पे-चप्पे पर चल रहे हैं अय्याशी के अड्डे

## नगर निगम और पुलिस एक-दूसरे की जिम्मेदारी बता झाड़ देते हैं पल्ला

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**नगर** निगम की लापरवाही के कारण शहर के रिहायशी इलाकों में चप्पे चप्पे पर ओयो गेस्ट हाउस चल रहे हैं। गेस्ट हाउस की आढ़ में यहां सरेआम वैश्यावृति और अय्याशी के अड्डे चलाए जा रहे हैं। इन गेस्ट हाउस में आने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा की जाने वाली हरकतों के कारण आसपास रहने वाले लोगों को शर्मशार होने के साथ कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एनएच एक एफ ब्लॉक में नगर निगम द्वारा सील की गई एक बिल्डिंग में पिछले दो साल से ओयो गेस्ट हाउस की आढ़ में वैश्यावृति का अड्डा चलाया जा रहा है। स्थानीय लोग लगातार नगर निगम से शिकायत कर रहे हैं। लेकिन निगम कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं हैं। मंगलवार को स्थानीय लोगों ने इस होटल में आपत्तिजनक स्थिति में एक नाबालिग लड़की को पुलिस के हाथों पकड़वाया है। जिसके बाद लोग शिकायत लेकर निगम कार्यालय पहुंचे। लेकिन कार्रवाई करना तो दूर निगमायुक्त लोगों की बात सुने बिना ही कार्यालय से निकल कर चले गए। परेशान लोगों ने इसके विरोध में निगम मुख्यालय पर जमकर हंगामा भी किया। आरोप है कि निगम और पुलिस एक दूसरे को जिम्मेदार बताते हुए कार्रवाई करने से इनकार कर देते हैं।



एनएच एक एफ ब्लॉक के होटल से नाबालिग लड़की बरामद।



एनएच एक के इस होटल में हुई पुलिस की छापेमारी।

### नाबालिग लड़की बरामद

**एनएच** एक एफ ब्लॉक में रहने वाले लोगों का कहना है कि यहां नियमों का ताक पर रखकर बनाई गई एक इमारत में पिछले करीब दो साल से ओयो गेस्ट हाउस चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि होटल में जाने के लिए सिर्फ दो फुट चौड़ी सीढ़ी है। होटल में तीन दर्जन से ज्यादा कमरे हैं। लेकिन इसके बावजूद न तो होटल के पास फायर एनओसी है और न ही आग बुझाने के उपकरण। गेस्ट हाउस की आढ़ में यहां सरेआम वैश्यावृति का अड्डा चलाया जा रहा है। रंगरालियां मनाने के लिए लोगों का यहां दिन पर आना जाना लगा रहता है। रिहायशी इलाका होने के कारण आसपास रहने वाले लोगों खासकर महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है। वहीं बच्चों और किशोरों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोग पहले भी इस होटल को बंद करवाने के लिए हंगामा कर चुके हैं। मंगलवार सुबह एक नाबालिग लड़की को यहां रंगरलियां मनाने के लिए लाया गया था। लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस ने होटल पहुंच कर कमरे से लड़की को आपत्तिजनक स्थिति में बरामद कर लिया।

### निगम कार्यालय पर हंगामा

**नाबालिग** लड़की और उसके साथ होटल के कमरे से बरामद हुए युवक को पुलिस के हवाले करने के बाद एनएच एक एफ ब्लॉक के लोग काफी संख्या में इक्ट्ठे होकर निगम मुख्यालय पर जा पहुंचे। इनमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस होटल में हो रही गैरकानूनी और आपतिजनक हरकतों के कारण आसपास के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। निगम ने कुछ समय पहले इस होटल को सील किया था। लेकिन नाटकीय तरीके से सील खोल कर फिर होटल शुरू कर दिया। इस होटल को बंद करवाने की मांग को लेकर स्थानीय लोग दो महीने के भीतर नगर निगम को चार बार शिकायत दे चुके हैं। लेकिन निगम होटल के खिलाफ कार्रवाई करने हो तैयार नहीं है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने निगमायुक्त से मिलने का प्रयास किया। लेकिन निगम आयुक्त लोगों की बात सुने बिना कार्यालय से निकल कर अपनी गाड़ी पर सवार होकर चले गए। जिससे गुस्साए लोगों ने हंगामा करते हुए निगमायुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी।



एनएच चार में दुकान छत पर चल रहा ओयो होटल।

### नहीं होती कोई कार्रवाई



**सेक्टर** 21 सी आरडब्ल्युए प्रधान जगदीश चौहान ने बताया कि यहां अवैध रूप से रिहायशी मकानों में चल रहे गेस्ट हाउसों में सरेआम देह व्यापार और अन्य अनैतिक धंधे चलाए जा रहे हैं। इन मकानों में दिन भर नए नए लोगों का आवागमन लगा रहता है। जिसके कारण सेक्टर का माहौल लगातार खराब हो रहा है। परेशान होकर उन्होंने कई बार नगर निगम, हूडा और पुलिस को शिकायत दी। लेकिन कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है।

### चप्पे चप्पे पर अय्याशी के अड्डे

**शहर** में सेक्टरों की कोठियों, रिहायशी कालोनियों के मकानों और बाजारों में कुक्करमुत्तों की तरह हर 100 मीटर की दूरी पर ओयो व अन्य गेस्ट हाउस अवैध तरीके से चल रहे हैं। ओयो में होने वाली अय्याशी और अनैतिक कार्य से संबंधित खबर पायनियर द्वारा पिछले दिनों प्रमुखता के साथ प्रकाशित की गई थी। लेकिन पुलिस और संबंधित विभागों ने ध्यान नहीं दिया। जबकि इन अवैध गेस्ट हाउसों में हत्या, आत्महत्या, जुआ खेलने और अनैतिक कार्य करने के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। ओयो होटलों के मकड़जाल के आगे पुलिस का बीट सिस्टम भी फेल होकर रह गया है। पुलिस ने पिछले दिनों नीलम बाटा रोड स्थित द् अर्बन होटल में पुलिस ने छापेमारी कर 44 महिला एवं पुरूषों को रंगरलियां मनाते हुए पकड़ा था। इसके कुछ दिनों बाद पुलिस ने इसी रोड पर स्थित बालाजी होटल में छापेमारी कर 13 महिलाओं और 24 पुरूषों को अनैतिक कार्य करते हुए गिरफ्तार किया है। इन अवैध होटलों के खिलाफ सेक्टर 21 सी आरडब्ल्युए पुलिस, नगर निगम और हूडा से कई बार शिकायत कर चुकी है। लेकिन आज तक किसी भी विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# राधा जी वृंदावन में नित्य विचरण करती हैं : डॉ. शास्त्री

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर 21**-ए में सेंट्रल पार्क के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में डॉ. नरेश चंद्र शास्त्री (वृंदावन वाले) ने भगवान श्री राधाकृष्ण की सांसारिक लीलाओं और योगमाया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा दृश्य-अदृश्य प्रत्यक्ष-परोक्ष हर तरह से सब जगह विद्यमान हैं। भगवान का साक्षात्कार किसी रूप में हो जाए, यह उनकी रासलीला का ही अंग है।

भगवान की योगमाया उनकी मुरली है। कुछ संतों ने तो यहां तक भी कहा है कि राधा भी योगमाया का ही एक रूप हैं। श्री राधा आज भी वृंदावन में नियमित रूप से विराजमान हैं और नित्य वृन्दावन में वितरण विचरण करती हैं। राधा नाम की व्याख्या बताते हुए कथा व्यास ने कहा कि जिसने राम तत्व को धारण कर रखा है उसे राधा कहते हैं। गोविंद सर्वग्य हैं। भगवान से प्रेम हो जाने पर ही जीवन यात्रा सहज हो जाती है। जिसका जीवन परमात्मा के ध्यान में निकल जाए जानिए उसका तो जीवन धन्य हो जाता है। इस संसार को मोह माया के बंधन में बंधा हुआ देखकर हम परमात्मा से आंख मिचौली का खेल तो खेल रहे हैं, लेकिन वही परमात्मा अपनी योगमाया से संसार रूपी वृक्ष की आड़ लेकर सभी को देखते रहते हैं। और जीव जैसा आचरण व्यवहार करता है, परमात्मा उसे वैसा ही फल देते हैं। गीता के 15 अध्याय का पाठ करने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है।



श्रोताओं के समक्ष कथा का वाचन करते व्यास।

कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के हर रूप का वर्णन किया गया और श्रद्धालु भावविभोर हो गए। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक ज्ञान चंद्र मित्तल, वीणा, कोमल एवं लोकेश मित्तल परिवार ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। बताया कि वीरवार को श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राजकुमार शर्मा, रामबीर भड़ाना, गिरीश शर्मा, अनिल मंगला, युगल किशोर शर्मा आदि कई गणमान्य लोगों ने श्रीमद्भागवत कथा का आनंद लिया।

# सीलिंग ड्राइव में 36 इकाइयों को किया सील

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**निग्मायुक्त** यशपाल यादव के निर्देश पर नगर निगम फरीदाबाद द्वारा लगातार चलाई जा रही सीलिंग ड्राइव के तहत मंगलवार को 36 इकाइयों को सील किया गया। जिसमें एनआईटी जोन-1 में 15 इकाइयां सील की जिन पर करीब 14.18 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। ओल्ड जोन-1 में 5 इकाइयां सील की।

जिन पर करीब 06.43 लाख रूपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। बल्लभगढ़ जोन-2 में 16 इकाइयां सील कीं। जिन पर करीब 09.16 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। फरीदाबाद नगर निगम की संपत्ति कर के बकायेदारों पर शिंकजा कसने की मुहिम पिछले कई दिनो से तेजी से चलाई जा रही है। एनआईटी जोन-1 में 03 इकाइयों ने मौके पर ही अपना बकायाजात जमा करा दिया। जिनसे करीब 01.93 लाख रुपये वसूल किये।

निगमायुक्त ने यह भी बताया कि जो इकाइयां सील हो चुकी हैं। अगर इन बकायादारों ने समय पर अपने बकायाजात को जमा नहीं कराया तो उनकी सील की गई, संपत्तियों पर नीलामी करने की कारवाई अमल में लाई जाएगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि उपरोक्त कठोर कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें।



प्रॉपर्टियों को सील कर नोटिस लगाते निगम कर्मी

# 20 लाख लीटर क्षमता के बूस्टर का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जल ही जीवन है' एवं हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 'हर घर नल, हर घर जल' मिशन को फलीभूत करते हुए भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव दिवस की पूर्व संध्या पर बड़खल विधायक सीमा त्रिखा, वार्ड-28 के पार्षद नरेश नम्बरदार ने सेक्टर-48 स्थित 20 लाख लीटर पानी क्षमता के 72 लाख रुपये की लागत से बने बूस्टर का बटन दबाकर स्थानीय क्षेत्रवासियों को पेयजल की सौगात दी।

विधायक त्रिखा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष आभार व्यक्त करते हुए स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर को अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए सहयोग देने पर धन्यवाद व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने एफएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल एवं एडिशनल सीईओ डॉ. गरिमा मित्तल का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव का पानी की सप्लाई सुचारू रूप से जारी रखने के लिए स्थानीय क्षेत्रवासियों की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया।



बूस्टर का बटन दबाकर स्थानीय क्षेत्रवासियों को पेयजल की सौगात देतीं विधायक।

विधायक त्रिखा ने कहा कि इस बूस्टर से होने वाले पानी की सप्लाई से वार्ड नंबर 15, 16 तथा 17 की लगभग 50 हजार की आबादी को राहत मिलेगी। इस बूस्टर से एसजीएम नगर के ए, बी, सी, डी, ई और पी ब्लाक तथा सेक्टर-48 और सेक्टर-48 हाउसिंग बोर्ड के निवासियों को पानी उपलब्ध होगा।

# बाल महोत्सव से निखरती बच्चों की प्रतिभा: वशिष्ठ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बच्चे** देश के भविष्य हैं। बच्चों की काबिलियत को मंच देने के लिए व स्वर्ण जयंती 2021 के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ के तत्वावधान में जिला शाखा फरीदाबाद द्वारा 18 से 22 अक्टूबर तक बाल महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

कोरोना महामारी के दौरान जिन बच्चों को अपनी प्रस्तुति के लिए या अपनी प्रतिभाओं को सामने लाने में समस्याओं का सामना करना पड़ा परंतु इस बार जिला बाल कल्याण परिषद, फरीदाबाद ने बच्चों की प्रतिभा और हुनर को निखारने के लिए बाल महोत्सव 2021 के माध्यम से मंच देने का कार्य किया है। जिससे बच्चों की काबिलियत को सामने लाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में बाल महोत्सव के दूसरे दिन मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बाल महोत्सव के दूसरे दिन आज एकल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें एकल नृत्य, स्केचिंग ऑन स्पॉट, हस्त लेखन हिंदी व अंग्रेजी आदि शामिल थे। प्रतियोगिताओं में लगभग 100 स्कूलों के 250 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने मेरे सर पे बनटा टोकनी, तैन्ने न्यूं डुंघे पे राखू ओ नन्दी के वीरा, मत छेड़ बलम मेरे चूंदड़ न्य जैसे सुपरहिट हरयाणवी गानों पर अपनी प्रस्तुति पेश की जिसे सुनकर बैठे हुए दर्शक भी प्रतिभागी के साथ साथ झूमने लगे।



कार्यक्रम में संबोधित करते मुकेश वशिष्ठ।

मुख्यातिथि मुकेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि कोरोना जैसी महामारी के बावजूद बच्चों के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास को जिला बाल कल्याण परिषद, फरीदाबाद के माध्यम से मंच देने का कार्य किया जा रहा है। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी का समय लगभग खत्म होने के कगार पर है, अब घर बैठकर सोचने का समय नहीं, बल्कि कुछ करने का समय आ गया है। बच्चों के द्वारा जो प्रस्तुति पेश की गई है वो काबिले तारीफ है। उन्होंने जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव व जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री को बच्चों के हित के लिए उठाए गए इस कदम को काफी सराहा व प्रशंसा की।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



**नज़रिया**

**दिनेश रघुवंशी, कवि**

ग़रीबी, भुखमरी के रूबरू बिल्कुल न हो तुम तो
हमारा हाल छोड़ो और बस अपनी कहो तुम तो
तुम्हें क्या फ़िक्र है बेरोज़गारी, भूख, तड़पन की
सियासत की दुकानें खोल कर बैठे रहो तुम तो


# वैदिक गणित पर मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का आयोजन

## वैदिक गणित बने अनिवार्य पाठ्यक्रम का हिस्सा : अतुल कोठारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग एवं कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक गणित पर दस दिवसीय मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा प्रायोजित है।

पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी मुख्य अतिथि रहे तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सत्र की अध्यक्षता की। सत्र में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के डीन प्रो. आशुतोष दीक्षित, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया, गणित विभाग की अध्यक्षा प्रो. नीतू गुप्ता तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह-संयोजक राकेश भाटिया भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। सत्र में अमरावती विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र के अमोलचंद कॉलेज से सेवानिवृत्त व्याख्याता डॉ. श्रीराम चौथावळे मुख्य वक्ता रहे।



सत्र को संबोधित करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अतुल कोठारी ने कहा कि वैदिक गणित तर्क और गणितीय कार्यप्रणाली पर आधारित एक प्राचीन भारतीय तकनीक है जो अंकगणितीय की जटिल गणना को सरल एवं रोचक बनाती है। उन्होंने कहा कि वैदिक गणित केवल गणित नहीं, अपितु पुरातन भारत की बौद्धिक समृद्धि का अनूपम उदाहरण है। उन्होंने वैदिक गणित को विश्वविद्यालय के सभी छात्रों के लिए अनिवार्य पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने का सुझाव दिया।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दैनिक जीवन में वैदिक गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के ज्ञानवर्धन के लिए पाठ्यक्रम आयोजित करने को सराहनीय पहल बताया। इसे पहले गणित विभाग की अध्यक्षा प्रो. नीतू गुप्ता ने मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा बताया कि यह पाठ्यक्रम प्रतिभागियों को अंकगणितीय गणना, संख्या सिद्धांत और जटिल गुणा आदि के बारे में जानने में मदद करेगा। सत्र को प्रो. आशुतोष दीक्षित और राकेश भाटिया ने भी संबोधित किया। सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. श्रीराम चौथावळे ने प्रतिभागियों को भारतीय गणित और वैदिक गणित के इतिहास से परिचित करवाया।

### मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.10.2021 को किसी नाम पता ना मालूम वाहन चालक द्वारा एक व्यक्ति का एक्सीडैन्ट हो गया जिससे व्यक्ति की एक्सीडैन्ट में लगी चोटो के कारण उसकी मौत होनी ब्यान हुई है। मुकद्दमा न. 262 दिनांक 06.10.2021 धारा 279, 304ए भा.द.स. थाना छांयसा जिला फरीदाबाद। अगर किसी को नाम पता व्यक्ति बारे कोई सुराग चले तो निम्नलिखित मोबाईल नम्बरों पर सम्पर्क करके सूचित करें।

**प्रबन्धक अफसर, थाना छांयसा, फरीदाबाद - मो.नम्बर- 9416633599**
**उ.नि. मोहित थाना छांयसा - 7206855413, थाना छांयसा - 0129-2209294**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की सोनम जोकि एसओएस बलराम ग्रीन फिल्ड कॉलोनी फरीदाबाद से दिनांक 15.10.2021 को समय 8:00 बजे शाम को अपनी मर्जी से चली गई। जिस पर मुकद्दमा न. 629 दिनांक 15.10.2021 धारा 363 भा.द.स. थाना सुरजकुण्ड फरीदाबाद में दर्ज रजिस्ट्रर कराया है जिसका हुलिया रंग सांवला, कपडे का रंग नीला, सफेद पेंट पहनी हुई है दाहिने हाथ में पीले रंग की पट्टी, बहरी व गुंगी है, कद 5 फिट 2 इंच उम्र 16 साल। जिस किसी भी व्यक्ति को मिले व पता चले तो निम्न लिखित नम्बर पर सूचित करें।

**चौकी इंचार्ज ग्रीन फिल्ड कालोनी - 9582200149**
**प्रबंधक अफसर थाना सुरजकुण्ड - 9582200127**

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लड़की प्रियंका पुत्री श्री राधे श्याम निवासी श्याम कॉलोनी नजदीक राधे-राधे मंदिर बल्लभगढ़ फरीदाबाद जोकि लापता है हुलिया रंग सांवला, लंबूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, कद 4 फिट 9 इंच, उम्र 15 साल, बाएं हाथ की पुस्त पर ओम गुदा हुआ है। दिनांक 06-10-21 यू/एस 363, आईपीसी थाना शहर बल्लभगढ़ फरीदाबाद। अगर किसी को इस लड़की के बारे कोई पता चले तो निम्न नंबरों पर सूचित करें।

**थाना शहर बल्लभगढ़ फरीदाबाद - 9540421101, 9582200132**

# बेटी बचाओ का नारा आज भी नहीं हुआ सार्थक

## नहर किनारे बंद थैले में मिली नवजात बच्ची

### पुलिस ने अज्ञात पर किया मामला दर्ज

**कविता।** फरीदाबाद

**बेशक** जिले में लिंगानुपात बढ़ गया है और कितने ही भ्रूण जांच केन्द्र बंद कर दिए गए हो, लेकिन सरकार द्वारा दिया गया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा सार्थक नहीं हो पाया है।

मंगलवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक बच्ची को बैग में डालकर नहर किनारे मरने के लिए छोड़ दिया। हालांकि नहर किनारे बैग में पड़ी बच्ची की किस्मत अच्छी निकली और वहां से गुजर रहे लोगों ने उसकी आवाज सुनकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे अस्पताल में इलाज को दाखिल करवा दिया है।


बीके अस्पताल की नर्सरी में भर्ती कराए शिशु का चिकित्सीय परीक्षण करती पुलिस।

मंगलवार को सेक्टर-25 स्थित गुरुग्राम नहर के किनारे कचरे के ढेर पर किसी अज्ञात ने बच्ची को बैग में डालकर फेंक दिया। बच्ची करीब दो से तीन दिन की बताई जा रही है।

बच्ची के रोने की आवाज वहां से गुजर रहे राहगीरों ने सुनी तो उन्होंने बैग खोलकर उसे बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दे दी। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को अपने कब्जे में ले लिया और उसे बीके सिविल अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में जांच के बाद उसे नर्सरी में भर्ती करवा दिया है। बच्ची फिलहाल पूरी तरह से ठीक है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सिरे नहीं चढ़ी पालना योजना

**नवजात** बच्चों का नालों और कूड़े के ढेर में फेंकने की घटनाएं शहर में पिछले लंबे समय से हो रही है। कई बार तो कूड़े के ढेर पर पड़े नवजात बच्चों को कुत्ते और अन्य आवारा जानवर नोंच कर मार चुके हैं। ऐसे नवजात बच्चों की जान बचाने के लिए सरकार ने कई साल पहले पालना योजना शुरू की थी। जिसके तहत बाल भवन में पालने भी लगाए गए थे। ताकि लोग बच्चों को फेंकने की बजाए यहां रख जाए, लेकिन जागरुकता के अभाव में यह योजना आज तक कामयाब नहीं हो पाई।

### फेंकने वालों पर नहीं होती कार्रवाई

**नवजात** बच्चों को फेंकने वाले लोगों का पहले तो पुलिस पता ही नहीं लगा पाती और यदि किसी तरह आरोपियों का पता लग भी जाता है तो उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ज्यादातर मामलों में पुलिस सिर्फ मुकदमा दर्ज कर अपना कर्तव्य पूरा कर लेती है। यदि पुलिस इन मामलों में गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करें तो इस तरह की घटनाएं रुक सकती हैं।

## नवनियुक्त प्राचार्य का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**फरीदाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हैड़ा खुर्द में नवनियुक्त प्रधानाचार्य रेणू शर्मा का गांव के गणमान्यों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य व गणमान्य लोग एक-दूसरे से रूबरू हुए और विद्यालय का संचालन बखूबी हो तथा देहात आंचल के बच्चों की शिक्षा का स्तर सुधरे व व्यवस्था सुचारू रूप से चले ऐसी आशा कर बेटियों में नैतिकता का विकास हो इस तरह की मंत्रणा प्रधानाचार्या से की गई। गांव के लोगों ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य रेणू शर्मा को भरोसा दिलाया कि हम हर तरह से विद्यालय की मदद के लिए हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर रहेंगे। प्रार्थना की आप विद्यालय के शिक्षा का स्तर बढ़ाकर प्रदेश में विद्यालय का नाम रोशन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### ईको ग्रीन के अधिकारियों की वार्ड कमिटी के साथ बैठक


ईको ग्रीन के जनरल मैनेजर संग बैठक करते पार्षद व लोग।

**फरीदाबाद।** लघु सचिवालय में मंगलवार को वार्ड 28 के कमिटी सदस्यों, पार्षद नरेश नंबरदार व वार्ड के नोडल ऑफिसर डीडीपीओ राकेश मोड़ की ईको ग्रीन कम्पनी फरीदाबाद के जनरल मैनेजर अनंत सुत्ता से मीटिंग हुई। जिसमें ईको ग्रीन के ठेकेदार धर्मेंद्र नागर, सैनिटेरी इंसपेक्टर जसराज, एमसीएफ दरोगा मदनलाल भी शामिल हुए। वार्ड 28 की ओर से अरुण यादव, विकास सिंह, विनोद, नितेश व अधिवक्ता सतिंद्र दुग्गल शामिल हुए। मीटिंग में जिन मुद्दों पर विचार किया गया व फैसले लिए गए उनमें कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों की संख्या, ठेकेदार व ईको ग्रीन की गाड़ियों की सही संख्या व उनकी मॉनिटरिंग, गाड़ियों में सूखा व गीला कूड़ा रखने की अलग-अलग व्यवस्था, खत्तों की संख्या व व्यवस्था, कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के रूट व टाइम-टेबल, कार्य क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से वार्ड का सबवॉर्ड में विभाजन, कूड़े का निस्तारण करने वाले स्थान का समय समय पर निरीक्षण शामिल थे।

### अब तक 23.78 लाख लोगों को लगा टीका: डॉ. गुप्ता


बीके में स्वास्थ्य कर्मी से टीका लगवाता जवाहर कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश।

**फरीदाबाद।** जिले में अब तक 2378349 लोगों को कोविड-19 के वायरस के बचाव के लिए दोनों डोज लगाए गए है। यह बात जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि नोवल कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के लिए टीकाकरण एक सशक्त माध्यम है। लोगों को कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए वैक्शीन की डोज निरन्तर लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद की जनता को बिना किसी डर के वैक्सीनेशन करवाना चाहिए। टीकाकरण से स्वास्थ्य पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता, कोविशील्ड व कोवैक्सीन का एक समान प्रभाव है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण कराने के लिए अब पहले की अपेक्षा ज्यादा उत्साह जिला में देखा जा रहा है। टीकाकरण के नोडल अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि जिले में मंगलवार को 10836 लोगों को डोज लगाई गई। जिसमें प्रथम डोज सरकारी में 2602 को और सैकेंड डोज 8018 लोगों को लगी। वहीं निजी अस्पतालों में प्रथम डोज 29 को और सैकेंड डोज 187 लोगों को लगाई गई। इसके साथ ही वैक्शीनेशन केंद्र पर स्पूतनिक वैक्सीन की दूसरी डोज भी लगाई जाएगी। स्पूतनिक वैक्सीन की दूसरी डोज के स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि इन सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर वॉक इन प्रक्रिया के तहत पहले आओ पहले लगवाओ के आधार पर कोरोना रोधी टीका लगाया जाएगा।

### जिले में चलाये नौ लीगल लिटरेसी कार्यक्रम


लीगल लिटरेसी कार्यक्रम के तहत जागरूक करते हुए।

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ राजन गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा राज्य के प्रत्येक जिले के अंदर व सब डिविजन लेवल पर आजादी का अमृत महोत्सव दो अक्टूबर 2021 से लेकर 14 नवंबर 2021 तक मनाया जा रहा है। अमृत महोत्सव के तहत पैनल एडवोकेट पैरा लीगल वालंटियर स्टूडेंट लीगल लिटरेसी क्लब एनजीओ अन्य संस्थाएं भाग ले रही है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद के चेयरमैन एवं जिला व सत्र न्यायाधीश यशवीर सिंह राठौर के आदेशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में नौ लीगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें दो घर-घर जाकर जागरुकता गांव सदपुरा व गांव रिवाजपुर में आयोजित किया गया। एक कार्यक्रम फंडामेंटल राइट्स के ऊपर, एक कार्यक्रम ट्रैफिक रूल्स ओमनी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। इसके अलावा एक कैंप कोविड-19 के ऊपर लगाया गया तथा लोगों को लीगल लिटरेसी बुक्स वह पंपलेट बांटकर लोगों को जागरूक किया गया। रविंद्र गुप्ता पैनल एडवोकेट ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा अमृत महोत्सव के तहत जिला फरीदाबाद के प्रत्येक व्यक्ति को कानूनी जानकारी वे कानूनी मैट्रियल वितरित किया जा रहा है। ताकि हमारे जिले का कोई भी व्यक्ति कानून की जानकारी के अभाव में अपने न्याय के अधिकार से वंचित ना रह सके।

### खेड़ीकला ने कबड्डी चैंपियनशिप कप पर किया कब्जा


टीम के साथ गणमान्य लोग।

**फरीदाबाद।** खेड़ी कला गांव में डिस्ट्रिक्ट जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मौके पर वशिष्ठ अतिथि जगवीर सिंह तेवतिया मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विजयपाल तेवतिया मौजूद रहे। प्रतियोगिता में फरीदाबाद शहर की 14 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम वर्ग के पहलवानों ने भाग लेते हुए मुकाबला किया। सभी मैच काफी दिलचस्प रहे, प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेड़ी कला और वाईएमसीए स्पोर्ट्स कंपलेक्स सेक्टर 17 फरीदाबाद के बीच हुआ। जिसमें खेड़ी कला ने 15 के मुकाबले 18 अंकों से जीत हासिल कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे खेल प्रेमी जगवीर सिंह तेवतिया ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन करना बहुत ही जरूरी है। आज खेलों का महत्व इतना बढ़ गया है की खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर ना केवल फ्यूचर बनाया जा सकता है, बल्कि अपने समाज शहर और देश का नाम भी रोशन किया जा सकता है।

# बुढ़ैना हत्याकांड के आरोपी ब्रह्मजीत के हत्यारे कोर्ट से बरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बहुचर्चित** बुढ़ैना हत्याकांड के मुख्य आरोपी ब्रह्मजीत की हत्या के मामले में शामिल राजू भाटी और स्वाति को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नाजर सिंह की कोर्ट ने मंगलवार को बरी कर दिया। मामला करीब साढ़े तीन साल से अदालत में विचाराधीन था।

### ये था मामला

**बहुचर्चित** बुढ़ैना हत्याकांड के मुख्य आरोपी ब्रह्मजीत का कंकाल 24 मार्च 2018 को पुलिस को होडल (पलवल) में राजीव के फार्म हाउस में 10 फुट जमीन खोदकर मिला था। इस केस में आरोपित राजीव भाटी मुनीरगढ़ी पलवल का निवासी है और प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। फरीदाबाद व गुरुग्राम में उसके कार्यालय भी थे। ब्रह्मजीत से उसकी पुरानी दोस्ती थी। राजीव की ब्रह्मजीत के गांव बुढ़ैना में ससुराल है। दोनों मिलकर प्रॉपर्टी खरीद फरोख्त का काम करते थे। वहीं जवाहर नगर कैंप पलवल निवासी स्वाति सेठी पिछले सात-आठ साल से राजीव के साथ काम करती थी। ब्रह्मजीत के परिजनों के अनुसार आरोपी ने 10 करोड़ की देनदारी से बचने के लिए हत्या की साजिश रची थी। वहीं पुलिस का कहना है कि राजीव को तीन-चार महीने पहले ब्रह्मजीत ने थप्पड़ मारा था। उसका बदला लेने के लिए उसने हत्या की थी। ब्रह्मजीत की हत्या के मामले में उसके जिगरी दोस्त व उसकी सहियोगी पर हत्या का आरोप लगा था। शव बरामद होने पर थाना सेंट्रल ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।


खुदाई कर ब्रह्मजीत के शव की तलाश का फाइल फोटो।

### मिलन वाटिका के पास से गायब

**27 फरवरी** को ब्रह्मजीत सेक्टर-11 मिलन वाटिका के सामने से लापता हुआ था। सीसीटीवी में वह राजीव भाटी की लाल रंग की ब्रेजा कार में बैठकर जाता दिखा था। ब्रहमजीत की हत्या के बाद शव दफना कर उन्होंने कार को जयपुर ले जाकर फूंक दिया था। वहीं जिस पिस्तौल से गोली मारी, उसे आगरा नहर में फेंक दिया था। तत्कालीन मिसिंग सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र रावल मामले की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान राजीव भाटी पर संदेह हो गया। हिरासत में पूछताछ की गई तो उसने सच उगल दिया था।

### हाईकोर्ट में याचिका

**कोर्ट** से बरी हुए अपराधियों के मामले में पीड़ित पक्ष के वकील यशवीर भडाना का कहना है कि इस केस में पुलिस की कार्यशैली और कोर्ट के फैसले पर पहले से ही शक था। उन्होंने इस मामले की शिकायत हाईकोर्ट में भी कर रखी है। कोर्ट का फैसला आने के बाद अब ऑर्डर कॉपी पढ़कर हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे।

### नहीं की हत्या

**बचाव** पक्ष के वकील प्रशांत यादव ने बताया कि कोर्ट में उन्होंने यह सबूत पेश किए ब्रह्मजीत की हत्या उनके दोनों मुवक्किलो ने नहीं की है। पुलिस भी इस केस में कोई खास सबूत नहीं पेश कर सकी है। उन्हें फर्जी केस बनाकर फंसाया गया। वहीं उन्होंने कोर्ट में इस बात के सबूत भी पेश किए थे कि पुलिस को ब्रह्मजीत का शव पहले ही बरामद हो गया था।

# गली में कूड़ा करकट फेंकने पर होगा जुर्माना : यशपाल


नगर निगम के आयुक्त यशपाल बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**फरीदाबाद।** एमसीएफ के आयुक्त यशपाल ने कहा कि एनसीएफ द्वारा स्वच्छता अभियान की समीक्षा पोर्टल पर निरंतर की जा रही है। इसके लिए सरकार ने ऑनलाइन पूरी व्यवस्था की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा निरंतर की जाएगी।

कर्मचारियों द्वारा आम लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। अब जो लोग स्वच्छता अभियान के विरुद्ध काम करेंगे उनके खिलाफ जुर्माना भी लगाना सुनिश्चित किया गया है और जो भी जुर्माना लगाया जाएगा उसकी 100 फीसदी रिकवरी भी की जाएगी। आयुक्त यशपाल ने यह निर्देश लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सभी वार्डों के नोडल अधिकारियों को दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं पोर्टल पर फरीदाबाद की स्वच्छता अभियान की समीक्षा कर रहे हैं और मुख्यमंत्री इस बारे गंभीर भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड नोडल अधिकारी के साथ कनिष्ठ अभियंता को सहायक के तौर पर स्वच्छता अभियान में जोड़ा गया है। अब सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने वार्डों में जनप्रतिनिधियों से मिलकर ग्राउंड लेवल पर कार्य करें। प्रत्येक वार्ड सदस्य को इसमें शामिल करें और स्वच्छता अभियान को सफल बनाने और क्लीन फरीदाबाद बनाने में हर घर के हर नागरिक को हर नागरिक को भागीदार बनाएं।

यशपाल यादव ने कहा कि मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन, आरडब्लूए सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों और एनजीओ सहयोग लेकर क्लीन फरीदाबाद बनाने में कोई कोर कसर ना छोड़ें।

## डेंगू के चार नए मामलों से कुल पॉजिटिव 173

**फरीदाबाद।** जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के चार नए मामलों की पुष्टि की है। डेंगू संक्रमितों की संख्या 173 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग अब एंटीलार्वा एक्टिविटी के अलावा पोस्टर व बैनर के जरिये जागरूकता अभियान चलाएगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग ने उन सभी जगहों पर पोस्टर व बैनर लगाना शुरू कर दिए हैं, जहां से अधिक संख्या में लोग आवागमन करते हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम 18 जगहों पर बैनर लगा चुका है। इन जगहों में एआइटी स्थित बस स्टैंड, एसजीएम नगर, सेक्टर-21डी, सूरजकुंड डिस्पेंसरी,सेक्टर-30, पल्ला, ऐतमादपुर, भारत कालोनी, खेड़ीकलां, फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, सामान्य अस्पताल बल्लभगढ़, बस स्टैंड बल्लभगढ़, रेलवे स्टेशन बल्लभगढ़, सेक्टर-55, सारन चौक, न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर बैनर व पोस्टर लगाए गए हैं।

# इलाज के दौरान किशोरी की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

### चिकित्सक बोली : रुक-रुक कर चल रही थी सांस, लाइफ सेविंग ही दी थी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बीके** अस्पताल में नस न मिलने पर एक मरीज को बार-बार इंजेक्शन लगाने के प्रयास और लगने के तुरंत बाद एक बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। मृतक बच्ची की मां ने अस्पताल के कम्पाउंडरों पर लापरवाही से इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बच्ची की मौत के बाद नर्स ने कम्पाउंडर को डांट लगाई कि जब इंजेक्शन नहीं लग रहा था, तो लगाया ही क्यों।

वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि लाइफ सेविंग इंजेक्शन लगाने के बाद दूसरा इंजेक्शन लगाने की तैयारी की जा रही थी कि बच्ची की मौत हो गई। बच्ची पहले ही अस्पताल में देरी से आई थी। परिजनों ने बाद में शिकायत देने से इनकार कर दिया।


बीके अस्पताल में बच्ची की मौत के बाद विलाप करती मां।

### ये है पूरा मामला

**डबुआ** कॉलोनी निवासी 15 वर्षीय निशा को उसकी मां दौरे पड़ने कारण बीके अस्पताल में लेकर पहुंची थी। अपातकालीन कक्ष में निशा को चिकित्सक ने इंजेक्शन लिख दिए। वहां मौजूद कुछ स्वास्थ्य कर्मियों ने निशा को इंजेक्शन लगाने शुरू कर दिए। लेकिन किसी से भी इंजेक्शन नहीं लगा। अंत में एक कम्पाउंडर आया और निशा को इंजेक्शन लगाने का प्रयास करने लगा। करीब तीन चार बार लगाने के बाद इंजेक्शन लग गया, लेकिन इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही निशा की मौत हो गई। मां ने निशा की मौत का जिम्मेदार कम्पाउंडर को बताया है। आरोप है कि बच्ची कि मौत के बाद पहुंची स्टाफ ने भी कम्पाउंडर को गलत इंजेक्शन लगाने के लिए डाटा था। उनका आरोप है कि निशा की मौत गलत इंजेक्शन की वजह से हुई है। वहीं इस घटना के बाद आरोपी कम्पाउंडर और नर्स कोई भी उन्हें नहीं मिला।

### सांस लेने में थी दिक्कत

**अस्पताल** की पीमएओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि वह अवकाश पर है। चिकित्सक से पूछताछ करने पर पता चला कि अपातकालीन कक्ष में डॉ. स्मृति धामी की ड्यूटी थी। उन्होंने जांच के बाद बच्ची को तुरंत लाईफ सेविंग इंजेक्शन लगाने के निर्देश दिए थे। क्योंकि बच्ची की सांस रूक-रूक कर चल रही थी। दूसरा इंजेक्शन निकाला ही था कि तभी बच्ची की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में मरीज की नस कई बार नहीं मिलती। उन्होंने बताया कि कम्पाउंडर ने नहीं, नर्स ने इंजेक्शन लगाया था। वहीं अस्पताल की तरफ से जब यह बात मरीज के तीमारदारों को बताई गई तो उन्होंने कोई शिकायत न देते हुए माफी मांग ली।

## जन्माष्टमी पर हुई युवक की हत्या के आरोप में पांच गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने गांव सोतई में झगड़े के दौरान हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पांच आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है। गिरफ्तार आरोपी चन्द्रभान, सूर्यदेव, योगेश कुमार और लेखराज उर्फ लेखू फरीदाबाद के गांव सोतई के रहने वाले है और आरोपी रोहित सोहना रोड पलवल का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि 31 अगस्त 2021 को गांव सोतई में जन्माष्टमी पर्व वाले दिन दही मटकी फोड़ने को लेकर दो पक्षों में आपस में झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो गई थी। जिस पर आरोपी के खिलाफ मामला थाना सदर बल्लभगढ़ में हत्या, मारपीट, जान से मारने की धमकी के तहत दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले में 4 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। क्राइम ब्रांच पुलिस टीम ने बताया कि मामले की जांच कर रही क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर उपरोक्त एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियो से 5 लकडी के डंडे बरामद किये गये है। आरोपियो को आज पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है।

# हार्डवेयर से पेट्रोल पम्प तक सड़क निर्माण में तेजी


नवनिर्मित सड़क का दौरा करते बीआर भाटिया।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**औद्योगिक** क्षेत्र के लिये घोषित 119 करोड़ की इंफ्रास्ट्रक्चर योजना एवं जमीन पर भी नजर आने लगी हैं। हार्डवेयर चौक से सेक्टर 22 (पेट्रोल पम्प) तक बनने वाली सड़क का कार्य जोर-शोर से चल रहा है।


फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान बीआर भाटिया ने मंगलवार को सड़क बनाने वाली फर्म आरके गांधी के मालिक राजकुमार गांधी के साथ कार्यस्थल का दौरा किया और निर्माण कार्य पर संतुष्टि व्यक्त की। राजकुमार गांधी ने विश्वास दिलाया कि सड़क का निर्माण कार्य जल्दी खतम कर जनता के लिये खोल दिया जाएगा। सड़क के निर्माण की विशेषता यह कही जा सकती है कि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के कथनानुसार सड़क कार्य अपने नियम अनुसार ही चल रहा हैं।

# विद्यार्थी भुगत रहे अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में पिछले पांच सालों से सरकारी स्कूलों की मरम्मत कराने और कमरे बनाने का एस्टीमेट ही नहीं भेजा गया है। जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। स्कूलों की हालत ऐसी हो गई है, कि आज उनमें पढ़ाई करने वाले छात्रों को अपनी जान जोखिम में यहां बैठने को मजबूर होना पड़ता है।

जानकारी के मुताबिक मौलिक निदेशालय विजय कुमार यादव ने पिछले दिनों फरीदाबाद आकर मौजूदा जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आनंद सिंह को इन कार्यों को करने के लिए एस्टीमेट भेजने को कहा। आनंद सिंह ने 33 स्कूलों के लिए करोड़ों रुपये का एस्टीमेट बनाकर भेज दिया है। दरअसल जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा में कर्मचारी व अधिकारियों में आपसी खींचतान रहती है। पिछले कई सालों से जो भी अधिकारी यहां पर आए, उन्होंने गुट बनाकर रंजिश की भावना से काम किया। इसका खामियाजा यहां के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। इसी कड़ी में डिप्टी सुपरिडेंट दीपक कुमार फर्जी डिग्री के मामले में बर्खास्त हुआ था। उठापटक में पूर्व में रहे जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा लगे रहे और स्कूलों की ओर ध्यान नहीं दिया। इस कारण स्कूलों की ओर ध्यान नहीं दिया गया।


खस्ता हालत में मेवला महाराजपुर स्थित सरकारी स्कूल।

स्कूलों में बिल्डिंग बनवाने, पुरानी बिल्डिंग में मरम्मत कराने का काम या फिर शौचालय बनाने का काम जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा के अधीन है। बताते हैं कि पांच साल से इन कार्यों के लिए यहां से कोई एस्टीमेट नहीं भेजा गया है। इस कारण इमारत की कमी के कारण विद्यार्थियों को बैठने में परेशानी होती है।

### यह बनाया एस्टीमेंट

**आनंद** सिंह ने बताया कि उन्होंने 33 स्कूलों में कार्य कराने के लिए एस्टीमेट बनाकर भेजे हैं। इनमें 26 प्राइमरी व मिडिल स्कूलों के लिए 10644827 रुपये का एस्टीमेट भेजा है, जबकि 106 नए कमरों के लिए 11 करोड़ 85 लाख रुपये का बजट भेजा है। 26 स्कूलों में भी नए कमरे बनाने की प्लानिंग हैं।

### मरम्मत की जरूरत

**आनंद** सिंह, जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि 33 वे स्कूल हैं, जिनमें छात्र संख्या बहुत अच्छी है। वहां कमरों की मरम्मत कराने की जरूरत है और कमरे बनाने भी जरूरी हैं। कमरे बनने से विद्यार्थियों को सहूलियत होगी। असल में पांच सालों से एस्टीमेट ही नहीं भेजे गए। हमारा प्रयास स्कूलों में कार्य कराने का रहेगा।

**ADVANCED INSTITUTE OF PHARMACY**
70km, Delhi-Mathura Road, NH-2, Palwal -121105
Tel: 01275-298300-301, 8930502222 | www.advanced.edu.in
(Approved by AICTE, PCI, HSBTE & Pt. B.D. Sharma UHS, Rohtak)

**ADMISSION NOTICE (2021-22)**
For Management / Leftover / EWS / TFW / Vacant Seats
For B.Pharmacy & B.Pharmacy (LEET)
Eligibility: As prescribed by PCI/HSBTE/HSTES

| Courses | B. Pharmacy (2nd Counseling/ B. Pharmacy (LEET) |
|---|---|
| Last Date of Registration | 20.10.2021 to 21.10.2021 |
| Display of Merit list | 22.10.2021 upto 11:00 AM |
| Counseling and Reporting | 22.10.2021 to 23.10.2021 12:00 PM upto 04:00 PM |

**PUBLIC NOTICE**

## 1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी

## भारत आकर 30 गज के टैंट में रहकर किया था गुजारा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**पाकिस्तान** में थे तब मौज का जीवन जी रहे थे। किसी तरह की चिंता ना थी। हर परिवार साधन संपन्न था। आपसी वैर भाव दूर-दूर तक नहीं था। अगस्त 1947 का महीने सबके लिए संकट लेकर आया। दो देश भारत-पाकिस्तान बने तो लोगों का जीवन ही बदल गया। यह कहना है कि पाकिस्तान से भारत आए मोतीराम मल्होत्रा पुत्र गोकल चंद मल्होत्रा का।

मोतीराम मल्होत्रा बताते हैं कि उनकी पैदाइश पश्चिमी

### भारत-पाकिस्तान विभाजन के समय की मोतीराम मल्होत्रा ने सुनाई दास्तां

पाकिस्तान के जिला मियांवाली तहसील बक्खर गांव पीर साहब में हुई। उनका जन्म 10 अगस्त 1933 को हुआ था। बंटवारे के समय वे 14 साल के थे। जिस उम्र में अच्छी शिक्षा हासिल करके जीवन में कामयाबी होने के सपने देखे जाते हैं। उस उम्र में उन्हें बंटवारे का दंश झेलना पड़ा। यह बहुत बड़ी पीड़ा थी। जब बंटवारा


मोतीराम मल्होत्रा।

हुआ तो वे लोग भी दुश्मन हो गये, जिनके साथ एक थाली में खाना होता था। मोतीराम के मुताबिक किसी तरह अपनी जान बचाकर उनका परिवार गांव से तहसील बक्खर जिला मियांवाली में पहुंचे। वहां से भारत पहुंचने की योजना बनी। भारत सुरक्षित पहुंचना परिवार के लिए बहुत बड़ी चुनौती था। सैनिकों ने भी बहुत मदद की। किसी तरह से पाकिस्तान से निकलकर भारत पहुंचने के लिए निकले। रास्ते में कठिनाई बहुत आई। जान पर सांसत बनी, लेकिन उनकी अच्छी किस्मत थी कि वे सुरक्षित भारत पहुंच गये।

### गुरुग्राम में शरणार्थी बनकर रहे

**भारत** आने के बाद वर्ष 1948 में उन्हें सिविल लाइन गुरुग्राम में टैंट में स्थान मिला। यहां वे शरणार्थी बनकर रहे। बुजुर्गों ने यहां पहुंचकर जी-तोड़ मेहनत की। मांगकर मुफ्त का खाने की बजाय उन्होंने श्रम करके गुजारा किया। अपनी पीढ़ियों को भी यही सिखाया। उन बुजुर्गों की मेहनत की बदौलत अगली पीढ़ियों ने यहां शिक्षा हासिल की। उस शिक्षा की बदौलत नौकरियां मिलीं। बहुतों ने अपना बिजनेस शुरू किया। अब तीसरी और चौथी पीढ़ियां कामयाबी की वह सीढ़ी चढ़ चुकी हैं, जो हर किसी की किस्मत में नहीं होती। हर क्षेत्र में आज पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए लोगों की अगली पीढ़ियों का बोलबाला है।

## पंजीकरण कराएं दिव्यांगजन

**गुरुग्राम।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं, ताकि वे अपने दैनिक जीवन में किसी तरह की बाधा ना मानें। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी शाखा हरियाणा के महासचिव डीआर शर्मा, उपायुक्त गुरुग्राम डा. यश गर्ग के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि दिव्यांगजनों को बैट्री चलित रिक्शा, कृत्रिम अंग, बैसाखी, तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, कानों की मशीन आदि प्रदान की जाती है। जो भी दिव्यांग यह सुविधाएं लेना चाहते हैं, उन्हें इसके लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

# कृषि पर्यटन की तरफ भी देना होगा ध्यान : प्रो. राम सिंह

### कृषि पर्यटन केंद्रों से ग्राम्य व शहरी जीवन को संदेश देना जरूरी

### अपनी पौराणिकता से अनजान है आधुनिक पीढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जैसे-जैसे** हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारी पौराणिकता पीछे छूटती जा रही है। ऐसे ही अपनी परम्पराओं, पौराणिकता को अगर हम दूर करते रहे तो एक दिन यह सब हमसे बहुत दूर हो जाएंगी। ऐसे में ग्रामीण एवं शहरी युवाओं को कृषि प्रधान देश के जीवन के सभी क्षेत्रों में पारंपरिक और आधुनिक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र से परिचित कराने की सख्त जरूरत है। यह कहना है प्रो. राम सिंह (पूर्व, निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन और पूर्व, प्रमुख, कीट विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार) का।

कला, संस्कृति का गूढ़ ज्ञान रखने वाले प्रो. राम सिंह कहते हैं कि करीब चार दशकों से ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र से शहरी वातावरण में जन शक्ति का बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। ज्ञान-आधारित सूचना प्रौद्योगिकियों के संयोजन में कृषि प्रौद्योगिकियों में ग्रामीण भौतिक प्रथाओं का बड़े पैमाने पर मशीनीकरण के लिए परिवर्तन शुरू चुका है। प्रो. सिंह वर्ष 1960 के मध्य से 2021 तक दोनों ग्रामीण और शहरी कृषि पर्यावरण के साक्षी हैं।

हमारे कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने, बदलने और वर्तमान समाज में एकीकृत करने के लिए कृषि पर्यटन एक अच्छा विकल्प है। प्रो. सिंह ने आधुनिक पीढ़ी के युवाओं में कृषि सामग्री की जानकारी और ज्ञान की कमी पर कुछ प्रकाश डाला है। डा. सिंह का कहना है कि आज की पीढ़ी ना तो पशुओं में भी भेद बता सकती हैं और ना ही वह पौधों व बीजों का अंतर जानती है। इतनी ही नहीं, जमीन के नीचे जड़ में व ऊपर पौधों में क्या लगता है, देसी खान-पान की चीजों के नाम, पक्षी और कृषि यंत्रों के नाम भी आज के युवाओं, बच्चों को नहीं पता।


हरियाणा में खेतों में हल चलाता किसान और घर में दूध बिलोती महिला। ( 10 साल पहले की तस्वीरें )। इंसेट में प्रो. राम सिंह।

### 1970 से पहले होती थी जैविक व टिकाऊ खेती

**प्रो. राम** सिंह के मुताबिक वर्ष 1970 से पहले देश में हर जगह जैविक और टिकाऊ खेती होती थी। वर्तमान समय में बढ़ती मानव आबादी की खाद्य आवश्यकता को पूरा करने के लिए कृषि पद्धतियां अत्यधिक उत्पादक लेकिन एक स्तर बनाए रखने के लिए अपर्याप्त हैं। बैलों द्वारा की गई खेती टिकाऊ खेती थी और ट्रैक्टर द्वारा की हुई खेती पृथ्वी का दोहन करने वाली खेती है। प्रो. सिंह का कहना है कि यदि मानव जाति अपना कर्तव्य करने में विफल रहती है तो प्रकृति अपना संतुलन खुद बना लेगी। यह कथन न तो दार्शनिक है और न ही अव्यावहारिक, बल्कि एक कड़वा सत्य है।

### संस्कृति से जुड़े शब्दों, सामग्रियों की है प्रासंगिकता

**मानव** जाति की स्थिरता कायम रखने को हमारी संस्कृति से जुड़े सभी शब्दों और सामग्रियों की आज भी बहुत प्रासंगिकता है। सभी शब्द और सामग्रियां कम लागत और टिकाऊ कृषि के लिए आवश्यक हैं। प्रो. राम सिंह का सुझाव है कि एक से दो हेक्टेयर सरकारी भूमि पर कम से कम हर 15 किलोमीटर के दायरे में गांवों के समूहों में कृषि पर्यटन केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि फसलों और सामग्रियों से हमें एकीकृत ग्रामीण पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र का वास्तविक अर्थ समझने में मदद मिले। उचित योजना बनाकर ये कृषि पर्यटन केंद्र आत्मनिर्भर बन सकते हैं। पूरे राज्य में एक या दो केंद्र जनता को शिक्षित करने के लिए घोर अपर्याप्त हैं। प्रो. राम सिंह की राय में आधुनिक इंसान को इच्छाओं और जनसंख्या पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है।

# हथियारबंद दो बदमाशों ने दिन दहाड़े लैब से मोबाइल और नकदी लूटी


सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एसीपी संदीप मलिक व एसएचओ राजेश कुमार। इंसेट में सीसीटीवी फुटेज।

**सोहना।** सोहना की मंडी में दिन दहाड़े हथियारबंद दो बदमाश लैब से 15 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूटकर ले गए। दिन दहाड़े हुई लूट से शहरवासियों में डर का माहौल है। सूचना मिलते ही लैब पर सिटी थाना प्रभारी और एसीपी पूरी टीम के साथ पहुंच गए।

मंगलवार दोपहर बाद एक बजकर 40 मिनट पर दो नकाबपोश बदमाश हथियारों से लैस होकर अनाज मंडी में स्थित अरोड़ा लैब पर पहुंचे। दोनों बदमाश कैस काउंटर पर बैठे प्रवीण राठौड़ के पास पहुंचे और उससे एक बदमाश ने मोबाइल छीन लिया। दूसरे ने हथियार दिखाते हुए प्रवीण से काउंटर में रखी नकदी मांगी। अपनी जान आफत में देख प्रवीण ने करीब 15 हजार रुपये निकाल कर दे दिए। उसी समय दूसरे बदमाश ने प्रवीण की तरफ आ रहे लैब कर्मचारी रोहित को हथियार दिखाते हुए उसे वहीं रोक दिया। बदमाश 4 से 6 मिनट में लूट को अंजाम देने के बाद पैदल ही भाग गए। लूट होने पर प्रवीण ने पहली मंजिल पर बैठे मालिक राजेश आरोड़ा को सूचना दी। राजेश अरोड़ा ने बताया कि दो दिन से लैब पर अल्ट्रासाउंड का डॉक्टर छुट्टी पर होने के कारण टेस्ट नहीं हुए थे। जिसके कारण आज कैस कम था। सूचना मिलने पर सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार और एसीपी संदीप मलिक अपनी-अपनी टीम के साथ पहुंच गए। सीआईए पांच पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने लैब पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। एसीपी संदीप मलिक ने बताया कि पुलिस जल्द ही बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान


नगर परिषद के कर्मचारियों ने दुकानों के आगे से उठाया गया सामान।

**सोहना।** नगर परिषद ने मंगलवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान को ट्रैक्टर-ट्राली में भर ले गए। परिषद की टीम देखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदार और व्यापारियों में हड़कंप मच गया। करीब डेढ़ माह पहले एसडीएम का कार्यभार संभालने वाले जितेन्द्र कुमार गर्ग ने प्राथमिकता के आधार पर शहर को अतिक्रमण से मुक्त करने को कहा था, लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों को एसडीएम के आदेशों को अमलीजामा पहनाने में डेढ़ माह का समय लग गया। आखिर परिषद में अतिक्रमण के खिलाफ हर दिन अभियान चलाने के लिए गठित की गई छह सदस्यी टीम ने अभियान शुरू कर दिया। परिषद ने अपने कार्यालय से लेकर बस स्टैंड मार्ग, बाईपास चौक होते हुए अग्रसेन चौक वापस पुराने लेबर चौक पर पहुंची। नगर परिषद की टीम देख सड़क पर सामान रखकर बैठे दुकानदारों ने समेटना शुरू कर दिया। सड़कों पर खड़े ठेला व रेहड़ी वाले भागते नजर आए। पटरी पर बैठे दुकानदार अपने सामान को कपड़ों में बांधकर उठा ले गए। नगर परिषद की टीम ने साथ चल रहे अपने ट्रैक्टर ट्राली में सड़क पर रखे सामान को जब्त कर लिया। जिसमें राशन के कट्टे, कपड़े, बोर्ड आदि शामिल थे। जिन्हें वापस दुकानदारों को नहीं लौटाया गया। परिषद के सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ हर दिन अभियान चलेगा। अतिक्रमण को किसी भी सूरत में जमने नहीं दिया जाएगा।

### सोहना में डेंगू का प्रकोप, कीवि और नारियल की कीमतें बढ़ीं


सोहना में फलों की दुकान पर रखे कच्चे नारियल।

**सोहना।** डेंगू, मलेरिया और मौसमी बुखार के रोगी दिन प्रति दिन बढ़ रहे हैं। जिसके चलते बाजार में कच्चा नारियल, कीवि और पपीता की कीमतों में तेजी आ रही है। क्षेत्र में मौसमी बुखार के साथ-साथ मलेरिया और डेंगू के प्रभावित रोगियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे में रोगी के उपचार के साथ-साथ कच्चा नारियल का पानी, कीवि, सेब, पपीता आदि फल खिलाने की डॉक्टर सलाह दे रहे हैं। जिससे रोगी को जल्द से जल्द फायदा हो सके, लेकिन फलों की मांग बढ़ने के साथ-साथ उनकी कीमतें भी बढ़ रही हैं। गरीब, मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति अपने घर में मरीज को फल खिलाने में संकोच कर रहा है। फल बिक्रेता सुभाष का कहना है कि कच्चा नारियल उन्हें 55 रुपये का मिल रहा है। वह मात्र 5 रुपये अपनी मजदूरी लेकर बेच रहे हैं। कीवि 35 रुपये पीस आ रहा है। जिसे दुकानदार 40 और 45 रुपये में बेच रहा है। रामप्रकाश का कहना है कि फलों की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं, लेकिन क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते रोगी के कारण कच्चे नारियल की मांग अधिक हो रही है। एक दिन में वह 45 से 50 कच्चे नारियल बेच रहा है। जबकि डेढ़ माह पहले तक एक दिन में 15 से 20 कच्चे नारियल ही बिकते थे। फल दुकानदार नारायण का कहना है कि फलों की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जिसके कारण वह एक दिन में 20 से 25 किलो ही फल बेच रहा है। जिससे उसका एक दिन की मजदूरी नहीं निकल रही है। केले की कीमतें कम हैं लेकिन उसका ग्राहक कम आ रहा है।

### दमदमा झील में 16 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत


किशोर मोहित की फाइल फोटो।

**सोहना।** दमदमा झील में नहाने के दौरान 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। गोताखोरों ने मशक्कत के बाद 48 घंटे के बाद शव बरामद किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। भोंडसी की मारुति कुंज कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय मोहित रविवार को अपने दो दोस्तों के साथ दमदमा झील में नहाने गया था। मोहित के दो अन्य दोस्त शराब पीने के आदी थे। उसके दोस्त मोहित को मारुति कुंज से पहले सोहना गाड़ी की सर्विस कराने की कहकर आये थे। बाद में मोहित को उसके दोस्त दमदमा झील में नहाने के लिए लेकर पहुंच गए। मोहित झील में कब डूब गया था। इसकी जानकारी दोनों दोस्तों को भी नहीं पता चली और वे मोहित को अपने साथ लिए बिना नशा में अपने-अपने घर चले गए। मोहित के घर न पहुंचने पर उसके परिजनों ने उसकी तलाश की। मोहित के पिता प्रवीण कोशिक ने बताया कि पहले तो उन्होंने मारुति कुंज पुलिस चौकी में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद सोहना सदर थाना में सोमवार को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मोहित के झील में डूबने के इरादे से सोमवार को गोताखोरों की मदद से तलाश किया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह मोहित का शव ग्रामीणों ने झील में तैरता देखा। जिसकी सूचना उन्हें दी। मंगलवार को मौके पर जाकर शव कब्जे में लिया। मृतक के परिजन मोहित की हत्या किए जाने की आशंका जता रहे हैं, लेकिन सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा पुलिस को ऐसी कोई शिकायत नहीं दी है।

### शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मेरठ यूपी की टीम रही प्रथम


बॉलीवॉल प्रतियोगिता में अव्वल आने वाली टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।


**होडल।** स्थानीय रोहता पट्टी में आयोजित दो दिवसीय शूटिंग वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। आयोजित टूर्नामेंट में लगभग दो दर्जन टीमों ने भाग लिया जिनमें मुख्य रूप से तिगांव, झाड़सेतली, पलवल, आदर्श क्लब होडल प्रथम व आदर्श क्लब होडल द्वितीय, भरतपुर राजस्थान, अलवर, बेढम, बोरखेड़ा (राजस्थान), मेरठ, मथुरा (यूपी) ने भाग लिया। टूर्नामेंट की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर की। आयोजित टूर्नामेंट में मेरठ (यूपी) टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आदर्श क्लब होडल प्रथम ने द्वितीय स्थान जबकि आदर्श क्लब होडल द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को 11000 हजार रुपये का नगद पुरस्कार व ट्रॉफी से सम्मानित किया। जबकि द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 7100 रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई वही तृतीय व चतुर्थ स्थान पर आने वाली टीमों को भी 2100-2100 नगद पुरस्कार व ट्रॉफी से सम्मानित किया। आदर्श क्लब होडल के प्रधान अमर सिंह व कोच नत्थी सिंह ने बताया आपसी खेल भावना बढ़ाने के लिए इस तरह के टूर्नामेंटों का आयोजन किया जाना जरूरी है। टूर्नामेंट के समापन पर मुख्य अतिथि के तौर पर ओमी पांचाल व वीरेंद्र सिंह ने सभी टीमों को नगद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में बेस्ट नेटर का अवार्ड लाला व बेस्ट शूटर का अवार्ड करण सिंह को दिया गया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण को निगम नियुक्त कर रहा ब्रांड एम्बेसडर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके तहत विशेष क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को ब्रांड एम्बेसडर बनाना भी शुरू कर दिया गया है, ताकि वे आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करें और शहर को स्वच्छता में बेहतर स्थान पर लाने में भूमिका निभाएं।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा हरियाणवी सिंगर मन्नू दवन (एमडी), नागरिक अस्पताल गुरुग्राम की पंचकर्म विशेषज्ञ डा. गीतांजलि अरोड़ा तथा सामाजिक कार्यकर्ता प्रिया राव को स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत वॉकल फॉर लोकल ब्रांड एम्बेसडर की भूमिकाएं भी निर्धारित की गई हैं। इनमें मासिक


सिंगर मन्नू दवन, डॉ. गीताजंलि अरोड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रिया राव।

आधार पर स्वच्छ भारत मिशन की टीम के साथ बैठक में सहभागिता और गतिविधियों के आयोजन के लिए सुझाव एवं परामर्श देना, वार्ड स्तर पर स्वच्छता विषय पर आयोजित गतिविधियों का आयोजन करना, श्रमदान कार्यक्रमों, गार्बेज रन, स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रमों में भागीदारी, दूसरे व्यक्तियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना, कचरा अलगाव के प्रति जागरुकता फैलाना, होम कंपोस्टिंग, स्वच्छता एप आदि के उपयोग एवं 3आर सिद्धांतों के बारे में जनसमुदाय को जागरूक करना आदि शामिल हैं।

# विधायक सुधीर सिंगला ने सिटीजन पार्क में किया योगा सेंटर का उद्घाटन

### रोटरी क्लब ऑफ साउथ सिटी गुड़गांव ने सेंटर में लगवाया साउंड सिस्टम

### समाजसेवा के लिए लोगों को विधायक ने किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-15 पार्ट-2 के सिटीजन पार्क में योगा सेंटर का उद्घाटन मंगलवार को किया। कार्यक्रम विजय रतन विहार सोसायटी के सामुदायिक केंद्र में किया गया। इस दौरान सिटीजन पार्क एसोएिशन की मांग पर रोटरी क्लब ऑफ साउथ सिटी गुड़गांव की तरफ से साउंड सिस्टम भी लगवाया गया।


गुरुग्राम की विजय रतन विहार सोसायटी के सामुदायिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि रोटरी क्लब सामाजिक कार्यों में सदैव आगे रहता है। उन्होंने क्लब की टीम को बधाई देते हुए कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में ऐसे ही काम करते रहें। कोरोना काल में जरूरतमंदों को हर सहायता क्लब ने उपलब्ध करवाई। उन्होंने समाजसेवी संगठनों का आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्र में वंचित लोगों की सहायता में सदा लगे रहें। विधायक ने कहा कि वे सिटीजन पार्क एसोसिएशन, विजय रतन विहार सोसायटी, सेक्टर-15 पार्ट-1, पार्ट-2 समेत अन्य क्षेत्रों में जब भी उनकी जरूरत होगी, वे सदैव खड़े मिलेंगे। भले ही यह क्षेत्र बादशाहपुर विधानसभा में हों, लेकिन वे इन्हें भी अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं।

इस कार्यक्रम में पार्षद सुभाष सिंगला ने कहा कि हम सब मिलकर शहर को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। रोटरी क्लब ऑफ साउथ सिटी के प्रधान गजेंदर गुप्ता ने कहा कि समाजसेवा में क्लब सदैव अग्रणी रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक धीरज गुप्ता, प्रवीन शर्मा, राजबाला शर्मा, भारती गुप्ता, रोटरी क्लब के सचिव गौरव मंगला, प्रिंस मंगला, ईश्वर मित्तल, मनदीप किशोर गोयल, अमित गोयल, जोगिंद्र सिंह, विकी बंसल, गगन बंसल, अनिल गुप्ता, विकास गुप्ता, आशीष गुप्ता, सतीश गुप्ता, दीपक मंगला, एसएस पठानिया, नरेंद्र सिंह रांगी समेत कई समाजसेवी मौजूद रहे।

# स्वच्छता में अव्वल आने को ननि तैयारियों में जुटा

### निगमायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्वच्छ** सर्वेक्षण-2022 के लिए नगर निगम गुरुग्राम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 की तैयारियों में जुट जाएं। सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों की पालना में गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतरीन शहर बनाने की दिशा में कार्य करें।

सेक्टर-39 स्थित नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक में निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा निर्धारित स्थानों के अलावा अन्य जगहों पर कचरा डालने वालों पर कार्रवाई के लिए सहायक सफाई निरीक्षकों के नेतृत्व में


स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

सुपरवाईजरों की 9 टीमें गठित की जाएंगी। ये टीमें इधर-उधर कचरा डालने वालों की गाड़ियों को इंपाऊंड करने के साथ ही उल्लंघनकर्ताओं पर जुर्माना भी लगाएंगी। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों, सड़कों के आसपास पड़े कचरे को उठाने की जिम्मेदारी भी इन्हीं टीमों की होगी। निगमायुक्त ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ट्रांसफर स्टेशन पर सेग्रीगेटिड कचरा पहुंचे। अगर कोई भी वाहन बिना सेग्रीगेट किए कचरा डालता है, तो उसका चालान किया जाएगा, चाहे वह वाहन इकोग्रीन एनर्जी का हो या अन्य किसी एजेंसी का। निगमायुक्त ने कहा कि गठित 9 टीमें सार्वजनिक स्थानों, मार्केट क्षेत्रों एवं डस्टबिन की सफाई करवाना भी सुनिश्चित करेंगी तथा पॉलीथीन के उपयोग पर भी अंकुश लगाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी। इस पूरी प्रक्रिया की जवाबदेही वरिष्ठ सफाई निरीक्षक ऋषि मलिक की होगी तथा वे प्रतिदिन निगमायुक्त को इस बारे में रिपोर्ट भी देना सुनिश्चित करेंगे। निगमायुक्त ने कहा कि सेक्टर-39 कार्यालय में गुरुवार तक सेनीटेशन कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए। इसके लिए उन्होंने डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव को जिम्मेदारी सौंपी। निगमायुक्त ने यह भी कहा कि कोई भी डस्टबिन या खत्ता खुला नहीं होना चाहिए। इसे कवर करें व सफाई सुनिश्चित करें, ताकि कचरा दिखाई ना दे। बैठक में निगमायुक्त ने महिला स्वच्छता सैनिकों को सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलवाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही बल्क वेस्ट जनरेटरों तथा होम कंपोस्टिंग पर फोकस करने के लिए कहा। उन्होंने अवैध मीट शॉप को बन्द करवाने तथा बागवानी कचरे के समयबद्ध उठान एवं निस्तारण के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

### स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में होंगे 7500 अंक

**बैठक** में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में कुल 7500 अंकों के आधार पर शहरों को स्वच्छता रैंकिंग दी जाएगी। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 3000 अंक, सर्टिफिकेशन के लिए 2250 अंक तथा सिटीजन वॉयस के लिए 2250 अंक निर्धारत किए गए हैं।

## किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने की सुधा यादव से मुलाकात


पूर्व सांसद डा. सुधा यादव से मुलाकात करते भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव व अन्य पदाधिकारी।

**गुरुग्राम।** भाजपा किसान मोर्चा गुरुग्राम के नवनियुक्त मण्डल प्रभारियों और अन्य पदाधिकारियों ने मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव के नेतृत्व में पूर्व सांसद एवं पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य डा. सुधा यादव से मुलाकात की।

विरेन्द्र यादव के साथ जिला महामंत्री मुकेश जेलदार, कर्मचन्द यादव उपाध्यक्ष व प्रभारी गुरुग्राम, दिनेश यादव उपाध्यक्ष व प्रभारी बादशाहपुर विधानसभा, मण्डलों के प्रभारियों में सीताराम सिंगला जिला कोषाध्यक्ष एवं प्रभारी सरस्वती मण्डल, सिया शर्मा अर्जुन मण्डल, नवीन यादव डूण्डाहेड़ा मण्डल, सतीश कुमार भोडंसी मण्डल, राजेश ठाकरान खेड़कीदौला, सुनील वर्मा दयानन्द मण्डल प्रभारी, सूबेदार ओमप्रकाश यादव, राजीव कटारिया, संदीप जोहरी अर्जुन मण्डल महामंत्री, महाबीर प्रधान, सुरेश यादव सहित प्रमुख कार्यकर्ता उनसे मुलाकात करने पहुंचे। श्रीमाता शीतला के चरणों से लाई गई चुनरी डा. सुधा यादव को ओढ़ाई गई। उन्हें 31 अक्टूबर को 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए गांव चंदू बुढेड़ा में पहुंचने का न्योता भी दिया। डा. सुधा यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को नये दायित्व के लिए बधाई दी।

# डेंगू से जिले में पहली मौत, वायरल फीवर ले चुका 18 की जान

### जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. विमलेश तिवारी ने पत्रकारों को दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा।

**मेवात** जिले में डेंगू के केसों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिले में 175 डेंगू के मामलों की पुष्टि हो चुकी है, तो जिले में डेंगू से पहली मौत भी दर्ज की गई है। जिसकी पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है। जिले के पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तिरवाड़ा गांव में छह वर्ष के बच्चे की जान डेंगू की वजह से गई है। यह जानकारी डॉ. विमलेश तिवारी जिला महामारी रोग विशेषज्ञ ने पत्रकारों को दी।

डॉ. विमलेश तिवारी ने बताया कि जिले में अब कुल छह लोग स्वास्थ्य विभाग के संस्थानों में भर्ती हैं, अधिकतर लोग ठीक होकर अपने घर लौट चुके हैं। डॉक्टर विमलेश तिवारी ने बताया कि तिरवाड़ा गांव के छह वर्षीय जिस बच्चे की डेंगू से जान गई है। वह 11 अक्टूबर को पुन्हाना के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुआ था। जिसके बाद उसे अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में रेफर किया और यहां से 12 अक्टूबर को राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में रेफर कर दिया था, जहां उपचार के दौरान 13 अक्टूबर को मौत हो गई। कुल मिलाकर डेंगू से जिले में पहली मौत दर्ज की जा चुकी है, यहां यह बताना जरूरी है कि जितने भी मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। यह सभी मरीज स्वास्थ्य विभाग के पीएचसी, सीएचसी, सामान्य अस्पताल में भर्ती हुए थे। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने डेंगू का इलाज कराया। निजी अस्पताल के आंकड़े इसमें शामिल नहीं हैं। कुल मिलाकर जिले में डेंगू के केसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हाल ही में जो बेमौसम बरसात हुई है, उससे स्वास्थ्य विभाग चिंतित है।

कुल मिलाकर जलभराव व गंदगी की वजह से डेंगू मच्छरों की संख्या बढ़ सकती है। अगर मच्छरों की संख्या बढ़ी तो डेंगू के मरीजों की संख्या भी बढ़ना लाजमी है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग की हालात पर पूरी नजर है। कोरोना से परेशान लोगों को डेंगू का डंक सताने लगा है, स्वास्थ्य विभाग की लाख कोशिशों के बावजूद डेंगू के केस में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जो क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है।

# जिला नूंह में राष्ट्रीय फलोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा जिला नूंह में राष्ट्रीय फलोरोसिस रोकथाम एवं नियन्त्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत गांवों और स्कूलों में बच्चों और आम लोगों की जांच की जा रही है। फलोरोसिस एक बहुत ही गम्भीर और दर्दनाक बीमारी है, जो मुख्य रूप से दांतों और हड्डियों को प्रभावित करती है। विश्व स्वास्थ्य सगंठन द्वारा पानी में फलोराइड की न्यूनतम मात्रा 1.5 पीपीएम तय ही गई है वहीं हमारे जिले में पानी में फलोराइड की मात्रा 10 गुना अधिक है। पीने के पानी मे अधिक फलोराइड होने के कारण हमारे दांतों में पीलापन होने लगता है और शरीर के जोड़ों में जकड़न आने लगती है और हमारे दांत समय से पहले ही खराब हो जाते हैं और हड्डियां कमजोर हो जाती हैं फलस्वरूप व्यक्ति सामान्य तरीके से चल फिर नहीं सकता और उठने बैठने में भी तकलीफ होती है। सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र यादव ने लोगों को हिदायत दी है कि सिविल अस्पताल मांडीखेडा के फलोरोसिस लेबोरेटरी में अपने पीने के पानी की जांच कराये तथा इस बीमारी से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल माण्डीखेडा के फलोरोसिस नियंत्रण विभाग के कमरा न. 46 में सम्पर्क कर सकते हैं। रिसर्च में यह सामने आया है कि उच्च फ लोराइड युक्त लोगा में खून की कमी पाई गई है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा फलोरोसिस रोकथाम व नियंत्रण कार्यक्रम को अनिमिया मुक्त भारत के साथ सम्मलित किया गया है। जिसके तहत सभी गर्भवती महिलाओं मे फ लोराइड के स्तर की जांच की जा रही है तथा अधिक फलोराइड वाली गर्भवती महिलाओं को उचित परामर्श दिया जा रहा है।

# मेवात के लोगों में 80 प्रतिशत के करीब पाई गई एंटी बॉडीज

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात



**कोरोना** की दूसरी लहर ने मेवात जिले के लगभग हर घर में दस्तक दी, लेकिन लोगों ने निजी अस्पतालों और घरों में रहकर ही अपना इलाज कराया और ठीक हो गए। चंद लोग ही सरकारी अस्पतालों तक पहुंच पाए, जिनमें से कुछ लोग स्वस्थ होकर घर लौट आए तो कुछ की जान चली गई। हाल ही में हुए सिरो सर्वे के दौरान जब एंटीबॉडीज का पता लगाया गया तो शहरी क्षेत्र में 83 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 77 प्रतिशत एंटीबॉडीज लोगों में पाई गई।

कुल मिलाकर 80 प्रतिशत के करीब मेवात जिले के लोगों में कोरोना की दूसरी लहर के बाद एंटीबॉडीज बनी। इतने बड़े पैमाने पर एंटीबॉडीज बनने से जानकार यही मान रहे हैं कि अब शायद कोरोना की तीसरी लहर लोगों को परेशान नहीं करेगी। इसके अलावा मेवात जिला एंटीबॉडीज के मामले में राज्य में चौथे-पांचवें पायदान पर बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कोरोना की दूसरी लहर के बाद तीसरी लहर की संभावना देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सिरो सर्वे कराया। जिसमें 6 से 18 वर्ष की आयु के उन बच्चों का भी सैंपल लिया गया, जिनका वैक्सीनेशन नहीं हुआ। इसके अलावा जिन लोगों ने वैक्सीन की डोज लगवाई उनका भी सैंपल लिया। इन सभी को मिलाकर तकरीबन जिले भर में 80 प्रतिशत लोगों में एंटीबॉडीज पाई गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मानकर चल रहे हैं कि तीसरी लहर से डरने की जरूरत नहीं बल्कि सावधान रहने की जरूरत है। इतने बड़े पैमाने पर एंटीबॉडीज पाए जाने से यह साफ है कि कोरोना की दूसरी लहर में बड़ी संख्या में लोग पॉजिटिव पाए गए, लेकिन अस्पतालों में नहीं जाने के कारण सैंपल नहीं लिया जा सका और इसके अलावा निजी चिकित्सकों व मेडिकल स्टोर से दवाइयां लेकर लोगों ने घर में ही रहकर अपना इलाज किया। जिसकी वजह से कोरोना ज्यादा नुकसान नहीं कर पाया।

# दुरुस्त करा सकते हैं परिवार पहचान पत्र : एडीसी सुभिता ढाका

**नूंह।** अतिरिक्त उपायुक्त सुभिता ढाका ने बताया कि नागरिक अब घर बैठे परिवार पहचान पत्र में नाम आदि की त्रुटि को दुरुस्त करा सकते हैं। इसके लिए व्यक्ति को परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर जाकर स्वयं या किसी भी अटल सेवा केंद्र पर जाकर यह कार्य करवा सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त सुभिता ढाका ने बताया कि सरकार द्वारा योजनाओं के लाभ के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है। प्रदेशभर के साथ-साथ जिला में भी परिवार पहचान पत्र बनाए गए हैं। परिवार पहचान पत्र बनवाने के दौरान नाम आदि कुछ त्रुटियां रह जाती हैं, जिसको दुरुस्त कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि त्रुटियां दुरुस्त करने के लिए 16 बिंदु निर्धारित किए हैं, जिन्हें ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वयं का नाम, पिता का पहला और अंतिम नाम, माता का पहला और अंतिम नाम, मोबाइल नंबर, बैंक खाता और आईएफएससी कोड, जाति श्रेणी, पेशा, व्यवसाय, आय, लिंग, मृत और जिंदा के रूप में चिह्नित कराना आदि से संबंधित शामिल हैं।

# मिठाइयों में मिलावट पाई गई तो की जाएगी कार्रवाई : एसडीएम रणवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका


लोगों को दिशा निर्देश देते उपमंडल नागरिक अधिकारी।

**जिला** नूंह के शहर फिरोजपुर झिरका की मिठाइयां दूर-दराज तक मशहूर हैं। फिरोजपुर झिरका शहर मिठाइयों के गुणवत्ता व शुद्धता के लिए जाना जाता है। इसीलिए यहां मिठाइयों की खपत सबसे ज्यादा है। इसी क्रम में उपमंडल नागरिक अधिकारी रणवीर सिंह ने लघु सचिवालय सभागार में खाद आपूर्ति विभाग के अधिकारियों व मिठाई विक्रेताओं के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें शहर के समस्त हलवाई मीटिंग में उपस्थित रहे।

उपमंडल नागरिक अधिकारी ने मिठाई विक्रेताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा। कोई भी दुकानदार मिठाइयों में किसी भी तरह की मिलावट करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर फिरोजपुर झिरका मिठाइयों के शुद्धता के नाम पर जाना जाता है और यहां की मिठाइयां दूर-दराज तक मशहूर है। इलाके में खाद्य वस्तुओं में मिलावट कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इलाके में दीपावली पर्व के उपलक्ष में मिठाइयों की खपत सबसे ज्यादा होती है।

उन्होंने कहा कि कोई भी दुकानदार ग्राहक को सामान तौलते वक्त सामान की गुणवत्ता एक पैकिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। अगर कोई दुकानदार मिठाइयों में मिलावट करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यहां तक की साइकिल पर दूध बेचने वाले दूधिया दूध में मिलावट करता है तो उस पर भी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सभी दुकानदार स्वयं व अपने ग्राहकों को कोरोना के नियमों का पालन कराना सुनिश्चित करें। इसमें भी किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

सभी दुकानदार अपने चेहरे पर मास्क व मिठाई तौलते समय दस्तानों का प्रयोग करें। इस मौके पर खाद आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक नितेश कुमार, रामचंद्र सैनी, मूलचंद चावला, राकेश जैन उर्फ लाला, सुरेंद्र जैन, मुकेश शर्मा सहित शहर के काफी हलवाई मौजूद रहे।

# तिलहन फसलों के लिए फायदेमंद है एसएसपी का प्रयोग

### सरसों फसल में अच्छी पैदावार के लिए डीएपी की बजाय एसएसपी का प्रयोग करें किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**जिला** में रबी फसलों की बुवाई का सीजन शुरू हो गया है, इसलिए किसानों को दो मुख्य बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। पहला, बीज व दूसरा, उर्वरक। अगर बीज का चुनाव सही है लेकिन सही उर्वरक का प्रयोग नहीं किया तो यह फसल की उत्पादन क्षमता पर भी प्रभाव डालता है। किसान डीएपी की बजाय एसएसपी यानी सिंगल सुपर फॉस्फेट का प्रयोग करें।

जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि सरसों एक तिलहन फसल है इसलिए इसके बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को एसएसपी खाद का प्रयोग करना चाहिए। बीज बुवाई से पूर्व एसएसपी का प्रयोग न केवल पौधे की उत्पादन क्षमता को बढ़ाता है बल्कि यह फसल की गुणवत्ता की बढ़ोतरी में भी सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि किसान आज भी सरसों की फसल के लिए डीएपी खाद पर निर्भर है जबकि बाजार में इसकी तुलना में कम दाम पर बेहतर विकल्प उपलब्ध है। कृषि विभाग के उप-निदेशक प्रताप सिंह ने दोनों खाद की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि किसान सरसों की बिजाई के लिए एक एकड़ में 50 किलो डीएपी यानी एक कट्टा खाद का प्रयोग करता है, जिसमें 46 प्रतिशत फास्फेट व 18 प्रतिशत नाइट्रोजन होती है। यह खाद जमीन में जल्दी घुलनशील होती है इसलिए बीज के अंकुरण के समय पौधे को इसका कम लाभ मिलता है। इसके साथ ही तिलहन फसलों के लिए सल्फर, जोकि सबसे आवश्यक तत्व है, इसकी मात्रा डीएपी में शून्य प्रतिशत होती है।

वहीं एसएसपी के एक कट्टे में 14 प्रतिशत फॉस्फेट व सल्फर की मात्रा 11 प्रतिशत होती है। चूंकि एसएसपी में नाइट्रोजन की मात्रा शून्य है इसलिए इसकी पूर्ति के लिए हम एसएसपी के साथ यूरिया का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक एकड़ में डीएपी के एक कट्टे की तुलना में हमें बीज बुवाई से पूर्व एसएसपी के दो कट्टे का प्रयोग करना होगा। इससे एक एकड़ में फॉस्फेट की मात्रा करीब 28 प्रतिशत हो जाएगी वहीं तिलहन फसलों के आवश्यक तत्व यानी सल्फर की मात्रा करीब 22 प्रतिशत रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी किसान खेत में नाइट्रोजन की पूर्ति के लिए एसएसपी खाद की बुवाई से पहले एक एकड़ में 25 किलो यूरिया का छिड़काव जरूर करें। यूरिया के एक 50 किलो के कट्टे में नाइट्रोजन की मात्रा करीब 46 प्रतिशत के करीब है। उप-निदेशक ने बताया कि एक एकड़ में 50 किलो डीएपी यानी एक कट्टे का प्रयोग होता है जिसकी कीमत 1200 रुपये है। वहीं एसएसपी के 50 किलो के एक कट्टे का रेट 360 रुपये से 380 रुपये के बीच है।

# चार दुकानों में एक साथ चोरी घटना सीसीटीवी में कैद


चोरी की घटना के दुकान में खुला आधा शटर और बिखरा सामान।

**तावडू।** शहर के पटौदी चौक के नजदीक राव लाल सिंह मार्केट में बदमाशों ने सोमवार रात एक साथ चार दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यह घटना वहां पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। शिकायत मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित वीरेंद्र सिंह ने बताया कि राव लाल लाल सिंह मार्केट में उनकी हार्डवेयर की दुकान है साथ में ही दो कॉस्मेटिक की और एक नमन ट्रेडिंग के नाम से दुकान है। सोमवार देर शाम सभी दुकान मालिक अपनी दुकानों में ताला लगाकर घर गए थे। सुबह उन्हें सूचना मिली की मार्केट में उनकी दुकान सहित कुल चार के ताले टूटे हुए हैं। जांच पड़ताल करने पर सभी दुकानों से कुल लगभग 17 हजार रुपये, हार्डवेयर और कॉस्मेटिक का जरूरी सामान चोरी हो गया है। उन्होंने बताया कि वहां पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल करने पर उसमें एक युवक दिखाई दे रहा है जो अपने हाथ में एक रोड से ताला तोड़ने का प्रयास कर रहा है।

# त्रिवेणी बाबा ने रखी हर्बल गार्डन की आधारशिला

**सेनायत खां।** फिरोजपुर झिरका

**पर्यावरण** संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए त्रिवेणी बाबा द्वारा चलाए जा रहे जनजागृति अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका में त्रिवेणी गार्डन का शुभारंभ तुलसी एवं नीम के पौधारोपण से शुरू किया गया।

त्रिवेणी बाबा ने कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप वह शक्ति हैं जो कई सदियों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती आ रही हैं, जिनमें अमृता देवी जैसी महान स्त्रियों का अहम योगदान रहा है। जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। सुहाना और शबाना ने अपने जन्मदिवस पर त्रिवेणी बाबा के साथ पौधों का वितरण किया और हर्बल गार्डन में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला विज्ञान विशेषज्ञ कुसुम मलिक ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और इन्हें संरक्षित करने का दायित्व भी हम सभी पर है। हम जितने पौधे रोहित करें उन सभी का शत प्रतिशत संरक्षण भी करें और आने वाली पीढ़ियों को एक शुद्ध और स्वास्थ्य पर्यावरण हस्तांतरित करने का कार्य करें।

विद्यालय विज्ञान क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. पवन यादव ने त्रिवेणी बाबा का धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यालय में त्रिवेणी बाबा के हाथों शुरू किए गया त्रिवेणी हर्बल गार्डन आने वाले समय में विद्यालय में वह बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और औषधीय गुणों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# झूठा मुकदमा दर्ज कर लाखों रुपये रिश्वत लेने के आरोप में एएसआई नामजद

### जांच के बाद दोषी की गिरफ्तारी की जाएगी पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कैलाश मंगला।** होडल

**मुंडकटी** थाना पुलिस ने अदालत के आदेश पर एएसआई के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कर पीड़ित से रिश्वत में लाखों रुपये हड़पने और पीड़ित के परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच होडल डीएसपी सज्जन सिंह कर रहे हैं। मामले में अभी तक आरोपी एएसआई पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया गया है।

मुंडकटी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि गांव औरंगाबाद निवासी अरुण कुमार ने 2019 में अदालत को दी शिकायत में कहा कि गांव औरंगाबाद निवासी धर्मलाल उनके पड़ोस में रहता है और वह पुलिस से रिटायर्ड है। अरुण कुमार ने बताया कि धर्मलाल व उनके परिवार का पिछले कई सालों से झगडा चला आ रहा है। अरुण कुमार ने बताया कि धर्मलाल व उसके परिवार के लोगों ने 24 मार्च 2018 को उसके साथ मारपीट की थी। उसने बताया कि पुलिस में मुकदमा दर्ज होने के बाद धर्मलाल व उसके परिजनों ने कई बार उनपर राजीनामे के लिए दबाव डाला, लेकिन उन्होंने राजीनामा नहीं किया। धर्मलाल ने अपने साथी होडल थाने में तैनात एएसआई भरतपाल से साठगांठ कर 27 मार्च 2018 को मेरे पिता महेश और भाई यशपाल सहित अन्य दस लोगों को 307 के झूठे मुकदमे में फसा दिया। 28 मार्च 2018 को एएसआई भरतलाल सादा बर्दी में अपनी ब्रेजा गाड़ी में बत्ती लगाकर उनके घर एसपी बनकर पहुंचा और उसके बाबा रणजीत को दो लाख रुपये रिश्वत देने की मांग की। रुपये न देने की एवज में झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी। अरुण कुमार ने बताया कि मेरे बाबा ने उसे 80 हजार रुपये देकर अपना पीछा छुड़ाया।

उसके बाद उसी दिन एएसआई भरतपाल गांव मोहना निवासी मेरे मौसा कल्लु को उनके घर से बगैर कपड़े खाना खाते वक्त उठाकर ले आया। छह-सात घंटे हिरासत में रखने के बाद एएसआई भरतपाल ने पचास हजार रुपये उन्हें छोड़ा। अरुण कुमार ने बताया कि एएसआई धर्मपाल 30 मार्च 2018 को मेरे मौसा गांव मछगर निवासी नरेश को इसी मामले में जबरदस्ती घर से उठा लाया जिन्हें 40 हजार रुपये की रिश्वत लेकर छोड़ा। एएसआई द्वारा उसके रिस्तेदारों को बिना कारण परेशान करने पर अरुण कुमार ने मामले की शिकायत जिला पुलिस कप्तान को दी, लेकिन जब वहां सुनवाई नहीं हुई तो वह रेवाडी रैंज आई से मिला और उसने सभी फुटेज व रिकॉर्डिंग आईजी के समक्ष पेश की। उसकी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आईजी ने भरतपाल को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर जांच रेवाड़ी स्थित डीएसपी को सौंप दी। उसने बताया डीएसपी से साठगांठ पर भरतपाल अपने आप को निर्दोष बताते हुए एएसआई का पद संभाल किया। अरुण कुमार ने बताया कि उन्होंने 2019 में अदालत की शरण ली। अरुण कुमार की शिकायत पर पलवल न्यायाधीश ज्योति मेहरा की अदालत से मुंडकटी थाना को एएसआई भरतपाल के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश मिले हैं। इस मामले में थाना प्रभारी प्रीतम सिंह का कहना है कि आदलत के आदेश पर एएसआई भरतपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों ने चलाया सफाई अभियान


स्वच्छता की शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

**नूंह।** आजादी की 75वीं वर्ष गांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 31 अक्टूबर तक जारी स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को गांधी पार्क, जिला नूंह में नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी, कर्मचारी व स्वयंसेवक और डीपीएस मेवात मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने मिलकर स्वच्छता एवं श्रमदान की गतिविधि आयोजित की गई। गतिविधि में करीब 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और विद्यार्थियों से आग्रह किया वे भी अपने आस-पास सफाई रखें। इस अवसर पर डीपीएस मेवात मॉडल स्कूल के प्राचार्य रवीन्द्र कुमार जैन एवं शिक्षाविद अली जान मौजूद रहे।

### विधायक राजेश नागर ने किया उच्च तकनीकी से लैस ऐप लांच


उच्च तकनीकी से लैस ऐप को लांच करते विधायक राजेश नागर।

**होडल।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर द्वारा आरपीएस सावना में उच्च तकनीक से लेस ऐप लॉन्च किया गया। विधायक ने सोसाइटी के लोगों की समस्याएं जानी और उन्हें यथाशीघ्र दूर करने का वादा भी किया। विधायक ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर के आशीर्वाद से क्षेत्र की हर समस्या को दूर किया जाएगा। ऐप लॉन्चिंग के मौके पर सावना ऐप स्पोंसर के मुख्य वालंटियर देव कौशिक और अरविन्द तिवारी समेत सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। यह स्मार्ट सिटी मिशन की अनुकूलता को देखते हुए स्मार्ट सवाना ऐप एक आधुनिक सुरक्षा प्रणाली युक्त तकनीक है। साथ ही बता दें, ये ऐप एनसीआर क्षेत्र में आरडब्ल्यूए द्वारा विकसित पहला और एकलौता ऐसा ऐप है जिसमें कम्युनिटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बनाया गया है और सभी जरूरी सुविधाओं सेवाओं का ध्यान रखा गया है, जो आपके जीने के तरीके को बना देगा । साथ ही इससे सोसाइटी की सुरक्षा और भी चाकचौबंद चौकस हो जाएगी। यह ऐप शॉपव्यू टीम द्वारा वालंटियर सपोर्ट पर तैयार किया है। स्मार्ट सवाना ऐप एक सुरक्षित और संगठित प्रबंधन के तहत स्थानीय समुदायों को एक साथ जोड़ने की एक पहल है। स्मार्ट सवाना ऐप से आप अपनी सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों पर पूरा नियंत्रण रख सकते हैं, जबकि साथ ही आप अपने साथियों से जुड़े रहते हैं, घटनाओं, प्रस्तावों के बारे में अधिसूचित होते हैं और आस-पास क्या हो रहा है, इसके बारे में सूचित किया जाता है।

### क्रेडिट कार्ड से व्यापारी के साथ चालीस हजार रुपये की धोखाधड़ी

**फिरोजपुर झिरका।** क्रेडिट कार्ड से एक व्यापारी के साथ चालीस हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। वहीं वार्ड नंबर 12 निवासी राकेश कुमार पुत्र जुगल किशोर निवासी फिरोजपुर झिरका ने पुलिस चौकी में दी अपनी शिकायत में बताया कि मैंने एक क्रेडिट कार्ड इंडुसेंट बैंक का बनवाया हुआ है। जिसका प्रयोग में अपने निजी कार्य के लिए करता हूं, लेकिन सुबह अचानक लगभग 10 बजे फोन पर पैसे ट्रांजैक्शन होने के मैसेज आने लगे। मेरे इस क्रेडिट कार्ड से ट्रांजैक्शन किसी ने दो बार की है। जिसमें पहली ट्रांजैक्शन छत्तीस हजार तीन सौ साठ रुपये और दूसरी ट्रांजैक्शन में चार हजार रुपये निकाल कर धोखाधड़ी की है। वहीं चौकी प्रभारी यशपाल सौरोत ने बताया कि पीड़ित की शिकायत मिल चुकी है जल्द ही क्रेडिट कार्ड ट्रांजैक्शन करने वाले आरोपी का पता लगाकर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना में दी जाने वाली शगुन की राशि बढ़ी

**नूंह।** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को दी जाने वाली शगुन की राशि में बढ़ोतरी कर दी है। योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों एवं विधवा महिलाओं को कन्यादान के तौर पर 71 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। य ह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुसूचित जाति तथा टपरीवास समुदाय के लोग जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं, उनकी लड़कियों के शादी के अवसर पर दी जाने वाली शगुन की राशि को 51 हजार से बढ़ाकर 71 हजार रुपये कर दिया गया है। इस योजना के तहत शगुन के तौर 66 हजार रुपये की राशि शादी के अवसर पर तथा 5 हजार रुपये की राशि शादी का रजिस्ट्रेशन करवाने के उपरांत दी जा रही है।

पायनियर क्लासीफाइड

♦ सूचना ♦

मैं, सिम्मी छाबड़ा पत्नी नरेंद्र छाबड़ा निवासी म.नं. 70 नजदीक अशोका नर्सरी रणजीत इंक्लेव, करनाल बयान करती हूं कि सिम्मी छाबड़ा और सीमा रानी दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे सिम्मी छाबड़ा और सीमा रानी के नाम से जाना जाए। सम्बंधित नोट करें।

सार्वजनिक सूचना

यह सार्वजनिक सूचना के लिए है कि सर्वोदय हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर, सेक्टर 8, फरीदाबाद, अस्पताल मानदंडों के अनुसार 1 मई 2013 से 31 दिसंबर 2016 तक रोगी चिकित्सा रिकॉर्ड (एमएलसी और मृत्यु रोगियों को छोड़कर) को नष्ट कर रहा है। दस्तावेजों को नष्ट करने की प्रक्रिया 28 अक्टूबर 2021 से शुरू की जाएगी।

कोई भी रोगी/रोगी का रिश्तेदार या रोगी से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति यदि भविष्य के संदर्भ के लिए आंतरिक रोगी मेडिकल रिकॉर्ड को संरक्षित करवाना चाहता है तो इसके लिए अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग से 26 अक्टूबर 2021 से पहले 8586969716, 1800 313 1414 पर कॉल करें या मेल mrd@sarvodayahospital.com पर संपर्क कर सकते है।

आदेशानुसार: मेडिकल डायरेक्टर
सर्वोदय हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर
सेक्टर 8, फरीदाबाद.

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# शशिकला का प्रयास

## राजनीतिक प्रासंगिकता

**शशिकला** स्वयं को पुन: राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाने के प्रयास कर रही हैं, पर वे प्रभावशाली नहीं लग रहे हैं। यह तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक का स्वर्ण जयंती वर्ष है, पर इस अवसर पर आयोजनों का अभाव है। उसके पास एकजुट करने वाला नेता नहीं है। वह राज्य की सत्ता द्रमुक को सौंप चुकी है तथा जयललिता के निधन के बाद से उसके कार्यकर्ता गुटीय लड़ाइयों में फंसे हैं। क्या ऐसी पार्टी कभी पुनर्जीवन की सोच सकती है? हालांकि, उनकी निकट सहयोगी पुरातची थैलवी वी.के.शशिकला ऐसा सोचती हैं। वे यदि पार्टी नहीं तो कम से कम उसकी नेता बन कर अपने पुनर्जीवन की संभावना खोज रही हैं। भ्रष्टाचार मामले में चार साल जेल की सजा पूरी करने के बाद उन्होंने पार्टी स्थापना के 50 साल के अवसर का आयोजन स्वयं को पुन: राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाए रखने के लिए किया। हालांकि, उनके राजनीतिक प्रयास हल्के रहे, पर उनमें प्रचार की कमी नहीं थी। शशिकला ने चेन्नै में पार्टी के स्मारकों व संग्रहालयों का दौरा कर एमजीआर तथा जे. जयललिता को श्रृद्धांजलि दी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जयललिता की विरासत वापस लाने की बात कही, लेकिन शायद अभी उनके द्वारा जनता को संबोधित करने का समय नहीं आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भावनायें समझने के लिए राज्य के दौरे की बात कही। इससे शशिकला का शुरुआती दांव पूरा हो गया है। अब पार्टी की



नेतृत्व करने वाली एलापडि के. पलानीस्वामी तथा ओट्टाकार्तेवर पनीरसेल्वम को प्रतिक्रिया देनी है। पलानीस्वामी ने विधानसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक का सफाया न होने का श्रेय लिया है जिसे आश्चर्यजनक रूप से 77 सीटें मिली हैं। वे स्वयं को ओपीएस से बेहतर नेता मानते हैं। ओपीएस को शशिकला का प्रभाव बढ़ने की आशंका है क्योंकि उनकी जाति एक ही है। शशिकला के लिए नेतृत्व वाली जोड़ी तोड़ना कठिन नहीं है, पर वे पार्टी को तोड़ना नहीं चाहती हैं क्योंकि इससे उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। वे देखना चाहती हैं कि 2017 में जयललिता के कोडानाड स्टेट में हुई हत्या की घटना का ओपीएस-ईपीएस जोड़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री ईपीएस ने इसकी विशेष जांच का आदेश नहीं दिया था, लेकिन अब द्रमुक सरकार ने यही किया है। इन सारी घटनाओं से पार्टी कार्यकर्ता भ्रमित हैं। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि तीन नेताओं में से किसे शक्ति मिलेगी। वे देखना चाहते हैं कि क्या शशिकला को 'अम्मा' के निकट होने का भावनात्मक लाभ मिलेगा। वे प्रतीक्षा करना और देखना चाहते हैं कि क्या क्या कोडानाड जांच से ईपीएस व ओपीएस को कोई परेशानी होती है। इसी कारण कोई नेता जल्दबाजी में कदम नहीं उठा रहा है।

राज्य की द्विध्रुवी राजनीति में अन्नाद्रमुक को एकजुट रखने की संभावना वाला नेता जयललिता का वारिस बन सकता है। द्रमुक भी नहीं चाहती है कि राज्य में उसके सामने अन्नाद्रमुक के सिवा कोई और बने। एम.के.स्टालिन का बयान इसका रिकार्ड है। कांग्रेस पहले से ही अपना स्थान जानती है। हालांकि, भाजपा इस संघर्ष में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। उसने मूल रूप से चुनाव में अन्नाद्रमुक के कमजोर होने तथा उसके टूटने पर एक गुटीय नेता अपने पक्ष में लाने की तैयारी की थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ओपीएस-ईपीएस का लक्ष्य बड़ा है और वे स्वयं पार्टी पर कब्जा करना चाहते हैं। शशिकला ने स्वयं को चुनावों से दूर रखा था और उनके इस निर्णय के पीछे एक अदृश्य हाथ की बात कही जाती थी। क्या वे जयललिता की तरह राष्ट्रीय पार्टियों को किनारे रखने का साहस दिखा सकेंगी?

# सही समय पर बिकी एयर इंडिया

## एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



तत्कालीन वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने 28 जून, 2017 को केन्द्रीय कैबिनेट में एयर इंडिया-एआई तथा उसकी पांच सहायक कंपनियों के 'सिद्धान्त रूप से' रणनीतिक विनिवेश के निर्णय की घोषणा की थी। इसके पचास महीने से अधिक समय बाद 8 सितंबर, 2021 को सरकार ने एआई तथा उसकी शत प्रतिशत सहायक एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड के निजीकरण तथा एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ लिमिटेड-एआईएटीएसएल में 51 प्रतिशत शेयर बेचने की घोषणा की। इससे प्रतीक 'महाराजा' एक बार फिर 68 साल बाद अपने मूल टाटा समूह के पास पहुंच गया है, जबकि इस कपंनी का 1953 में राष्ट्रीयकरण किया गया था। एआई निजीकरण प्रक्रिया में चार प्रमुख कमियां दिखती हैं।

पहला, यह कदम पहले दिन से ही आधा-अधूरा था। यह नौकरशाहों तथा राजनेता वर्ग में अंतर्निहित प्रवृत्ति स्पष्ट करता है कि वे विनिवेश के बाद भी थोड़ा नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं ताकि नए मालिक के अंतर्गत भी कर्मचारियों को सुरक्षा कवच सुनिश्चित हो। 2017-18 में पहले कदम का कोई नतीजा नहीं निकला क्योंकि उस प्रस्ताव में सरकार ने 24 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखने पर जोर दिया था तथा कर्मचारियों को कम से कम तीन साल बनाए रखने जैसी अन्य शर्तें भी लगाई गई थीं। एक अतिरिक्त शर्त यह भी थी कि कम्पनी एआई के कर्जों का बड़ा हिस्सा स्वीकार करेगी। इस कारण निवेशकों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। आखिरकार आधे-अधूरे मन के स्थान पर पूरे मन को जगह मिली तथा सरकार ने अपना शत-प्रतिशत हिस्सा बेचने और अधिग्रहीत करने वाली कंपनी को कर्मचारियों को एक साल बाद हटाने की छूट दी। उसने बोलीकर्ताओं को 'उद्यम मूल्य' बताने को कहा। इसका वित्तीय रूप से अर्थ यह है कि उनको बिक्री वाले उद्यम की बैलेंस शीट का बहुत कम कर्ज स्वीकार करना था। लेकिन इस विलम्ब से केन्द्र सरकार को भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। जब पहले विनिवेश का विचार सामने आया था तब एआई पर कर्ज लगभग 50,000 करोड़ था। निवेश व सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव के अनुसार एआई से रोज 20 करोड़ का नुकसान हो रहा था। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि कुल कर्ज बढ़ कर 77,500 करोड़ रुपये हो गया था।

दूसरा, विनिवेश योजना सामने आने के बाद संबंधित पीएसयू के प्रबंधन में मतभेद से उसका वित्तीय स्वास्थ्य और खराब होता है। 31 मार्च, 2021 को एआई का कर्ज 58,000 करोड़ था। अगले पांच महीनों में 31 अगस्त, 2021 तक इसमें 3,500 करोड़ का अतिरिक्त कर्ज जुड़ गया। इसके साथ ही महाराजा पर तेल पीएसयू, हवाईअड्डों के बकाए तथा अन्य वेंडरों के 16,000 करोड़ के 'बकाया बिलों' का भुगतान लंबित है। कुल मिला कर एआई पर 77,500 करोड़ की देनदारियां हैं। इनमें से टाटा केवल 18,000 करोड़ का भुगतान करेगा तथा 15,300 करोड़ के कर्ज के हिस्से के बदले 2,700 करोड़ देगा। इससे केन्द्र सरकार पर कम से कम 60,000 करोड़ की भारी देनदारियां बची रहती हैं। इनको पूरी तरह एक स्पेशल परपज़ वेहिकिल में बदला जाएगा जिसे एयर इंडिया असेट होल्डिंग कंपनी लिमिटेड-एआईएएचसीएल का नाम दिया गया है। केन्द्र ने गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों, जैसे जमीन, इमारतों और आवासीय कालोनियों को अपने पास रखा है जिनकी बिक्री से लगभग 15,000 करोड़ प्राप्त हो सकते हैं। यह धनराशि अंतत: करदाताओं की जेब से जाएगी जो 2009-10 तक एयर इंडिया चलाए रखने पर खर्च 1,10,000 करोड़ के अलावा है।

तीसरा, नौकरशाही में व्याप्त लाल फीताशाही का वर्चस्व बना रहता है। अवधारणा बनाने, स्वीकृतियां प्राप्त करने, प्राथमिक सूचना मेमोरैंडम-पीआईएम, प्रस्ताव की प्रार्थना-आरएफ्पी, वित्तीय बोलियां आमंत्रित करना, बोलीकर्ता का चयन, शेयर साझा समझौता-एसपीए, आदि लगभग सभी प्रक्रियाओं पर नौकरशाही की पकड़ बनी रहती है जो विनिवेश को सफ्ल बनाने के लिए जरूरी हैं। इसके साथ ही नौकरशाह इस भय से समय पर निर्णय नहीं लेते हैं कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनसे इस पर सवाल पूछे जा सकते हैं।

एआई की बिक्री भी इस समस्या से अछूती नहीं रही है। बताया जाता है कि कुछ उपायों पर विचार किया गया, जैसे पीआईएम, आरएफ्पी व एसपीए पर निर्णय को दीपम पर छोड़ा गया। वर्तमान समय में इन मुद्दों पर फैसला अंतर-मंत्रालयी समिति समिति लेती है जिसकी सह-अध्यक्षता सचिव दीपम तथा संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के सचिव के पास होता है। यह आधा-अधूरा सुधार है। चौथा, पीएसयू को अक्सर राजनीतिक अवस्थापना द्वारा 'घाटे' वाली स्थिति में पहुंचाया जाता है जिसमें नौकरशाही पूरी सहायता करती है। इसका कारण नौकरशाही द्वारा लगातार इन उद्यमों के कामकाज में हस्तक्षेप है जो अत्यधिक श्रमशक्ति, बढ़े हुए खर्चों, वेंडरों को अधिक भुगतान, आदि के रूप में सामने आते हैं। एआई के मामले में यह 2007 में उस समय संकट में आई जब राजनेताओं ने प्रबंधन को 70,000 करोड़ में 111 विमान खरीदने के आदेश दिए जो प्रबंधन द्वारा बताए 28 विमानों की आवश्यकता का चार गुना था। जब कोई फर्म भारी देनदारी ओढ़ लेती है जिसका उसके बिजनेस से कोई मेल नहीं होता है तो वह अपरिहार्य रूप से खतरनाक स्थिति में पहुंच जाती है।

हवाईजहाजों की खरीद को बैंकों के एक समूह से कर्ज लेकर पूरा किया गया था। इस प्रकार के निर्णय से लाभ बहुत कम होता है और बाकी धन कर्ज में बदल जाता है। विडंबना है कि तत्कालीन सरकार ने विमानों का प्रयोग बढ़ाने के बारे में कुछ नहीं किया। इसके अलावा अत्यधिक द्विपक्षीय सीटें तथा मुनाफे वाले रूट विदेशी-निजी एयरलाइनों को दिए गए। इनके कारण ये विमान बेकार खड़े रहे। दूसरा गलत निर्णय 2007 में इंडियर एयरलाइन्स का एआई में विलय था। इनके बीच कोई संगति नहीं थी तथा इनकी कार्य संस्कृति, मुआवजे के पैकेजों, कर्मचारियों की आयु संरचना, आदि में भारी अंतर था। इससे आपरेशनल विसंगतियां पैदा हुईं तथा संयुक्त किए उद्यम का कर्ज बढ़ा।

कुल मिला कर कहें तो एक दशक से अधिक समय तक एयर इंडिया की लगातार अनदेखी उसकी बिक्री पर विचार के समय भी जारी रही जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। ऐसे में इसकी बिक्री कभी नहीं से देर भली वाली स्थिति है। दिसंबर, 2021 में पूरे होने वाले इस समझौते से मोदी सरकार ने संसाधनों की और बरबादी को बचा लिया है। इसके साथ ही टाटा से 18,000 करोड़ तथा गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की बिक्री से 15,000 करोड़ प्राप्त होंगे। दर्जनों पीएसयू में विनिवेश लंबित है। इसे देखते हुए सरकार को अतीत की गलतियों से सबक लेना चाहिए, जिनकी चर्चा यहां की गई है।

इससे लाभकारी उद्यमों की बिक्री से अधिकतम प्राप्तियां होंगी तथा घाटे वाले उद्यमों की देनदारियों में वृद्धि न्यूनतम होगी। उदाहरण के लिए, एआई के मामले में यदि 2017-18 में शत-प्रतिशत शेयर बेचने तथा शर्तें न लगाने का निर्णय होता तो कर्ज और बढ़ने से रोका जा सकता था। इसके साथ ही इसकी परिसंपत्तियों व संसाधनों से लाभ उठाया जा सकता था जिनमें 141 विमानों के साथ 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग व पार्किंग स्लाट तथा विदेशी हवाईअड्डों पर 900 स्लाट शामिल हैं। इसके साथ ही वह महाराजा जैसे आकर्षक ब्रांड की स्वामी है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सक्रिय व सहयोगी नौकरशाही के साथ अन्य पीएसयू की बिक्री में बेहतर नतीजे दिखाएंगे।

# भारत के लिए लाभकारी था विभाजन

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्तम्भकार हैं)



प्राण चोपड़ा, जो बाद में स्टेट्समैन के संपादक बने, एक चुनाव पर रिपोर्टिंग कर रहे थे जिसने बहुत कुछ कहा। जालंधर में एक जनसभा आयोजित की गई, जिसके बीच में अज़ान या प्रार्थना का आह्वान किया गया। भीड़ प्रार्थना करने गई लेकिन जिन्ना एक कुर्सी पर बैठ गए, एक सिगार निकाला और उसे जला दिया। उन्होंने तब तक धूम्रपान किया जब तक भीड़ वापस नहीं लौटी और फिर अंग्रेजी में अपना भाषण फिर से शुरू किया। वे केवल गुजराती ही बोल सकते थे। उन्हें उर्दू सीखने की फुरसत नहीं थी। जब भी जिन्ना चिल्लाते थे 'इस्लाम खतरे में है', भीड़ ने उनका जोरदार समर्थन किया। एक मुस्लिम नेता का नमाज और धूम्रपान से दूर रहने का उदाहरण बता रहा है।

यदि नेता नहीं तो वह कौन था जो एक उपमहाद्वीप को विभाजित करने में सफल रहा? जाहिर है, वह पाकिस्तान के लिए महाधिवक्ता थे। वह देख सकता था कि भारत में मुसलमान आम तौर पर घबराए हुए थे, अगर डरे हुए भी नहीं थे। वे हिंदुओं से कम पढ़े-लिखे थे और देश में कुल संख्या में कम थे। इसके अलावा, उनके कुलीन स्वामित्व वाले उद्योग और नेहरू की समाजवादी सरकार भी उनकी जमीन नहीं छीनेगी। मुसलमानों, जिन्होंने सदियों तक भारत पर शासन किया था, हिंदुओं के नौकर और क्लर्क बन जाएंगे।

एडवोकेट के पास पाकिस्तान का एक फॉर्मूला था, जिसका अलीगढ़ के छात्रों के लिए मतलब एक न्यू मदीना था जो एक खलीफा को फेंक सकता था। सुन्नी इस्लाम का कोई शासक धार्मिक-सह-अस्थायी मुखिया नहीं था। आखिरी वाला तुर्की का सुल्तान था जिसे कमाल अतातुर्क ने 1924 में गद्दी से उतार दिया था और निर्वासित कर दिया था। कोई प्रतिस्थापन नहीं किया गया था। उन्होंने अपने मुवक्किलों - मुसलमानों - के लिए एक व्यवहार्य रणनीति की योजना बनाई और अपना काम जारी रखा। वह कई वर्षों तक ब्रिटिश साम्राज्य में सबसे अधिक वेतन पाने वाले बैरिस्टर रहे थे। देश को बांटने के लिए उनकी फीस इतिहास के हॉल ऑफ फेम में जगह होगी।

एक वकील के रूप में अपनी भूमिका को इंगित करने के लिए, जब वे पहली बार फरवरी 1948 में पाकिस्तान के पूर्वी विंग में ढाका गए, तो विश्वविद्यालय के छात्रों ने बंगाली को भी एक राष्ट्रीय भाषा बनाने की मांग की। जिन्ना ने जोर देकर कहा कि यह केवल एक ही भाषा हो सकती है जिसका नाम उर्दू है। वह रूखा था, वह बंगाली मानस को नहीं जानता था, और जो अंतत: बांग्लादेश बन गया, उसके बीज बोए। एक नेता



अधिक चतुर और मिलनसार होता। उसने दिल्ली में कुछ ऐसा ही किया क्योंकि वह आखिरकार कराची के लिए रवाना हो रहा था। कुछ स्थानीय मुसलमान अपने कायद-ए-आजम से पूछने के लिए चिंता में इकट्ठा हो गए थे कि अब उनका क्या हो सकता है कि विभाजन हो गया है? उनका जवाब जल्दबाजी और रूखा था, मैंने तुम्हारे लिए वह हासिल किया है जो तुम चाहते थे, अब अपना ख्याल रखना। मेरे द्वारा और क्या किया जा सकता है? फिर से एक वकील का रवैया और नेता का नहीं। सितंबर 1948 में अपने जीवन के अंतिम दिन क्वेटा में उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा था, जहां वे आराम करने गए थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा और एक ब्रिटिश डॉक्टर भी थे। जैसे ही उनका विमान कराची में उतरा, एक पुरानी एम्बुलेंस उनके आने का इंतजार कर रही थी। याद रखें, वह गवर्नर-जनरल थे। दो या तीन मील के भीतर, वाहन रुक गया और आगे नहीं बढ़ा। तो डॉक्टर ने एक और एम्बुलेंस ली, जिसे आने में लगभग एक घंटा लग गया और बीमार जिन्ना को उनके घर ले गए। उसी शाम करीब 10 बजे उनका निधन हो गया। अगले दिन उन्हें दफनाया गया था लेकिन कथित तौर पर एक स्ड्ड1द्बद्यद्द ऋ्न2 सिलवाया सूट में। संयोग से, उनकी मृत्यु उनके जन्म के शहर कराची में हुई थी।

जिन्ना ने वह हासिल किया जो उन्होंने 23 मार्च 1940 को लाहौर में निर्धारित किया था। उनकी मृत्यु कोई त्रासदी नहीं थी, क्योंकि यह अधूरी आकांक्षाओं का अंत नहीं था। अगर वह अधूरा मर गया होता, तो यह उसके लिए कुछ हद तक दुखद होता, लेकिन हिंदुओं के लिए इससे भी ज्यादा। साधारण कारण यह है कि कोई विभाजन नहीं होता, जिन्ना के बिना बंटवारा संभव नहीं था। कई मुसलमानों का मानना है कि कायदे आजम के बिना ब्रिटिश शासकों के साथ बातचीत करने वाला कोई नहीं होता। मुसलमानों के पास कोई अन्य अखिल भारतीय नेता नहीं था। इसी विश्वास के आधार पर मुस्लिम लीग ने उनसे अनुरोध किया कि वे लंदन में एक बैरिस्टर में अपने अभ्यास को त्याग दें, लीग के आजीवन अध्यक्ष के रूप में भारत में उनका स्वागत करें।

पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए कि हिंदुओं को विभाजन की आवश्यकता है, डॉ बी आर अम्बेडकर द्वारा दिए गए तर्कों को पचाना होगा जो उनके पूर्ण कार्यों के खंड आठ में उपलब्ध हैं। अपने एक तीखे बयान में, बाबासाहेब ने घोषणा की, 'एक सीमा के बिना एक दुश्मन भीतर के दुश्मन की तुलना में अधिक वांछनीय है।' उन्होंने आगे लिखा कि हिंदू प्रांत बहुत अधिक कर दे रहे थे, जिसका राजस्व मुस्लिम प्रांतों द्वारा साझा किया जाता था। फिर भी अपने धार्मिक प्रतिबंधों के कारण मुस्लिम सैनिक भारत के लिए नहीं लड़ सकते थे, अगर हमलावर दुश्मन मुस्लिम थे। खिलाफत समिति ने और मुस्लिम लीग ने भी इसका समर्थन किया था।

किसी भी मामले में, एक अविभाजित भारत में पाकिस्तान या बांग्लादेश की दृष्टि में, देश की बड़ी आबादी केवल 60 प्रतिशत गैर-मुस्लिम होती। यह 60 प्रतिशत इस्लामी अधिग्रहण या खुले गृहयुद्ध को रोकने के लिए बहुत कम होगा। दूसरे शब्दों में, हिंदू सभ्यता के लिए जीवित रहना मुश्किल होता। यह असंभव नहीं है कि हिंदू इस गृहयुद्ध में हार गए हों। एक के लिए, भारतीय सेना में मुसलमानों की संख्या बाकियों से आगे निकल गई, खासकर अगर कोई केवल लड़ने वाली इकाइयों को माइनस गैर-लड़ाकू इकाइयों में गिना जाता है। दूसरे, हिंदू विशेष रूप से खून बहाने और उन लोगों की जान लेने से हिचकते थे जब वे अपने भाइयों के रूप में देखते थे। नतीजतन, भारत एक दार-उल-इस्लाम होने के लिए वापस चला गया, जो कि 1858 तक कई शताब्दियों तक रहा था। सिंहासन पर अंतिम मुगल शासक, बहादुर शाह जफर को गिरफ्तार किया गया था और बर्मा (तब रंगून) में यांगून में निर्वासित कर दिया गया था। जब इस्लामिक दुनिया ने माना कि हम इस्लामिक स्टेट नहीं रह गए हैं।

## आप की बात

### स्वार्थपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**शांतिपूर्ण** विरोध स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है बशर्ते विरोध का अंतिम उद्देश्य जनहित हो लेकिन अगर विरोध करने का उद्देश्य निजी स्वार्थ हो तो इसके परिणाम निश्चित ही अतियंत घातक होंगे। लगभग एक वर्ष से तथाकथित किसान नेता ने कृषिकानूनों के विरोध में आन्दोलन कर रहे है गैरराजनैतिक रूप से शुरू हुआ आन्दोलन धीरे धीरे अपना स्वरूप बदलने लगा और सरकार बनाने और गिराने की बात करने लगा और हर छोटी बड़ी घटनाओ पर धरने प्रदर्शन सड़क जाम और अन्य प्रकार से गुंडा गर्दी होने लगी कई रणनीतिक पार्टी भी खुलकर समर्थन में खड़ी दिखने लगी। लेकिन हद तो तब हो गई जब कुछ समय पहले धरना स्थल पर एक महिला ने अपने साथ बलात्कार का आरोप लगाया, और अब दिल्ली-हरियाणा के सिंघु बॉर्डर पर पंजाब के एक दलित युवक की निर्ममता से हत्या कर दी जाती है। दोनों ही घटनाओ पर कोई कुछ नही बोलता है ना तो विपक्षी राजनैतिक पार्टी कोई विरोध और धरना करती है ना ही तथाकथित किसान नेता। वजह जो भी हो लेकिन इन सभी बातो का निष्कर्ष ये बताता है वर्तमान में हो रहे सभी विरोध प्रदर्शन सिर्फ दिखावा है जिनका उद्देश्य केवल और केवल निजी स्वार्थ है।

\- **सुनील विद्यार्थी**, मोदीपुरम, मेरठ

### कश्मीर घाटी में आतंकी हमले

**कश्मीर** घाटी में आये दिन हो रहे गैर कश्मीरियों व अल्पसंख्यकों पर हमले योजनाबद्ध हैं। इन हमलों की जिम्मेदारी कथित प्रतिरोध मोर्चा टीआरएफ ने ली है। इस नेतृत्वविहीन दल को सुरक्षा बलों द्वारा लश्कर.ए.तैय्यबा द्वारा स्थापित किया गया बताया जाता है। धारा 370 हटने के बाद से अब तक बड़ी संख्या में लोगों को कश्मीरी मूल निवास प्रमाण पत्र जारी हो चुके है। इनमे बड़ी संख्या वो हिन्दु सिख शरणार्थी हैं जो 1947 में पाकिस्तान से आकर कश्मीर घाटी में बसे, 1947 से पहले से कश्मीर में रह रहे वाल्मीकि समाज के लोग व नेपाली मूल के भारतीय गुरखा हैं। ये हमले कश्मीर से गुम होते अलगाववाद के विचार को जगाये रखने का प्रयास है पाकिस्तान द्वारा। पाक में बैठे आतंकी सरगनाओं से निपटने के लिए राजनीतिक ताकतों को जम्मू-कश्मीर में अल्पसंख्यकों के बीच डर को दूर करने की कोशिश करनी होगी। चिन्हित हत्याओं के परिणामस्वरूप कश्मीरी हिंदू और सिख समुदायों में भय व्याप्त हो गया है। कई कश्मीरी पंडितों और सिख कर्मचारियों ने नौकरियों व अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान पर जाने से परहेज किया या अस्थायी रूप से छुट्टी ले ली। यह 1990 में आतंकवादी हमलों के कारण कश्मीरी पंडितों के पलायन को याद दिलाता है।

\- **परमवीर केसरी**, मेरठ

### धर्मांतरण का खेल जारी

**पैसों** की लालच और सुख सुविधा की आड़ में धर्मांतरण का घिनौना खेल देश में जारी है। जब कभी भी ऐसी घटना सामने आती है देश में हो-हल्ला मचता है और कड़े कानूनों के बावजूद षड़यंत्रकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है इससे उनके हौसले बुलंद होते हैं। अभी फिर धर्मांतरण को लेकर मामला गर्म है। विदेशी फंडिंग से उजागर होते राज की तह तक जाकर ही इसकी जड़े नष्ट की जा सकती है। धर्मांतरण मामले में गिरफ्तारी के तार विदेशों से जुड़ते जा रहे हैं। यूके, अमेरिका और अन्य खाड़ी देशों से हवाला और अन्य जरिए फंडिंग करके गरीब और जरूरतमंद लोगों को शिकार बनाया जा रहा है? पंजाब में धर्मांतरण को लेकर अकाल तख्त के जत्थेदार ने ईसाई मशीनरियों पर पैसे और लालच देकर धर्मांतरण का आरोप लगाया है। इन घटनाओं से धर्मांतरण के खेल को समझा जा सकता है। कड़े कानूनों के बावजूद धर्मांतरण करने वालों को निश्चित रूप से राजनीति संरक्षण प्राप्त है। सरकार को चाहिए कि वह संरक्षण देने वालों के चेहरों से नकाब हठाए और उन्हें कड़ी सजा दे?

\- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**प्रधानमंत्री** के कुछ दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए जनता को ठगा जा रहा है और मैं जनता के साथ खड़ा रहूंगा।

\- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**इजराइल** को वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी में हमारे लोगों के खिलाफ अपने सभी उपायों को बंद कर देना चाहिए।

\- **महमूद अब्बास**
फिलिस्तीनी राष्ट्रपति



**अपनी** सहानुभूति के प्रतीक के रूप में, मैं केरल में जारी राहत और बचाव प्रयासों के लिए दान करना चाहता हूं।

\- **दलाई लामा**
आध्यात्मिक नेता"

# सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका : रमणीक

## हरियाणा सरकार मीडिया कर्मियों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त अम्बाला मंडल के मीडिया कोआर्डिनेटर रमणीक सिंह मान ने कहा कि हरियाणा सरकार मीडिया कर्मियों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है और सरकार ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अनेक कदम उठाए हैं। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र जिला से सम्बन्धित पत्रकारों की तमाम समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाएगा।

मीडिया कोआर्डिनेटर रमणीक सिंह मान रेलवे रोड पर स्थित एक निजी होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मीडिया कोआर्डिनेटर रमणीक सिंह मान ने प्रत्येक मीडिया कर्मी से बातचीत की और मीडिया से संबंधित नीतियों में ओर सुधार लाने से संबंधित सुझावों पर चर्चा की तथा कुछ मीडिया कर्मियों ने पेंशन, मेडिकल कैशलेस पालिसी, आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाले गोल्डन कार्ड तथा वीवीआईपी कार्यक्रमों में पत्रकारों के बैठने और पार्किंग से सम्बन्धित समस्याओं को भी रखा।



पत्रकारों से बातचीत करते मीडिया कोआर्डिनेटर रमणीक सिंह मान।

उन्होंने कहा कि मीडिया प्रजातंत्र का चौथा स्तम्भ है और समय के साथ-साथ मीडिया की भूमिका का महत्व भी दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और जनता की समस्याओं से सरकार को अवगत करवाने में मीडिया एक सेतू का काम करता है। सभी पत्रकारों ने चर्चा के दौरान कुछ विशेष सुविधाए उपलब्ध करवाने की मांगे भी रखी। इन मांगों में राज्य मुख्यालय की तर्ज पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को जिला स्तर पर आवास सुविधा उपलब्ध करवाने, स्थानीय टोल प्लाजा पर टोल फीस में छूट दिलवाने की आदि की मांग शामिल है। डीआईपीआरओ डॉ. नरेन्द्र सिंह, एआईपीआरओ बलराम शर्मा, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विनित क्वात्रा, भाजपा सोशल मीडिया इंचार्ज गुरमेहर सिंह सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पार्षदों ने नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर जड़ा ताला

### पानी की समस्या का समाधान न हो पाने से परेशान थे कॉलोनी के लोग और पार्षद

## नगर निगम प्रशासन पर लगाया अनदेखी और लापरवाही का आरोप

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत



नगर निगम गेट पर ताला लगाकर गेट के सामने बैठे नगर पार्षद।

शहर के अलग-अलग वॉर्ड में गंदा पानी सप्लाई होने वह समय पर पानी न पहुंचने के कारण पार्षदों ने लोगों के साथर मिलकर मंगलवार को सोनीपत नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। पार्षदों का आरोप है कि 10 महीने पार्षद बने हो चुके हैं, तभी से घरों में पानी की समस्या को लेकर असंख्य बार शिकायत दी जा चुकी है। हालात यह है कि घरों में पीने के पानी के साथ सीवरेज का गंदा पानी सप्लाई होता है, जिसके कारण बच्चे बुजुर्ग और अन्य लोग बीमार पड़ रहे हैं और वही काफी क्षेत्र ऐसा भी है, जहां पर पीने के पानी की सप्लाई सात दिन से ज्यादा का समय से बाधित पड़ी हुई है।

नगर निगम पार्षद इन्दु बलेचा, हरिप्रकाश सैनी, सुरेन्द्र नैय्यर व जटवाडा मोहल्लावासियों ने कहा कि जल ही जीवन है और सरकार ने लोगों के घर-घर तक पानी पहुंचाने का बेहतरीन जिम्मा अधिकारियों पर लगाया है, लेकिन अधिकारी हैं कि सरकार की जल योजना को न केवल पलीता लगा रहे हैं, बल्कि सरकार की छवि पर कालिख रगड़ने से बाज नहीं आ रहे। ताजा मामला सोनीपत का है जहां पर नगर निगम कार्यालय के मुख्य गेट पर पानी की परेशानी को लेकर अलग-अलग वार्ड के पार्षद और कॉलोनी के लोगों ने मिलकर ताला जड़ दिया। पार्षदों का आरोप है कि सोनीपत में 10 महीने से पीने के पानी की समस्या का निदान नहीं हुआ है। घरों में सप्लाई का पानी कई-कई दिन में पहुंचता है और जब भी घरों में पानी आता है तो सीवरेज का गंदा पानी पीने के पानी के साथ मिक्स होकर घरों में पहुंचता है। जिसके कारण बच्चे बुजुर्ग व अन्य लोग बीमार पड़ रहे हैं।

नगर निगम कार्यालय पर ताला जड़ने को लेकर पार्षदों ने कहा कि प्रशासन के अधिकारी कोई भी काम नहीं कर रहे हैं। नगर निगम पार्षदों ने कहा कि जाजल रेनीवाल भी बंद पड़ा हुआ है। वार्ड में लगे हुए पंपसेट भी सुचारू रूप से काम नहीं करते हैं। बार-बार शिकायत देने के बाद भी निदान नहीं होता। 10 महीने से ज्यादा के समय बीत जाने के बाद भी समस्या हल नहीं हुई तो ताला जड़ने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि घरों में पानी जहर के बराबर पहुंचता है। डेंगू, मलेरिया से इंसान बच सकता है, लेकिन गंदे पानी पीने से बचना मुश्किल है। वहीं स्थानीय कॉलोनी की महिलाओं ने भी आरोप लगाया है कि घरों में पीने का पानी कई दिनों से नहीं पहुंचा है। कुछ घर ऐसे हैं, जहां पानी पहुंचता है तो पानी काफी गंदा और बदबूदार होता है, जिससे उनके परिवार के सदस्य बीमार पड़ रहे हैं।



लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते एडीसी अशोक बंसल।

# जिला प्रदूषण मुक्त बनाने को अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ किया मंथन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।

## ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की समीक्षा करते हुए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिला को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अशोक कुमार बंसल ने संबंधित अधिकारियों के साथ गंभीरता से मंथन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठोस और तरल कचरा प्रबंधन के साथ बायोमेडिकल वेस्ट तथा अन्य प्रकार के कूड़ा प्रबंधन के भी ठोस प्रबंध किये जायें।

लघु सचिवालय में मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त अशोक कुमार बंसल की अध्यक्षता में आयोजित डिस्ट्रिक्ट एनवायरन्मेंटल प्लान के अंतर्गत बैठक में विस्तार से कूड़ा प्रबंधन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) पर्यावरण को लेकर बेहद संवेदनशील है, जिसके तहत प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनजीटी के निर्देशों की हर हाल में पूर्ण अनुपालना की जाएगी। इसके लिए कजुट प्रयासों की आवश्यकता है। सभी विभाग मिल-जुलकर इस दिशा में प्रयासों को गति दें। अतिरिक्त उपायुक्त बंसल ने कहा कि ठोस तथा तरल कचरा का प्रबंधन योजनाबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने रिपोर्ट ली कि किस खंड में कितना कचरा निकलता है और वहां कचरा प्रबंधन के लिए क्या प्रबंध किये गये हैं। उन्होंने कहा कि गीला व सूखा कूड़ा भी अलग-अलग करके उठाया जाए। इसके लिए आम जनमानस को भी जागृत करें ताकि लोग स्वयं कूड़ा अलग-अलग करके डालें। घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने के विशेष प्रबंध किये गये हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने खतरनाक कूड़ा और बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन की भी विस्तार से समीक्षा की।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के विरोध में प्रदर्शन



**भिवानी।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने बांग्लादेश के झंडा फूंक कर विरोध किया तथा रोहतक गेट पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रदीप बंसल के कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जिहादियों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हिन्दू धर्मस्थलों, पूजा पांडालों को तहस नहस करने के पश्चात हिन्दू परिवारों पर लगातार आक्रमण हो रहे हैं। अकेले दुर्गा पूजा के दौरान बांग्लादेश के 22 से ज्यादा जिलों से हिंसा की घटनाएं घट चुकी हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के 150 से ज्यादा दुर्गा पूजा पंडाल और इस्कॉन मंदिर को आग के हवाले कर दिया गया। देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ दी और हिंदुओं को मारा-पीटा गया। माताओं बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इतना सब होने के पश्चात भी बांग्लादेश की सरकार आंख बंद करके बैठी है। नगर अध्यक्ष ऋषि सिंह व वरुण बजरंगी ने संयुक्त रूप से कहा कि इन वीभत्स काण्डों को देखकर हिन्दुओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद बांग्लादेश सरकार से मांग करती है कि हिन्दुओं पर हो रहे आक्रमणों तथा अत्याचारों को रोकने हेतु कड़े कदम उठाए तथा भारत सरकार से बांग्लादेश से इन घटनाओं को रोकने हेतु दबाब बनाए।

### हरसाना रेलवे स्टेशन पर चलाया स्वच्छ भारत अभियान




**सोनीपत।** नेहरू युवा केन्द्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) एंव जिला प्रशासन सोनीपत के द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वच्छ भारत अभियान मनाया जा रहा है। नोडल अधिकारी अमरदीप सिंह अगुवाई में जिले के विभिन्न गांवों में युवा क्लबों एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के स्वयं सेवकों ने हरसाना कलां रेलवे स्टेशन एवं गोहाना बस स्टैंड में क्लीन इंडिया प्रोग्राम के तहत सफाई अभियान चलाया। इसमें स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक एवं अन्य कूड़ा संकलित करके निस्तारण किया। इस दौरान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने लोगों को प्रेरित किया गया कि वह कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करें एवं कूड़े को डस्टबिन में ही डालें, क्योंकि भारत देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सभी देशवासियों की है। इसमें नेहरू युवा केंद्र सोनीपत के स्वयंसेवक पिंकी, विनय कुमार और दीपांशु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सीजेएम ने माता प्रकाश कौर कल्याण केंद्र का किया निरीक्षण

**करनाल।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करनाल जसबीर ने बच्चों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत निर्धारित प्रावधानों के बारे में जागरूक करने के लिए भाषण और श्रवण विकलांग माता प्रकाश कौर कल्याण केंद्र का दौरा किया। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और बच्चों को पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के आधार पर बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए व बच्चों के बीच मिठाई बांटी गई। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी की अनुपालना में 2 अक्तूबर से 14 नवम्बर तक अखिल भारतीय जागरूकता और आउटरीच अभियान शुरू किया गया है।

### गांव में चलेगा दस का दम-स्वच्छता हर दम अभियान

**भिवानी।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गांवों को गंदगी से मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन के तहत दो अक्टूबर से दस का दम स्वच्छता हर दम अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 31 जनवरी 2022 तक चलेगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। जिला परिषद के सीईओ कुशल कटारिया ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि 31 अक्टूबर तक प्लास्टिक के कचरे का निस्तारण के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को इस बारे में जागरूक किया जाएगा कि प्लास्टिक कि वजह से पर्यावरण सबसे अधिक प्रदुषित होता है, इसलिए पॉलिथिन का प्रयोग न करें और पॉलिथिन को ईधर-उधर न फेंके। उन्होंने बताया कि एक नंवबर से 15 नंवबर तक ब्लॉक स्तर व जिला स्तर पर स्वच्छता में वित्त आयोग के सहयोग को सुनिश्चित किया जाएगा। 16 नवंबर से 30 नंवबर तक सुजालम अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सॉकपिट आदि की सफाई करवाई जाएगी। इसी प्रकार से एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत कार्य करवाया जाएगा

# कंप्यूटर साईंस विभाग के दो विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन



कंपनी में चयनित विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टाफ।

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के कंप्यूटर साईंस विभाग के दो विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है।

इस बारे में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेजर सिंह ने बताया कि कॉलेज की छात्रा रही नवकिरण का चयन इनफॉस कंपनी में साल्यूशन इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है जिसका पैकेज 12 लाख रुपये है। जबकि कॉलेज के ही छात्र रहे नवनीत सिंह का चयन जिलोसफोक कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ है और इनका पैकेज 11 लाख रुपये है। कॉलेज पहुंचने पर दोनों विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कंप्यूटर साईस विभाग के अध्यक्ष डा. जुझार सिंह व विभाग के प्राध्यापकों को दिया जिनके मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर डॉ. देवी भूषण, डॉ. गुरिंद्र सिंह प्रो. रीतिका मेहरा और डॉ. बीर सिंह उपस्थित रहे।

## हरियाणा में फिर से शुरू होंगे राहगिरी कार्यक्रम

**भिवानी।** कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के भिवानी के संयोजक संजय दुआ के राहगिरी कार्यक्रम को पहले की तरह सुचारू रूप से चलाने के सुझाव पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आश्वासन दे दिया है कि राहगिरी कार्यक्रम को बहुत जल्द फिर से शुरू करवाया जायेगा। यह आश्वासन मुख्समंत्री ने चंडीगढ़ के आवास पर कला एवं सांस्कृतिक व खेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक में दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने खेल व सांस्कृतिक मामलों में सभी से सुझाव मांगे। भिवानी से पहुंचे हरियाणवी कवियों एवं चिंतकों ने जहां खिलाड़ियों, कलाकारों व साहित्यकारों को रोजगार की गारंटी देने का सुझाव दिया, वहीं उन्होने सुझाव दिया कि सरकार हरियाणा कला परिषद की तरह हरियाणा साहित्य अकादमी को भी चार जोन में बांटकर काम करें तो और साहित्य को अधिक बढ़ावा मिलेगा। यह सुझाव भी दिया गया कि सरकार हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा देने की दिशा में उचित कदम उठाएं।

# जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट आउटरीच कैंप में 2.45 करोड़ का ऋण स्वीकृत : सुरेंद्र

पायनियर समाचार सेवा। करनाल




मेगा कैंप में मुख्य अतिथि सहित पीएनबी के अधिकारी।

पंजाब नेशनल बैंक के लीड बैंक मैनेजर सुरिंदर कुमार सिंघाल ने बताया कि जिले के सभी सार्वजनिक बैंकों और डीएफएस के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को एक जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन स्थानीय पंचायत भवन में किया गया जिसमें सरकार की बैंक से सम्बंधित सारी स्कीमों के बारे में ग्राहकों को सरकारी ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैंक द्वारा स्टॉल का भी आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि कैंप के माध्यम से बैंक से सम्बंधित और सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मेगा कैंप में टोटल 60 बॉरोवर को 2.45 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए, जिसमें सभी सार्वजनिक बैंकों का सहयोग रहा है। सरकार ने इस प्रोग्राम के माध्यम से सभी पब्लिक सेक्टर के बैंकों के द्वारा क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम की जो शुरुआत करवाई।

इसका लाभ जो छोटे ऋणी हैं, उनको रोजगार दिलवाने में बहुत मदद करेगा और साथ-साथ इसमें देश की आर्थिक स्थिति को भी सही दिशा मिलेगी तथा लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अच्छा कार्य किया जाएगा। यह प्रोग्राम पूरे महीने सभी ब्लॉक में भी किया जाएगा मुख्य अतिथि के रूप में नगराधीश अभय जांगड़ा ने शिरकत की और प्रोग्राम की शुरुआत फीता काट कर की गई। उप महाप्रबंधक पीएनबी एंड एसएलबीसी हरियाणा जगदीप सिंह ने भी सभी लोगों को क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम की योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंडल प्रमुख करनाल परविंदर कुमार, अंचल प्रबंधक इंडियन बैंक करनाल नरेंद्र कुमार, निर्देशक पशु पालन विभाग धर्मेन्द्र कुमार, एनयूएलएम से परवीन चुग, एचएसआरएलएम से गुरमीत सिंह, सीएफएल की टीम ने विस्तारपूर्वक अपनी-अपनी ऋण संबंधित जानकारी दी। मुख्य प्रबंधक राधे श्याम गुप्ता ने सभी आ आभार प्रकट किया।

## एसडीएम करेंगे वार्डबंदी से संबंधित दावे एवं आपत्तियों की सुनवाई

**भिवानी।** नगरपालिका चुनाव नियम, 1973 के नियम-3 के तहत नगर परिषद भिवानी की वार्डबंदी बारे दावे व आपत्तियों के निपटान हेतू एसडीएम भिवानी संदीप अग्रवाल को रिवाईजिंग अथॉरिटी नियुक्त किया है। उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों में नगरपालिका चुनाव नियम, 1973 के नियम 3 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर परिषद भिवानी की वार्डबंदी बारे दावे व आपत्तियों के निपटान हेतू एसडीएम संदीप अग्रवाल को रिवाईजिंग अथॉरिटी नियुक्त किया है।




# दो जज की मौजूदगी में इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अमृत महोत्सव सप्ताह का समापन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**करोलबाग**, बापा नगर स्थित शिव मंदिर पर आयोजित अमृत महोत्सव सप्ताह के समापन समारोह में इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के सदस्यों की हौसला अफजाई करने के लिए तीस हजारी कोर्ट की सेशन जज नीति सूरी मिश्रा, सचिव मध्य दिल्ली जिला सेवाएं प्राधिकरण एवं पटियाला हाउस कोर्ट के मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सुमित आनंद, सचिव नई दिल्ली जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण मौजूद थे।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दोनों जजों ने महिलाओं को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा जारी सेवा अभियान नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया और कहा कि किसी समाज की सफलता कानूनी अधिकारों के प्रति महिला के जागरूक होने पर निर्भर करती है। कानूनी जागरुकता के अलावा इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रतीकात्मक तौर पर सैनिटरी नैपकिन बांटे गए। संस्था के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने कहा कि गत 8 दिनों से चल रहे दिल्ली में अनेक कार्यक्रम किए गए हैं। इसमें गंगाजल वितरण, एन-95 मास्क वितरण, तुलसी पौधा वितरण, फ्री आई चेकअप कैंप, विशाल भंडारा, पौधारोपण, छात्रों को स्टेशनरी वितरण आदि कार्यक्रम शामिल थे।

आज इस अमृत महोत्सव कार्यक्रम के समापन दिवस पर संस्था द्वारा स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी संदेश देते हुए सैनिटरी नैपकिन बांटे गए। इन सभी कार्यक्रमों की अपार सफलता के पीछे रश्मि मल्होत्रा, आकाश अरोड़ा, सन्नी सिंह, संदीप अग्रवाल, सोनू सिंगला, मनीष चोपडा, राजीव गुलाटी, सरदार बलवीर सिंह, आरपी सिह, पूनम मेहता, संजीव गुप्ता, वीना जाजोरिया, रमेश चंद शर्मा, अमित खरबन्दा, संजय जैन, गौरव बजाज, नसीम अखतर, डॉ बलजीन्द्र सिंह, संदीप अरोडा, विक्की चौबे आदि सदस्यों का योगदान रहा।

## गीता निकेतन विद्यालय में शिशु भारती का किया गठन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में शिशु भारती का गठन हुआ। संचालन विद्यालय आचार्य बालिका शिक्षा प्रमुख नीलम कुन्नर व शारीरिक शिक्षा के आचार्य हरदीप ने किया। नीलम ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली और शासन प्रणाली में रुचि बढ़ाने के लिए विद्यालय में शिशु भारती का गठन किया जाता है। इसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने मंच पर अपना परिचय दिया और विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने सभी छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि नेतृत्व नेता में पाया जाने वाला ऐसा गुण है जो अन्य व्यक्तियों के व्यवहार को प्रभावित करता है। किसी समूह में ऐसा व्यक्ति जो समूह का प्रतिनिधि माना जाए और जो पूरे समूह पर प्रभुता रखता है और समूह के प्रति सेवा भाव रखता हो, नेता कहलाता है। छात्र समूह में भी नेतृत्व करने वाले वे प्रतिनिधि होते हैं जो समूह को या उसके बड़े भाग को नियंत्रित करने तथा प्रेरित करने की शक्ति रखते हो।

# रिसेलर्स के लिए आय के मजबूत स्त्रोत प्रदान करता ओटिपी, क्रॉफार्म

पायनियर सामचार सेवा। नई दिल्ली

**क्रॉफार्म** जो कि भारत का सबसे तेजी से उभरता हुआ कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप है और जिसकी स्थापना एक सीरियल उद्यमी और तकनीकी उत्साही वरुण खुराना द्वारा की गयी। गुरुग्राम स्थित कंपनी ने साल 2016 में बी2बी मॉडल के रूप में अपना परिचालन शुरू किया था और जिसे बाद में सोशल कॉमर्स द्वारा संचालित बी2बी2सी ओटिपी प्लेटफॉर्म में रीशेप कर दिया गया।

दिल्ली-एनसीआर में 2000 से अधिक रिसेलर (मुख्य रूप से महिलाओं) के साथ मिलकर काम करता है और जो पहले से ही 4,00,000 से अधिक अंतिम उपभोक्ताओं को उनके दरवाजे पर फ्रेश प्रोड्यस के साथ सेवा दे रहा है। कंपनी हरियाणा, यूपी, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और महाराष्ट्र के किसानों से ताजे फल और सब्जियां खरीदती है। इस प्लेटफॉर्म के पीछे मुख्य आइडिया मार्जिन पर काम कर रहे ताजा उपज के लिए एक स्केलेबल, मांग-संचालित और तकनीक-सक्षम आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। वर्तमान में, ओटिपी/क्रॉफार्म का सालाना लगभग 50 करोड़ रुपये का वार्षिक रन रेट हासिल करना है। ऐसे ही अपने नवीन विचारों पर वरुण खुराना क्रॉफार्म के संस्थापक ने अपने कुछ विचार हमसे साझा किये। प्रस्तुत है बातचीत के कुछ अंश –

**हमें अपने रिसेलर कार्यक्रम के बारे में बताएं और इसमें कोई कैसे नामांकन कर सकता है?**

ओटिपी के रिसेलर कार्यक्रम को एक सूक्ष्म-उद्यमी मॉडल भी कहा जा सकता है, जहां एक रिसेलर को 10 लाख रुपये /वर्ष तक कमाने का एक अद्भुत अवसर मिलता है। इसमें पार्टनर को सुबह-सुबह इको-फ्रेंडली पैक्ड के ऑर्डर मिलते हैं, और उन्हें इसे उपभोक्ता के दरवाजे पर पहुंचाना होता है। उन्हें बस अपने 3-4 घंटे समर्पित करने होते हैं और वे कम्युनिटी लीडर हो सकते हैं, इसके अलावा, उन्हें एक अच्छी रकम कमाने का भी मौका मिलता है। इसके साथ ही, हम विभिन्न प्रमोशनल एक्टिविटीज को शुरू कर रिसेलर की सहायता करते हैं जिसमें ग्राहकों के लिए प्रतियोगिताएं, और समाज के बाजारों और रिसेलर के आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों और गतिविधियों को संरेखित करना है। हमारे रिसेलर प्रोग्राम में एनरोल करने के लिए, कोई भी हमारे सोशल मीडिया हैंडल, वेबसाइट पर जा सकता है, जहां पर हम नियमित रूप से कार्यक्रम के बारे में जानकारी अपडेट करते रहते हैं। इसके अलावा और अधिक स्पष्टता प्राप्त करने के लिए वे कार्यालय में भी जा सकते हैं और हमारे अधिकारियों के साथ बात कर सकते हैं।

**किसी को भी रिसेलर प्रोग्राम के बारे में कैसे पता चलता है और आप वर्तमान में कितने रिसेलर के साथ काम कर रहे हैं?**

हम एक डिजिटल स्टार्टअप हैं और हम भागीदारों को जोड़ने के लिए डिजिटल के साथ पारंपरिक तरीकों का भी उपयोग करते हैं। कोई भी हमारी वेबसाइट, सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हमारे रिसेलर प्रोग्राम के बारे में और अधिक जान सकता है साथ ही कार्यालय जाकर हमसे व्यक्तिगत रूप से भी मिल सकता है। वर्तमान में हमारे साथ 10,000 से अधिक भागीदार एनरोलड हैं।

# हरियाणा सरकार ने मंजूर किया पंचकूला-मोरनी सड़क प्रोजेक्ट

## राज्य सरकार ने नेशनल बोर्ड आफ वाइल्ड लाइफ को भेजा प्रस्ताव

### मुख्यमंत्री ने ली राज्य वन्यजीव बोर्ड की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पंचकूला महानगरीय विकास को पंचकूला-मोरनी सड़क प्रोजेक्ट और गति प्रदान करेगा। इससे मोरनी क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पंचकूला से मोरनी जाने वाली सड़क को और मजबूत व चौड़ा करने के प्रस्ताव को केंद्र में भेजे जाने के लिए अनुमति प्रदान की। मुख्यमंत्री राज्य वन्यजीव बोर्ड हरियाणा की छठी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में वन एवं वन्यजीव विभाग के मंत्री कंवरपाल भी मौजूद रहे। पंचकूला से मोरनी जाने वाली लगभग 17 किलोमीटर लंबी सड़क को चौड़ा और मजबूत किया जाना है। यह सड़क पंचकूला के खौल-ही-राइतान वन्य अभयारण्य के क्षेत्र में आती है। सड़क निर्माण कार्य के लिए केंद्र सरकार के नेशनल बोर्ड आफ वाइल्ड लाइफ की मंजूरी अनिवार्य है।



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पंचकूला के विकास और पर्यटन के लिए सड़क का चौड़ा होना अति आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने तत्काल राज्य वन्यजीव बोर्ड को इस सड़क के चौड़ा और मजबूत करने का प्रस्ताव बनाकर नेशनल बोर्ड आफ वाइल्ड लाइफ को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क के नवनिर्माण से पंचकूला महानगरीय विकास प्रोजेक्ट को बल मिलेगा और मोरनी क्षेत्र में पर्यटकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव एसएन रॉय, आलोक निगम, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, प्रधान सचिव विनीत गर्ग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### वाइल्ड लाइफ और पर्यावरण से जुड़े प्रस्तावों में न हो देरी

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वन क्षेत्र, वाइल्ड लाइफ और पर्यावरण से जुड़े प्रस्तावों में कोई देरी न की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनसे जुड़े प्रस्तावों को समय रहते रिव्यू करके उन पर फैसले लिए जाएं ताकि विकास कार्य समयबद्ध तरीके से किए जा सकें। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने वन्यजीव संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बैठक के दौरान माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड, पंचकूला में स्थापित किए जाने वाले इंडियन इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेदा के प्रोजेक्ट पर भी चर्चा की गई। यह प्रोजेक्ट भी मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के नेशनल बोर्ड आफ वाइल्ड लाइफ को भेजा गया।

# शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के कौशल विकास पर दिया जाए बल : राज्यपाल

## राज्यपाल ने किया आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

### अमृत महोत्सव का शुभारंभ करने के बाद शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी



**राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षाविदों से विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार कौशल विकास पर बल देने का आह्वान किया। जिस भी युवा के पास कौशल और निपुणता होगी, उसके पास रोजगार के भरपूर अवसर रहेंगे। वह मंगलवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ करने के बाद शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय का विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलपति प्रो. एसके. गक्खड़, दक्षिणी रेंज के आईजी. डॉ. एम रविकिरण, उपायुक्त यशेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक जोरवाल और कुलसचिव प्रो. प्रमोद कुमार ने स्वागत किया।

राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी इस परिसर से शिक्षा प्राप्त कर अपने आगामी जीवन में प्रवेश करेंगे। शिक्षा का उद्देश्य नौकरी हासिल करना नहीं, बल्कि अपने कौशल से नए आइडिया पर काम करते हुए क्षेत्र व देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी उद्देश्य को लेकर स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया व स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रम आरंभ किए हैं। हरियाणा सरकार ने भी नई शिक्षा नीति को लेकर सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले शहीदों के प्रति सदैव ऋणी होना चाहिए। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए 75वें स्वतंत्रता प्राप्ति के अवसर पर यह संकल्प भी धारण करना चाहिए कि जब 2047 में आजादी हासिल करने का शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा तब हमारा देश दुनिया की महाशक्ति बने। वर्तमान समय रिफॉर्म और परफार्म करने का दौर है। अगले 25 वर्ष तक हम सबको इसी संकल्प पर खेल, विज्ञान, उद्योग, कृषि आदि सभी क्षेत्रों में इसी उद्देश्य से आगे बढ़ना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय का दौरा करने के अपने अनुभव को व्यक्त करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि ग्रामीण क्षेत्र होने के बावजूद फारवर्ड लुकिंग एप्रोच के साथ यहां शिक्षा प्रदान की जा रही है। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. गक्खड़ ने कार्यक्रम में पहुंचने पर कुलाधिपति, राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने योग, माइम, देशभक्ति गीत सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को अद्भुत व दिल को छूने वाला प्रदर्शन बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।

# कैथल जिले में हुई 4 लाख 58 हजार 786 मीट्रिक टन धान की आवक

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



जिले की विभिन्न मंडियों में खरीद एजैंसियों द्वारा 4 लाख 58 हजार 786 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा सबसे अधिक 2 लाख 33 हजार 350 मीट्रिक टन धान खरीदी गई है।

धान खरीद को लेकर उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि जिला में विभिन्न स्थानों पर संचालित मंडियों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में उचित प्रबंध भी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अभी तक 4 लाख 58 हजार 786 मीट्रिक टन धान की खरीद कर ली गई है। इसमें 2 लाख 33 हजार 350 मीट्रिक टन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, 1 लाख 14 हजार 29 मीट्रिक टन हैफेड द्वारा, 207 मीट्रिक टन भारतीय खाद्य निगम द्वारा और 1 लाख 11 हजार 200 मीट्रिक टन हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा खरीदी गई है। मंडियों से खरीदी गई धान का उठान भी किया जा रहा है। अभी तक 3 लाख 16 हजार 462 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि जिला की बाबा लदाना मंडी में 5078 मीट्रिक टन, ढांड मंडी 59 हजार 842 मीट्रिक टन, गुहला चीका मंडी 2 लाख 5 हजार 3 मीट्रिक टन, कैथल मंडी में 99 हजार 480 मीट्रिक टन, कलायत मंडी में 2728 मीट्रिक टन, कौल मंडी में 4286 मीट्रिक टन, पाई मंडी में 3077 मीट्रिक टन, पूंडरी मंडी में 35 हजार 7 मीट्रिक टन, राजौंद में 2014 मीट्रिक टन, रामथली में 23 हजार 335 मीट्रिक टन और सीवन मंडी में 18 हजार 936 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है।उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि किसान अपनी धान को मंडी में पूरी तरह से सुखाकर लाएं, ताकि मंडी में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आए। उन्होंने कहा कि किसान अपने नजदीक बने कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से कृषि यंत्रों के माध्यम से धान की कटाई के बाद बचने वाले अवशेषों का प्रबंधन कराएं, ताकि आय में बढ़ोत्तरी हो। किसान अवशेषों में आग नहीं लगाएं, क्योंकि आग लगाने से जहां धरती की उर्वरा शक्ति कमजोर होती हैं, वहीं जान-माल का खतरा होने का अंदेशा भी बना रहता है।

# सरकार के माध्यम से संस्था को आर्थिक सहयोग दिलाने का करेंगे प्रयास : कटारिया



**कुरुक्षेत्र।** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया ने मंगलवार को श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में पहुंचकर सभा के नवनिर्वाचित प्रधान सूरजभान नरवाल व कार्यकारिणी सदस्यों को सम्मानित किया।

सूरजभान कटारिया ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को पगड़ी पहनाई और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। सूरजभान कटारिया ने इस मौके पर नवानिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थाओं में समय समय पर बदलाव अवश्य होना चाहिए। साथ ही समाजसेवा के लिए युवाओं एवं महिलाओं को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने रविदास समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और पुराने पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संस्था और समाज के लिए कार्य करें। उन्होंने प्रधान व अन्य पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि वे केंद्र सरकार व राज्य सरकार के माध्यम से संस्था को आर्थिक सहयोग दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास समाज के बहुत बड़े संत थे। इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि उनके द्वारा दिए गए संदेश को समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर संस्कारवान बनाएं।

सभा के नवनिर्वाचित प्रधान सूरजभान नरवाल, महासचिव ओमप्रकाश तंवर ने कहा कि उन्हें जो मान सम्मान की सूचक पगड़ी भेंट की गई है, वे इसका पूरा सम्मान करेंगे और प्रधान पद पर रहते हुए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए मंदिर हित के लिए कार्य करेंगे। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल आर्य, ओमप्रकाश तंवर, ओमप्रकाश ओपी, रामकुमार राहुल, राजेंद्र पाटिल, ओमप्रकाश मुढाड, गुलाब सिंह, जगमिंद्र सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ठेके के सेल्समैन से लूटे नौ हजार और 35 शराब की पेटियां

**कुरुक्षेत्र।** गांव घमूरखेड़ी स्थित शराब के ठेके से अज्ञात लोगों ने पिस्तौल के बल पर 35 पेटी शराब और नौ हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अनुज कुमार निवासी गांव नंगला उतर प्रदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार रात्रि वह ठेका पर खाना खा रहा था तो उसी दौरान एक गाड़ी लुखी की तरफ से पीछे से खुली बॉडी वाली आई और ठेके के सामने से थोड़ा आगे आकर रुकी। उसमें से उतर कर एक नौजवान व्यक्ति उसके पास ठेके पर आया और कहने लगा कि एक पेटी देशी शराब की चाहिए। इस पर उसने ठेका इंचार्ज नरेश कुमार से फोन पर बात की और बात होने के बाद उस व्यक्ति से 1300 रुपये लिए और ठेके का गेट खोल कर शराब की पेटी जैसे ही उस व्यक्ति को देने लगा, तो उसी दौरान दो नौजवान अन्य व्यक्ति गाड़ी की तरफ से आए और एकदम ठेका के अंदर घुस गए। उनमें से एक व्यक्ति के पास छोटी गन थी, उसने गन से उसे भय दिखाया और दूसरे व्यक्तियों ने ठेका से करीब 30 से 35 पेटी देशी और अंग्रेजी शराब ठेका से उठा कर गाड़ी में लोड किया और उसके बाद ठेका के गल्ले में से 8-9 हजार रुपये और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। आरोपियों ने धमकी दी कि अपने ठेकेदार को बोल देना आज तो शराब व पैसे लेकर जा रहे है आईंदा गोली मार देंगे।

# खरखौदा-रोहतक रोड पर अवैध निर्माणाधीन कमर्शियल शॉप और टॉयलट किये ध्वस्त

### कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जिला प्रशासन की मदद से तोडफोड की कार्यवाही अमल में लाई गई।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



अवैध निर्माण को गिराती जेसीबी।

उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि जिला नगर योजनाकार सोनीपत द्वारा गांव सिसाना की राजस्व सम्पदा में खरखौदा से रोहतक रोड़ के सामने खसरा नं0 18//6/1/1 में 1 निर्माणाधीन कमर्शियल शॉप व 4 टॉयलट का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि संबंधित के विरुद्ध पहले ही कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जिला प्रशासन की मदद से तोडफोड की कार्यवाही अमल में लाई गई।

उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बरर्बाद ना होने दें, क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है।उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है।

विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर मे पनप रहीं अवैध कालोनियों व निर्माणों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्यवाही नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। तोडफोड की कार्यवाही के दौरान अंजू, सहायक नगर योजनाकार-कम-ड्यूटि मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजूद थे। जिला नगर योजनाकार सोनीपत नरेश कुमार ने बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोडफोड में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध निर्माण, अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके।

उन्होंने बताया कि सभी अवैध कालोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी अवैध कालोनी, निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें।

# खेल प्रतिभाओं के अनुरूप नए स्टेडियमों के लिए की जाएगी मैपिंग :सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भारत विश्व का एक युवा देश है इसको देखते हुए हमें राज्य के लगभग 75 लाख 18 से 35 आयु वर्ग के युवाओं को जागृत करने के लिए काम करना होगा। खेल, कला एवं संस्कृति इस कड़ी में युवाओं की प्रतिभा निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को उनके आवास पर मिलने आए भाजपा के खेल, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि 'समस्याएं आपकी समाधान हमारा' नीति पर हम चल रहे हैं इसके लिए हमने सीएम विंडो की भी व्यवस्था की है। इसके लिए कोई भी सादे कागज पर समस्या लिख कर दे सकता है। उस पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए स्टेडियमों के लिए मैपिंग की जाएगी और क्षेत्रवार व खेल की पसंद के अनुरूप खेल प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। इसी प्रकार, कला के क्षेत्र में भी उभरते कलाकारों को अच्छा प्लेटफार्म देने के लिए राज्य स्तर, जिला स्तर व खंड स्तर पर ख्याति प्राप्त लोक कलाकारों के नाम पर उनकी विधा के अनुरूप पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए 'कैच-दम-यंग' नीति के अनुरूप हमें काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि 18 से 35 आयु वर्ग के युवाओं को नैतिक शिक्षा, गुणवत्ता शिक्षा देने पर हमें बल देना होगा।

### पिंजौर में 60 एकड़ में एक फिल्म सिटी की स्थापना की जा रही

मुख्यमंत्री ने पानीपत के प्रतिनिधि द्वारा हरियाणा दिवस के अवसर पर एक नवम्बर को मैराथन दौड़ करवाने के कार्यक्रम की सराहना भी की। उन्होंने खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जिले में किसी न किसी अस्पताल से तालमेल कर स्पोटर्स इंजरी का एक छोटा वार्ड बनाया जाए ताकि खिलाडियों को यदि खेल के दौरान चोट लगती है तो उसका ईलाज किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिंजौर में 60 एकड़ में एक फिल्म सिटी की स्थापना की जा रही है। पंचकूला जिला हिमाचल से सटा है तथा मोरनी हिल्स व शिवालिक पर्वतीय क्षेत्र में फिल्मों की शूटिंग के लिए उपयुक्त है। भिवानी से आए कवि वी.एम.वैचन ने कहा कि उन्होंने अंग्रेजी व संस्कृत की कई पुस्तकों का हरियाणवी में अनुवाद किया है । उन्होंने हरियाणवी बोली को भाषा में बदलने के लिए एक आयोग के गठन या हरियाणवी अकादमी के गठन की मांग मुख्यमंत्री से की। उन्होंने हरियाणावी में अनुवादित पुस्तक 'जै' मुख्यमंत्री को भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल व गजेन्द्र फौगाट, राजनीतिक सचिव अजय गौड़ के अलावा खेल, कला एवं संस्कृति विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी वर्करों ने सौंपा ज्ञापन



**कुरुक्षेत्र।** आंगनबाड़ी वर्करों का लघु सचिवालय समक्ष धरना मंगलवार को भी जारी रहा। आंगनबाड़ी वर्करों ने यूनियन की प्रधान परमजीत कौर की अध्यक्षता में मांगों को लेकर एक ज्ञापन सीटीम को सौंपा। परजमीत कौर ने कहा कि एक ओर सरकार महिला व बाल विकास की बात करती है दूसरी ओर आंगनबाडी वर्करों को न्यूनतम वेतन भी नहीं मिलता है। सरकार अन्य महकमों की तरह हमें भी किसी प्राइवेट एजेंसी का गुलाम बनाना चाहती है। यह एजेंडा सरकार ने नई शिक्षा नीति में प्ले वे स्कूल के माध्यम से रख दिया है। इससे हमें अपनी मांगों के लिए आवाज उठाने का अधिकार भी नहीं रहेगा। परमजीत ने कमला की बहाली व आंगनबाड़ी बहनों पर बनाए गये झूठे केस वापस लेने की मांग भी दोहराई। आंगनबाड़ी वर्करों को जन संघर्ष मंच हरियाणा की पदाधिकारी उषा ने भी संबोधित किया। रेखा, कांता अमीन, मीना धुराला, प्रवीन उमरी, शारदा, बीता पिपली, जसवीर मथाना आदि वर्कर मौजूद रहे।

### स्वामी कृष्ण कांत को बनाया जिला सोशल मीडिया प्रभारी




**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 17 स्थित भाजपा कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर जयंती बनाई गई। एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह कनीपला ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी जी हमारे प्रेरणास्रोत है। उन्होंने हमें रामायण की रचना कर परिवार एवं समाज के संस्कारों से युक्त संग्रह दिया है। हमें इनका अनुसरण करना चाहिए । इस दौरान जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने सोशल मीडिया प्रभारी की नियुक्ति के बारे में घोषणा की। अनुसूचित जाति मोर्चा कुरुक्षेत्र में जिला सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में जय भगवान भैंसी माजरा, अमर सिंह नंबरदार बाबैन और स्वामी कृष्ण कांत को जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। जिला उपाध्यक्ष रोशन बेदी, सुशील राणा, रमेश पठानिया, इशर सिंह, राहुल सोधा, गुरमेल इशरेडी, डॉक्टर राजेश, ज्योति खंगवाल, और थानेसर एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोल्डी चौहान, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन, धर्मपाल, राजेश सिंह, बलबीर सिंह मंडल महामंत्री और राहुल हथीरा उपस्थित रहे।

### बाल महोत्सव में लिटल हार्टस के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**भिवानी।** जिला बाल कल्याण विभाग द्वारा बाल भवन पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय बाल महोत्सव में विभिन्न स्मूहों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता के तृतीय ग्रुप में राखी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व चतुर्थ ग्रुप में योगिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व भाषण प्रतियोगिता के चतुर्थ ग्रुप में प्रियंका ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का स्थान प्राप्त कर लिटल हार्टस स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बच्चों की इस उपलब्धि पर सभी बच्चों व अध्यापकों को उनके अथक परिश्रम की सराहना करते हुए व उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महासचिव संजय गोयल व प्रबंधक सतीश गोयल ने भी सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### श्रद्धा और भक्ति भावना से मां भगवती जागरण आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर के अध्यक्ष व मां दुर्गा चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. सुरेश मिश्रा ने मां भगवती जागरण, श्री दुर्गा देवी मन्दिर और अपने परिवार का इतिहास बताया कि उनका पैत्रिक परिवार परदादा स्वर्गीय पंडित सीता राम मिश्रा, दादा स्वर्गीय पंडित जटा शंकर मिश्रा व पिता स्वर्गीय पंडित श्री शेषमणि मिश्रा सन 1860 से वैदिक ज्योतिष, वास्तु एवं धार्मिक कार्यक्रमों को विश्व कल्याण के लिए वाराणसी से सेवा प्रदान कर रहा है। 31 दिसम्बर 1963 को श्री दुर्गा देवी मन्दिर की स्थापना उनके पूज्यनीय पिता स्वर्गीय पण्डित शेषमणि मिश्रा संस्थापक ने समस्त पिपली के भक्तों द्वारा करवाई थी। तभी से नवरात्र में चैत्र मॉस और आश्विन मॉस की त्रयोदशी को भगवती जागरण और चौदस नवरात्र को यज्ञ व भंडारा प्रारम्भ हुआ था। उसी श्रृंखला में समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से भगवती जागरण आश्विन मॉस की त्रयोदशी नवरात्र सोमवार को श्रवण राज गायक एंड पार्टी बाबैन द्वारा किया गया।

### भाजपा ने विभिन्न संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया



**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने के लिए स्थानीय पी डब्ल्यू डी रैस्ट हाउस मे भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में सभी इन भाजपा पदाधिकारियों से विगत दिनों हुई पार्टी की गतिविधियों पर चर्चा के साथ साथ पार्टी के भविष्य में होने वाले संगठन के कार्यक्रमों के बारे चर्चा के बाद डयूटियां निर्धारित की गई। भाजपा जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हैं, क्योंकि भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उसके बाद हीं पार्टी है और हम स्वयं सबसे अंतिम में आते हैं। नरेन्द्र मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने है। उन्होंने पार्टी को समाजसेवा से जोड़ दिया है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा सभी पदाधिकारियों को सभी को पार्टी गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का निर्देश जारी किए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प व समर्पण ने देशवासियों में एक नई ऊर्जा व आत्मविश्वास पैदा किया है।

# जिहादिस्तान बनता जा रहा है बांग्लादेश

# मदरसे फैला रहे हैं नफरत : तसलीमा

**मोना पार्थसारथी।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश** में हिंदू विरोधी हिंसा की हालिया घटनाओं से क्षुब्ध मशहूर लेखिका तसलीमा नसरीन ने कहा है कि उनका देश अब जिहादिस्तान बनता जा रहा है, जहां सरकार अपने सियासी फायदे के लिए मज़हब का इस्तेमाल कर रही है और मदरसे कट्टरपंथी पैदा करने में लगे हैं। बांग्लादेश से 28 वर्ष पहले निष्कासित लेखिका ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं अब इसे बांग्लादेश नहीं कहती। यह जिहादिस्तान बनता जा रहा है। सभी सरकारों ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल किया। उन्होंने इस्लाम को राजधर्म बना दिया, जिससे वहां हिंदुओं और बौद्धों की स्थिति दयनीय हो गई है।

पिछले सप्ताह बांग्लादेश में, कोमिला इलाके में दुर्गापूजा के एक पंडाल में कथित ईशनिंदा के बाद हिंदू मंदिरों पर हमले किए गए और कोमिला, चांदपुर, चटगांव, कॉक्स बाजार, बंदरबन, मौलवीबाजार, गाजीपुर, फेनी सहित कई जिलों में पुलिस और हमलावरों के बीच संघर्ष हुआ। हमलावरों के एक समूह ने रंगपुर जिले के पीरगंज गांव में हिंदुओं के करीब 29 घरों में आग लगा दी। अपने लेखन के कारण हमेशा कट्टरपंथियों के निशाने पर रहीं तसलीमा ने कहा, हिंदू विरोधी भाव बांग्लादेश में नया नहीं है और यह हैरानी की बात है कि इसके बावजूद दुर्गापूजा के दौरान हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री शेख हसीना को बखूबी पता है कि दुर्गापूजा के समय हमेशा हिंदुओं पर जिहादियों के हमले का खतरा रहता है, तो उनकी सुरक्षा के उपाय क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अब दहशत के कारण बचे खुचे हिंदू भी वहां नहीं रहेंगे। सरकार चाहती तो उनकी रक्षा कर सकती थी। यह हिंदू विरोधी मानसिकता चिंताजनक है। विभाजन के समय वहां 30 प्रतिशत अल्पसंख्यक थे जो अब घटकर नौ प्रतिशत रह गए हैं तथा आने वाले समय में और कम होंगे। तसलीमा को 1993 में उनके चर्चित उपन्यास लज्जा के प्रकाशन के बाद बांग्लादेश से निष्कासित कर दिया गया था। भारत में 1992 में हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद बांग्लादेश में हिंदू विरोधी दंगों की पृष्ठभूमि में उन्होंने लज्जा लिखी थी। उन्होंने कहा, मैंने 1993 में लज्जा लिखी, जिसकी कहानी एक हिंदू परिवार पर केंद्रित थी, जो कट्टरपंथी हिंसा के बाद देश छोड़ने को मजबूर हो गया था। ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ 1993 की बात है, यह सिलसिला लगातार चला आ रहा है। मुस्लिम चाहते हैं कि हिंदू बांग्लादेश छोड़ दें ताकि वे उनकी जमीन हथिया सकें।



### ‘इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है’

तसलीमा ने बेशुमार संख्या में मदरसों और मस्जिदों के निर्माण का विरोध करते हुए कहा, बांग्लादेश में बेवजह इतनी मस्जिद और मदरसे बनाए जा रहे हैं। मजहबी उपदेशों की वाज महफिलों का भी चलन बढ़ गया है, जो अनपढ़ गरीबों को इस्लाम के नाम पर कट्टरपंथी बना रही हैं। कुरान अरबी में है और हर कोई पढ़ नहीं सकता लिहाजा ये कट्टरपंथी अपने हिसाब से उसकी व्याख्या करते हैं। ऐसे में जब कुरान की निंदा की अफवाह फैलती है तो ये लोग मारने पर उतारू हो जाते हैं। तसलीमा ने कहा, आप देश को क्या बनाना चाहते हैं? दूसरा तालिबान? सारी आर्थिक प्रगति बेकार है अगर दिमाग में ऐसा जहर भरा जा रहा है। इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है, लेकिन वहां इसकी शिक्षा दी ही नहीं जा रही। उन्होंने कहा , मैं पूरे जीवन कट्टरपंथियों के निशाने पर रही क्योंकि मैंने महिलाओं और मानवाधिकार के मसले पर लिखा। मुझे मेरे देश से 28 साल पहले निकाल दिया गया और किसी सरकार ने मुझे दोबारा आने नहीं दिया। लज्जा आज तक वहां प्रतिबंधित है और किसी ने इसका विरोध भी नहीं किया। मुझे बहुत दुख होता है।

### राजनीति को धर्म से अलग रखना जरूरी

तसलीमा ने कहा कि सरकार को मदरसों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और धर्म को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार को मदरसों पर पूरा नियंत्रण रखना चाहिए। इसके अलावा बच्चों को धर्मनिरपेक्ष स्कूलों में भेजना चाहिए ताकि उनके दिमाग में इस्लाम और कुरान को लेकर कट्टरवाद पैदा न हो और वे दूसरों के धर्म का भी सम्मान करना सीखें। उन्होंने कहा, राजनीति को धर्म से अलग रखना जरूरी है। हिंदू दुकानों, घरों या मंदिरों में आग लगाने वाले लोग अकेले दोषी नहीं है। सरकारों ने इतने साल वोट बैंक की राजनीति के लिए उन्हें ऐसा करने का आधार दिया। इस पर रोक लगनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि चटगांव में इस हिंसा के विरोध में रैली में इतनी बड़ी तादाद में लोगों ने भाग लिया, जिनमें मुस्लिम भी थे। इसका बड़ा श्रेय सोशल मीडिया को जाता है।

# पूर्वी क्षेत्र के अंदुरूनी इलाकों में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है चीन: पूर्वी सेना के कमांडर

**एजेंसी।** रूपा



पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र के सामने अपने अंदरूनी इलाकों में तैनाती और सैन्य अभ्यास बढ़ा दिए हैं तथा भारत ने क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हर प्रकार की चुनौती से निपटने के लिए इसी के अनुसार आकस्मिक योजनाएं बना ली हैं। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने भारत के समग्र सैन्य आधुनिकीकरण की जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत युद्ध समूह (आईबीजी) नामक नई लड़ाकू संरचनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। ये समूह अधिक प्रभावी दृष्टिकोण के साथ तेजी से कार्य करने में समक्ष हैं।

आईबीजी में पैदल सेना, तोपखाने, वायु रक्षा, टैंक और रसद इकाइयां शामिल होंगी। इस नई व्यवस्था से खासकर चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर सेना की युद्ध लड़ने की क्षमताओं में सुधार की उम्मीद है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे ने कहा कि 17 माउंटेन कोर के संचालन की योजना को 2014 में बनाई गई योजना के अनुरूप लागू किया गया है। उन्होंने कहा, पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) वहां जो वार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास करती है, उस संबंधी गतिविधियों में अंदरूनी इलाकों में बढ़ोतरी देखी गई है। पीएलए ने जो कुछ आरक्षित समूह गोलबंद किए थे, वे अंदरूनी इलाकों में बने अपने प्रशिक्षण क्षेत्रों में मौजूद हैं। उन्होंने कहा, दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट बुनियादी ढांचे विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके कारण समय-समय में कुछ समस्याएं पैदा होती रहती हैं।

लेफ्टिनेंट जरनल पांडे ने कहा कि नए बुनियादी ढांचों के विकास के बाद से बलों की तैनाती में बढ़ोतरी हुई है। कमांडर ने बताया कि भारत ने कई कदम उठाए हैं और उनमें से सबसे अहम कदम रणनीतिक स्तर से लेकर सामरिक स्तर तक सभी निगरानी संसाधनों के तालमेल के जरिए वास्तविक नियंत्रण रेखा और अंदरूनी इलाकों के पास निगरानी गतिविधियां बढ़ाना है। उन्होंने कहा, हमारे पास पर्याप्त बल हैं जो हर प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए हर क्षेत्र में उपलब्ध हैं। हम विभिन्न संभावित आकस्मिक स्थितियों से निपटने का अभ्यास कर रहे हैं। चीन और भूटान के बीच दशकों पुराने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए हाल में किए गए समझौते और उससे डोकलाम टाई-जंक्शन के आसपास के क्षेत्रों में भारत के रणनीतिक हितों पर पड़ सकने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर सैन्य कमांडर ने सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि सरकार के संबंधित प्राधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गति ने नेटवर्क क्षमता में 20-25 प्रतिशत वृद्धि की

**मुंबई।** एक्सप्रेस वितरण कंपनी गति ने मंगलवार को बताया कि उसने अपने फ्लेक्सी नेटवर्क में 100 लाइन हॉल ट्रकों को जोड़कर अपनी नेटवर्क क्षमता में 20-25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है, जबकि कार्यबल में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य त्योहारी सत्र के दौरान मांग में भारी बढ़ोतरी के मद्देनजर आपूर्ति में लगने वाले समय को कम करना है। इसके साथ ही त्योहारी मांग को अच्छी तरह से पूरा करने के लिए गति एयर ने भारत में 28 वाणिज्यिक हवाई अड्डों से सीधे संपर्क स्थापित करने वाली प्रमुख विमानन कंपनियों के साथ साझेदारी भी की है। गति केडब्ल्यूई के आपूर्ति श्रृंखला संचालन के प्रमुख चार्ल्स डेवलिन डीकोस्टा ने कहा, हम आगामी सत्र के दौरान बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं। नेटवर्क क्षमता को 20-25 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा, जबकि कार्यबल को कम से कम 15 प्रतिशत तक मजबूत किया जा रहा है।

### रैपर कान्ए वेस्ट ने अपना नाम बदलकर रखा ‘ए’

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर रैपर कान्ए वेस्ट का नाम अब ‘ए’ है। लॉस एंजिलिस के एक न्यायाधीश ने सोमवार को रैपर, फैशन डिजाइनर एवं निर्माता कान्ए वेस्ट के नाम बदलने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश माइकल विलियम्स की अदालत ने कहा, इसको लेकर कोई आपत्ति नहीं है, नाम बदलने की याचिका को स्वीकार किया जाता है। कान्ए ने निजी कारणों का हवाला देते हुए 24 अगस्त को यह याचिका दायर की थी। कान्ए वेस्ट और किम करदाशियां के चार बच्चे हैं। किम ने फरवरी में कान्ए से तलाक के लिए याचिका दायर की है और आगे की प्रक्रिया चल रही है।

### इजराइल में हॉट एयर बलून से गिरने पर एक की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल में मंगलवार को एक व्यक्ति हॉट एयर बलून से नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इजराइल पुलिस ने यह जानकारी दी। हॉट एयर बलून एक बड़ा गुब्बारा होता है, जिसमें टोकरी जुड़ी होती है, जिस पर बैठ लोग उड़ान का आनंद लेते हैं। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति गुब्बारे के चालक दल का सदस्य था और गुब्बारे की टोकरी से लटक रहा था। ऊंचाई से गिरने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय पुलिस अधिकारी स्लावा बोनचुक ने इजराइली सेना रेडियो को बताया कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि हॉट एयर बलून टोकरी से लटकते व्यक्ति के साथ ही उड़ गया था। राहगीरों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी, जिसने पायलट को इसके बारे में बताया। पायलट गुब्बारे को नीचे ला पाता, इससे पहले ही व्यक्ति जमीन पर गिर गया।

### ऊर्जा बाजारों में बिजली कीमतों की सीमा तय हो: एआईपीईएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय बिजली अभियंता संघ (एआईपीईएफ) ने मंगलवार को कहा, ऊर्जा बाजारों में बिजली कीमतों की सीमा तय करने के लिए नियामकों के मंच की तत्काल बैठक होनी चाहिए। एआईपीईएफ ने इसके साथ ही कोयले की मौजूदा कमी के दौरान निजी परिचालकों द्वारा कालाबाजारी करने का आरोप भी लगाया। संघ ने एक बयान में कहा, अखिल भारतीय बिजली अभियंता संघ ने मांग की है कि संकट के दौरान ज्यादातर निजी परिचालकों द्वारा ऊर्जा बाजारों में कालाबाजारी रोकने के लिए नियामकों के मंच की तुरंत बैठक की जाए। बयान में आगे कहा गया, एआईपीईएफ ने यह भी मांग की है कि कोयला संकट की जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में इस तरह के संकट से बचने के तरीके और साधन विकसित करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए।

### सीआरपीएफ का जवान रामबन में मृत मिला

**बनिहाल/जम्मू।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में मंगलवार को मृत मिला। शव पर गोलियों के निशान पाए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांस्टेबल राजीव रंजन जिले के बूम चंदेरकूट इलाके में 84 बटालियन कैंप में सुबह करीब आठ बजकर 40 मिनट पर मृत पाए गए। सूत्रों ने बताया कि रंजन बिहार के छपरा जिले के रहने वाले थे और उन्होंने कथित तौर पर अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 174 के तहत मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

### सेना प्रमुख ने नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाकों का दौरा किया

**जम्मू।** सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने मंगलवार को जम्मू क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और उन्हें क्षेत्र में जमीनी स्थिति तथा वहां चल रहे घुसपैठ रोधी अभियानों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना प्रमुख जम्मू के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। उन्होंने बताया कि नरवणे ने व्हाइट नाइट कोर के अग्रिम इलाकों का दौरा किया और नियंत्रण रेखा पर स्थिति का जायजा लिया। वह जम्मू कश्मीर का दौरा ऐसे वक्त में कर रहे हैं जब कश्मीर घाटी में अल्पसंख्यकों को चुन-चुन कर मारने की घटनाएं बढ़ी हैं। घाटी में इस महीने आतंकवादियों ने 11 नागरिकों की जान ली है।

### ओडिशा में 2.40 करोड़ की ब्राउन शुगर जब्त

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में पुलिस ने 2.40 करोड़ रुपये कीमत की ब्राउन शुगर जब्त कर दो महिलाओं समेत तीन लोगों को प्रतिबंधित वस्तुओं का व्यापार करने के आरोप में हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस और आबकारी कर्मियों की एक संयुक्त टीम ने जालेश्वर रेलवे स्टेशन के निकट सोमवार रात को एक होटल में छापा मारा और 2.4 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। उन्होंने बताया कि दो महिलाओं समेत तीन लोगों को इस मामले में हिरासत में लिया गया।

### ओडिशा एसीटीएफ ने तेंदुए की दो खाल बरामद की

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने तेंदुए की दो खाल जब्त की है और अवैध रूप से वन्यजीवों के अंगों का व्यापार करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर एसटीएफ ने बौध जिले में मनमुंडा वन क्षेत्र के तहत कपसिरा गांव में पास छापा मारा और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने कहा कि तलाशी के दौरान आरोपी के पास से तेंदुए की दो खाल और अन्य चीजें बरामद हुईं। आरोपी पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए उसे वन अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

# उत्तर कोरिया ने मिसाइल का परीक्षण किया: दक्षिण कोरिया

**एजेंसी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया ने मंगलवार को समुद्र में कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसे दक्षिण कोरियाई सेना ने पनडुब्बी से दागी जाने वाला हथियार बताया है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन के कार्यभार संभालने के बाद यह उत्तर कोरियाई सेना द्वारा हथियारों के सबसे महत्वपूर्ण प्रदर्शनों में से एक है। मिसाइल का परीक्षण ऐसे वक्त में हुआ जब कुछ घंटों पहले अमेरिका ने उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार कार्यक्रम पर कूटनीति बहाल करने की अपनी पेशकश दोहराई। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उसने उत्तर कोरिया के एक कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने का पता लगाया है जिसे उसने पनडुब्बी से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल माना है। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इस प्रक्षेपण का करीबी विश्लेषण कर रही हैं। दक्षिण कोरियाई सेना ने बताया कि प्रक्षेपण समुद्र में किया गया लेकिन उसने यह नहीं बताया कि क्या यह समुद्र के नीचे से पनडुब्बी से दागी गई या समुद्र की सतह से ऊपर से दागी गई। जापान के रक्षामंत्री नोबुओ किशी ने बताया कि उनके देश के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चलता है कि उत्तर कोरियाई ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। जापान के तटरक्षक बल ने जहाजों की सुरक्षा के लिए एक परामर्श जारी किया, लेकिन अभी यह नहीं बताया कि मिसाइल कहां गिरी।

## केरल में इदामलयार और पम्पा बांधों के द्वार खोले गए

**कोच्चि।** केरल में जलस्तर में वृद्धि तथा आने वाले दिनों में और बारिश के अनुमान के मद्देनजर इदामलयार और पम्पा बांधों के द्वार मंगलवार को तड़के खोल दिए गए।

राज्य सरकार के कक्की और शोलेयार बांध के द्वार खोलने के एक दिन बाद यह कदम उठाया गया है। एर्नाकुलम जिला प्रशासन ने इदामलयार बांध के दो और तीन नंबर के द्वार को 50 सेंटीमीटर तक खोलने की पुष्टि की है। राज्य सरकार ने सोमवार को घोषणा की थी कि पेरियार नदी के इर्द-गिर्द बने इडुक्की बांध, एर्नाकुलम में इदामलयार बांध और पतनमतिट्टा में पम्पा बांध के द्वारों को मंगलवार को खोला जाएगा।

# राज्य, केंद्रशासित प्रदेश कोविड रोधी टीकों की दूसरी खुराक पर ध्यान

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** में जल्द ही कोविड-19 रोधी टीकों की एक अरब खुराक दे दी जाएंगी और अब टीकाकरण को और बेहतर बनाने के लिए केंद्र ने राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से दूसरी खुराक लगाने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 99 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 जनवरी को देशभर में कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरुआत की थी। केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए नए दिशानिर्देश तैयार करने के लिए राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से भी सुझाव मांगे हैं।



मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशकों के साथ टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। भूषण ने इस बात पर जोर दिया कि देश में जल्द ही टीकों की एक अरब खुराक दे दी जाएंगी।

उन्होंने राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों का सभी नागरिकों को टीका लगाने की दिशा में किए प्रयासों के लिए शुक्रिया अदा किया। बयान के अनुसार इस बात पर जोर दिया गया कि बड़ी संख्या में लोगों को दूसरी खुराक नहीं दी गई है। राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को दूसरी खुराक पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कई राज्यों के पास दूसरे टीके के लिए पर्याप्त खुराक हैं।

# श्रीलंका से लाए जा रहे बुद्ध के स्मृति चिह्नों को राजकीय अतिथि जैसा दर्जा मिलेगा : अधिकारी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 20 अक्टूबर को होने वाली कुशीनगर की यात्रा के दौरान श्रीलंका से लाए जा रहे बुद्ध के स्मृति चिह्नों के स्वागत में राजकीय अतिथि से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी 20 अक्टूबर को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीलंकन एयरलाइन्स की उड़ान में एक सीट को बुद्ध के स्मृति चिन्हों के लिए आरक्षित रखा जाएगा। श्रीलंका से 123 सदस्यीय शिष्टमंडल आ रहा है, जिसमें वस्कादुआ मंदिर के वर्तमान महानायक के नेतृत्व में 12 सदस्यीय पवित्र स्मृति चिह्न दल भी शामिल होगा, जो प्रदर्शनी के लिए बुद्ध के स्मृति चिह्न साथ लाएंगे। मंत्रालय के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल में श्रीलंका में बौद्ध धर्म के सभी चार निकातों (शाखाओं) यानी असगिरिया, अमरपुरा, रामन्या, मालवट्टा के अनुनायक (उप प्रमुख) के साथ-साथ कैबिनेट मंत्री नमल राजपक्षे के नेतृत्व में श्रीलंका सरकार के पांच मंत्री भी शामिल होंगे। अधिकारी ने बताया, श्रीलंकन एयरलाइन्स की उड़ान में एक सीट स्मृति चिह्नों के लिए होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को कुशीनगर में महापरिनिर्वाण मंदिर में अभिधम्म दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दिन वह वहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी उद्घाटन करेंगे।

## देश में 231 दिन में कोविड के सबसे कम नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 13,058 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,40,94,373 हो गई। पिछले 231 दिन में एक दिन में सामने आए ये सबसे कम नए मामले हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 164 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,52,454 हो गई। देश में लगातार 25 दिनों से कोविड-19 के दैनिक मामले 30 हजार से कम हैं और 114 दिन से 50 हजार से कम नए दैनिक मामले सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,83,118 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.54 प्रतिशत है।

# मोदी वैश्विक तेल और गैस क्षेत्र के सीईओ, विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वैश्विक तेल और गैस क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और विशेषज्ञों के साथ बातचीत करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि यह छठी ऐसी वार्षिक बातचीत है, जो 2016 में शुरू हुई थी। इसमें तेल तथा गैस क्षेत्र के वैश्विक नेता शामिल होते हैं, जो इस क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों और भारत के साथ सहयोग तथा निवेश के संभावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिए विचार-विमर्श करते हैं। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी 20 अक्टूबर को शाम छह बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए तेल एवं गैस क्षेत्र के वैश्विक सीईओ और विशेषज्ञों से बातचीत करेंगे। इस बातचीत का व्यापक विषय स्वच्छ वृद्धि और संवहनीयता को बढ़ावा देना है। पीएमओ के मुताबिक बातचीत के दौरान भारत में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में खोज और उत्पादन को प्रोत्साहित करने, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, गैस आधारित अर्थव्यवस्था, स्वच्छ और ऊर्जा कुशल समाधानों के जरिए उत्सर्जन में कमी, हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और जैव ईंधन उत्पादन में बढ़ोतरी जैसे क्षेत्रों पर चर्चा होगी।

# भारत, अमेरिका, इजराइल और यूएई के विदेशमंत्रियों की चतुष्पक्षीय बैठक

**हरिंदर मिश्रा/ललित के. झा।** यरूशलम/वाशिंगटन

**विदेशमंत्री** एस जयशंकर ने अमेरिका, इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्षों के साथ चतुष्पक्षीय बैठक की। इस दौरान इन नेताओं ने पश्चिम एशिया तथा एशिया में व्यापार तथा समुद्री सुरक्षा बढ़ाने सहित आर्थिक एवं राजनीतिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर इन दिनों इजराइल की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। सोमवार को हुई बैठक में जयशंकर, इजराइल के विदेशमंत्री यायर लापिद, अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन और संयुक्त अरब अमीरात के विदेशमंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान शामिल हुए।

जयशंकर ने ट्वीट किया, इजराइल के विदेशमंत्री यायर लापिद, अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन और संयुक्त अरब अमीरात के विदेशमंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ पहली बैठक अच्छी रही। आर्थिक विकास और वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने को लेकर चर्चा की। शीघ्र कदम उठाने पर सहमति बनी। जयशंकर ने एक संक्षिप्त टिप्पणी में कहा, आप तीनों हमारे सबसे करीबी साझेदारों में से हैं। उन्होंने ब्लिंकन की इस बात से सहमति जताई कि इस तरह का एक मंच तीन अलग-अलग द्विपक्षीय कार्यक्रमों की तुलना में बहुत बेहतर काम कर सकता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत स्पष्ट है कि अपने समय के बड़े मुद्दों पर हम सभी की एक समान सोच है और यह काफी मददगार होगा यदि हम काम करने के लिए कुछ व्यावहारिक चीजों पर सहमत हो सकें।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक बयान में बताया कि ब्लिंकन ने तीनों समकक्षों के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन से निपटने, ऊर्जा सहयोग और समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के जरिए पश्चिम एशिया तथा एशिया में आर्थिक और राजनीतिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, मंत्रियों ने प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान के क्षेत्र में लोगों के आपसी संबंध बढ़ाने और कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप के दौरान विश्व स्तर पर जन स्वास्थ्य का कैसे समर्थन किया जाए, इस पर चर्चा की। ब्लिंकन ने ट्वीट किया कि बैठक में क्षेत्र और विश्व स्तर पर चिंता के साझा मुद्दों और हमारे आर्थिक तथा राजनीतिक सहयोग के विस्तार के महत्व पर चर्चा की। ब्लिंकन ने एक बयान में, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और भारत को अपने तीन बड़े रणनीतिक साझेदार के रूप वर्णित किया। उन्होंने कहा, नए तरीके से दोस्तों को साथ लाकर, हम इन साझेदारियों को और व्यापक कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह बैठक इसी बारे में है। यहां वाशिंगटन में बैठकर, मैं कह सकता हूं कि इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और भारत हमारे तीन बड़े रणनीतिक साझेदार हैं।









### तालमेल ही हमें साथ करने में करेगा मदद

लापिद ने कहा, जिन चीजों की हम तलाश कर रहे हैं उनमें से एक है तालमेल और हम इस बैठक के बाद यही कायम करने की कोशिश करेंगे। यह तालमेल ही हमें आगे साथ में काम करने में मदद करेगा... इस मेज पर हमारे पास क्षमताओं, ज्ञान और अनुभवों का एक अनूठा मेल है, जिसका उपयोग एक नेटवर्क बनाने के लिए किया जा सकता है जिसे हम सभी बनाना भी चाहते हैं। यूएई के अल नाहयान ने ब्लिंकन और लापिद का सहयोग को बढ़ावा देने के लिए इस तरह का एक मंच बनाने का विचार रखने के लिए शुक्रिया अदा किया। भारत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जयशंकर एक पुराने मित्र हैं...साथ ही भारत और यूएई के बीच मजबूत और विविधतापूर्ण संबंध हैं। इसके बाद, चारों विदेश मंत्रियों ने इस चतुष्पक्षीय सहकारी योजना को वास्तविक रूप देने के वास्ते रणनीति बनाने के लिए बंद कमरे में चर्चा की।

# जेवर एयरपोर्ट से स्मार्ट टाउनशिप को जोड़ा जाएगा, 2 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। साथ ही मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब भी एयरपोर्ट से जुड़ेंगे।

इन तीनों परियोजनाओं के लिए डीएमआईसी-आईआईटीजीएनएल ने प्लान तैयार कर लिया है। इस पर शीघ्र अमल करने की तैयारी है। ये तीनों प्रोजेक्ट देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के तमाम देशों से एयरपोर्ट के जरिए जुड़ जाएंगे। उन देशों से आवाजाही आसान हो जाएगी। ग्रेटर नोएडा में दिल्ली मुम्बई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत तीन बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं।

पहला इंटीग्रेटेड टाउनशिप, दूसरा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब और तीसरा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा की इन तीनों परियोजनाओं को गति शक्ति योजना से जोड़कर नई गति दे दी है। इन तीनों परियोजनाओं को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने का खाका तैयार किया गया है।

ये तीनों प्रोजेक्ट आपस में इंटर कनेक्टेड होंगे। इनको एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए दो रास्ते सुझाए गए हैं। पहला रास्ता लॉजिस्टिक हब से जीटी रोड को जोड़ा जाएगा। इसके लिए लॉजिस्टिक हब के पास जीटी रोड पर करीब 2.5 किलोमीटर रास्ते को चौड़ा किया जाएगा। मौजूदा दो लेन से छह लेन तक बनाने का प्रस्ताव है। शिव नाडर यूनिवर्सिटी के पास जीटी रोड को जोड़ते हुए अंडरपास भी बनेगाए जिससे लॉजिस्टिक हब से वाहन बील अकबरपुर इंटरचेंज से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे तक पहुंच सकेंगे। ईस्टर्न पेरिफेरल और यमुना एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ने के लिए दनकौर के पास इंटरचेंज बनना है। वहां से वाहन नोएडा एयरपोर्ट जा सकेंगे।

दूसरा रास्ता ट्रांसपोर्ट हब से 130 मीटर रोड के जरिए सिरसा इंटरचेंज से ईस्टर्न पेरिफेरल व यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए वाहन नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे। जहां भी जरूरत होगी, वहां इस रास्ते को और दुरुस्त कर दिया जाएगा। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के विकसित होने से रोजगार के अवसर भी खूब पनपेंगे। इन तीनों परियोजनाओं से करीब दो लाख युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है, जबकि अप्रत्यक्ष रोजगार को जोड़ लिया जाए तो यह आंकड़ा और भी अधिक हो जाएगा।

इंटीग्रेटेड टाउनशिप को डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम डी एम आई सी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड द्वारा करीब 750 एकड़ में विकसित किया गया है। इस टाउनशिप में अब तक पांच बड़ी कंपनियां अपना प्लांट भी लगा रही हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स फॉर्मी मोबाइल सत्कृति इंफोटेनमेंट चेनफेंग एलईडी कंपनी और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। बोड़ाकी के पास प्रस्तावित मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए आठ गांवों दादरी जुनपत चिटेहरा कठहेड़ा पल्ला पाली बोड़ाकी व थापखेड़ा की जमीन ली जा रही है। 478 हेक्टेयर जमीन पर ये दोनों प्रोजेक्ट विकसित किए जाएंगे। मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब अंतर्गत रेलवे टर्मिनल, लोकल एवं अंतरराज्जीय बस अड्डा व मेट्रो कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी।



## बल्लभगढ़ से हवाई अड्डे तक का सफर केवल 15 मिनट में

**नोएडा।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इस कनेक्टिविटी को देने वाली सड़क का नाम ग्रीन हाईवे दिया गया है। इसका रूट तय हो गया है। ग्रीन हाईवे के माध्यम से बल्लभगढ़ से जेवर एयरपोर्ट तक का सफर कुल 15 मिनट में तय किया जाएगा। इसमें केवल 12 गांव की जमीन का अधिग्रहण होगा।

जिसको लेकर सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

यूपी के गौतमबुद्ध नगर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को हर एक शहर और सड़क से जोड़ा जा रहा हैं। जिससे कहीं से भी आने वाले व्यक्ति को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। ग्रीन हाईवे को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के साथ-साथ फरीदाबाद में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे और ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे से भी जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा डीएनडी और कालिंदी कुंज से भी ग्रीन हाईवे कनेक्ट किया जाएगा। इसके अलावा मंझावली गांव के पास फरीदाबाद से जोड़ने के लिए सड़क और यमुना नदी पर पुल बनाने का कार्य चल रहा है। आने वाले 3 महीने के भीतर यह कार्य भी पूरा हो जाएगा। हाल ही में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है।

"इंटीग्रेटेड टाउनशिप में पांच बड़ी कंपनियां आ चुकी हैं। कई और कंपनियां यहां आने को तैयार हैं। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिक हब की डीपीआर शासन को भेज दी गई है। जैसे ही अप्रूवल आ जाता हैएउसका भी टेंडर निकालकर काम शुरू कराया जाएगा। अगले तीन साल में ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिक हब विकसित कर देने का लक्ष्य है। इससे आसपास के एरिया की सूरत बदल जाएगी। "

**- नरेंद्र भूषण ( सीईओ )**

# फिल्म सिटी के लिए कंपनी का जल्द होगा चयन

- यमुना प्राधिकरण ने टर्नओवर को लेकर रखी शर्त




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी की प्रक्रिया में तेजी आई है। विकासकर्ता कंपनी के चयन के लिए बिड डॉक्यूमेंट और ड्राफ्ट कंसेशन एग्रीमेंट तैयार हो गया है।

दोनों दस्तावेज शासन को भेज दिए गए हैं। शासन की मुहर लगने के बाद ग्लोबल टेंडर निकाले जाएंगे। योगी आदित्यनाथ सरकार दिसंबर से पहले फिल्म सिटी का शिलान्यास कराने की तैयारी में है।

यमुना विकास प्राधिकरण के सेक्टर-21 में फिल्म सिटी विकसित की जानी है। फिल्म सिटी के लिए 1000 एकड़ जमीन रिजर्व की गई है। इस एक हजार एकड़ भूमि में से 75 प्रतिशत पर फिल्म से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

5 प्रतिशत क्षेत्र में फि ल्म इंस्टिट्यूट, 15 प्रतिशत क्षेत्र में एम्यूजमेंट पार्क बचे हुए क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट, विला, व्यावसायिक दफ्तर बनेंगे। यमुना प्राधिकरण ने फिल्म सिटी की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट सीबीआरई कंपनी से बनवाई है। इस कंपनी ने डीपीआर बनाकर दे दिया है। कंपनी ने बिड डाक्यूमेंट व कंसेशन एग्रीमेंट बनाकर सौंप दिए हैं। यमुना प्राधिकरण ने दोनों दस्तावेजों का अध्ययन करने के बाद शासन को भेज दिया है। ऐसी परियोजना के लिए शासन स्तर पर गठित बिड डॉक्यूमेंट और कंसेशन एग्रीमेंट का अध्ययन करेगी। इसके बाद वह इसे पास करेगी।

दोनों दस्तावेज प्रदेश कैबिनेट में जाएंगे। वैश्विक निविदा निकालने के 2 महीने के भीतर विकासकर्ता कंपनी का चयन हो जाने की उम्मीद है। दिसंबर तक फिल्म सिटी के लिए विकासकर्ता कंपनी के चयन की उम्मीद है। इसकी प्रमुख शर्त होगी कि कंपनी का टर्नओवर 500 करोड़ रुपये होना चाहिए। इस पर करीब 10 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## बिना एक्शन प्लान के ट्विन टावर को गिराने आई एजेंसी, सीईओ ने लगाई फटकार

**नोएडा।** सुपरटेक एमेरल्ड कोर्ट ट्विन टावर को गिराने की योजना भी मूर्त रूप नहीं ले सकी। सुपरटेक बिल्डर ने जिन एजेंसी को टावर गिराने के लिए प्रेजेंटेशन का मौका दिलाया था, वे एक्शन प्लान नहीं दिखा सकी। बैठक में नोएडा अथॉरिटी सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट सीबीआरआई और गठित कमेटी के सदस्य शामिल थे। अफसरों ने बताया कि ऑनलाइन हुई इस बैठक में दो एजेंसियां बिल्डर की तरफ से प्रेजेंटेशन देने आई थीं। उन्होंने इमारतों को गिराने का अपना अनुभव बताया। लेकिन ट्विन टॉवर्स के लिए सीबीआरआई ने दोनों एजेंसियों से एक्शन प्लान मांगा। मगर दोनों के पास कोई प्लान नहीं था। इस पर अथॉरिटी के अफसरों ने नाराजगी जताई। दोनों एजेंसियों को एक्शन प्लान तैयार कर फिर से अगले सोमवार को प्रेजेंटेशन देने के लिए कहा गया है। बैठक में नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी भी शामिल हुई थीं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिए गए समय के अंदर दोनों टावर ध्वस्त किए जाने हैं। इसलिए इसमें किसी तरह की देरी स्वीकार्य नहीं है। जो भी एजेंसी चुनी जाए वह प्रेजेंटेशन में अपना पूरा एक्शन प्लान दिखाए। ताकि चयन में देरी ना हो। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक 3 महीने में इन दोनों टावर को गिराया जाना है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष
( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )

आज प्यार मे सराबोर रहेंगे। लव लाइफ खोलकर जिएंगे। आपका प्रिय भी आपकी खुशी में पूरी तरह से शामिल होगा। काम को लेकर स्थितियां पक्ष में नजर आएंगी। कुछ जरूरी कामों को भाग्य के सहारे भी छोड़ देंगे और उन्हें सफलता मिलेगी। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन सही दिशा में आगे बढ़ेगा जीवन साथी आज कोई अच्छी बात बता सकता है, जिसे सुनकर बांछें खिल उठेंगी।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** वजन के बराबर हरे चारे का गोशाला में दान करें।

### वृष
( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )

अपने निर्णयों पर दृढ़ रहें और दूसरों के विचारों से प्रभावित न हों। व्यावसायिक संदर्भ में दूर की यात्रा संभव है। क्रोध या आवेश को प्रेम के बीच न आने दें तो बेहतर रहेगा। स्टूडेंट्स प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए मित्र से सहयोग मांग सकते हैं। ऑफिस में स्थिति ठीक बनी रहेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। क्रोध और उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। नौकरी में अधिकारी ज्यादा अपेक्षा करेंगे।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** भगवान श्री गणेश की आराधना करें।

### मिथुन
( का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा )

धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा, जो लंबे समय तक चलेगा। कई तरह के रोचक विचार और योजनाएं आज बन सकती हैं। अविवाहित लोगों का विवाह भी तय हो सकता है। आप बुद्धि से अपने काम पूरे करवा सकते हैं। आज आप खुद को साबित करके दिखा देंगे। दोस्तों और परिवार से सहयोग मिलने के योग हैं। कोई अच्छी खबर मिल सकती है, आप खुश हो जाएंगे।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करें।

### कर्क
( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )

मन से भावुक होने वाले आप आज काफी मजबूत स्थिति में नजर आएंगे। घर में चल रही परिस्थितियों पर पूरा नियंत्रण होगा। घर में खुशी आएगी, अपनी प्यारी मीठी बातों से सबका दिल जीत लेंगे। आने वाली खुशी की दस्तक घर में होगी और घर में लोगों का आना जाना हो सकता है। बिजनेस को लेकर गंभीर रवैया अपनाना जरूरी होगा। हल्के में स्थितियों को लेना नुकसानदायक हो सकता है।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** रुद्राक्ष धारण करें।

### सिंह
( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )

आज व्यवहार में मधुरता आएगी। कृषि कार्यों में निवेश लाभ प्रदान कर सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें हैं, तो ज्यादा मेहनत की जरूरत है अन्यथा परिणाम पक्ष में नही आएगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। कार्य के प्रति किया गया प्रवास मनोनुकूल रहेगा। नया काम मिल सकता है। ज्वेलरी का व्यापार कर रहे लोगों को फायदा होगा। कॅरियर के मामले में गुरु से पूरा सहयोग मिलेगा।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** गणेश जी के 12 नामों का उच्चारण करें।

### कन्या
( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )

बिजनेस में नई पहल करने का समय है। कामकाज में नया प्रयोग करने में सफल हो सकते हैं। दिन ठीक है। आज जो भी सोचेंगे, उसमें सफलता मिल सकती है। अधिकारी तारीफ करेंगे। जीवनसाथी के साथ समय बीतेगा। साझेदार से फायदा भी होगा। रोजमर्रा के कामों से फायदा हो सकता है। प्रॉपर्टी के काम भी पूरे हो सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं के समाधान का मौका मिल सकता है।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** गणेश जी को दूर्वा अर्पित करें।

### तुला
( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

आज आपके पास अच्छी मात्रा में पैसा आएगा। कहीं पैसा इन्वेस्ट किया है, तो आज अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद कर सकते हैं। पैसे को आगे इन्वेस्ट करना भी फायदेमंद रहेगा। बस शेयर बाजार में थोड़ी सावधानी रखें। लॉन्ग टर्म के लिए पैसा लगाएं। आप हाजिर जवाब होंगे और हंसी मजाक के मूड में होंगे, मुसीबत को बड़ी आसानी से दूर कर लेंगे। काम को लेकर स्थितियां बड़ी अच्छी होंगी। अपनों के साथ खड़े नजर आएंगे।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** भगवान गणेश को पीले रंग का टीका लगाएं।

### वृश्चिक
( तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

छात्र प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सफलता भी जरूर मिलेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। सहकर्मियों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा में सामान का ध्यान रखें। गलतफहमी से विवाद हो सकता है। भावनाओं पर काबू रखें। परिवार और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, भाई-बहन के साथ वाद-विवाद हो सकता है। पुराने काम समय से पूरे हो जाएंगे।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** शंख का दान करें।

### धनु
( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )

दिन खास रहेगा। कुछ ऐसी बातें सामने आ सकती हैं, जो आपको आने वाले दिनों में बड़ा फायदा देंगी। किसी कठिन मामले को सुलझाने के लिए अच्छा दिन है। समझदारी का इस्तेमाल करें। कार्यक्षेत्र में जान-पहचान के लोग मददगार रहेंगे। नया सौदा फायदेमंद हो सकता है। दिन शुभ रहेगा। कोई बीमारी भी ठीक हो जाएगी। किस्मत का साथ और रुका हुआ पैसा मिलने सकता है। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छा कहा जा सकता है।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

### मकर
( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )

खर्चों में होने वाली बढ़ोतरी थोड़ी परेशानी दे सकती है। खर्चे कुछ ऐसे कामों पर होंगे, जो छुपे हुए होंगे। ध्यान रखें कि गलत जगह पैसा जाना नुकसानदायक भी हो सकते हैं। पूजा-पाठ पर भी खर्च होगा। भाग्य की मजबूती के चलते कामों में सफलता मिलनी तय है। प्रेम जीवन बिताने वाले लोग रिश्ते में असमंजस की स्थिति में रहेंगे, प्रिय का व्यवहार समझ में नहीं आएगा। शादीशुदा लोग गृहस्थ जीवन को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नजर आएंगे।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** चांदी का कड़ा धारण करें।

### कुंभ
( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )

परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं, यात्राएं लोगों के लिए बेहद सुखद और मजेदार रहेगी। कंपनी से अच्छा ऑर्डर मिल सकता है। छात्रों को प्रतिभा के लिए पुरस्कार मिल सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन महसूस करेंगे, शांत और संयम रखने की जरूरत है। जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन संबंधी परेशानी दूर होगी। अच्छा मार्गदर्शन प्राप्त होगा। निजी जीवन को लेकर थोड़ी निराशा हो सकती है। बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** पीपल के वृक्ष की जड़ में पानी डालें।

### मीन
( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )

आज मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। नया काम करने की सोच रहे हैं तो सामने कुछ और काम आ सकते हैं। रोजमर्रा के कामकाज ज्यादा ही रहेंगे। थोड़े समय में सब ठीक हो जाएगा। धैर्य रखें। ऑफिस में प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए कुछ नया सीखना होगा। सेहत संबंधी मामलों में चिंता कम हो जाएगी।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** लकड़ी से बनी चौकी पर बैठकर खाना खाएं।

## व्यक्ति का शव घर पर मिला, पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र के अच्छेजा गांव में रहने वाले एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर पर मिला है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह को थाना बादलपुर पुलिस को सूचना मिली कि अच्क्षेजा गांव में पूरन के मकान में किराए पर रहने वाले श्याम सिंह 50 वर्ष अपने घर में मृत अवस्था में पड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वाहन चेकिंग कर रहे सिपाही का अपहरण

- आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सूरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा गोल चक्कर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे एक सिपाही का कार चालक ने अपहरण कर लिया।

अपहरण करने के बाद कार चालक, सिपाही को जंगल में फेंककर फरार हो गया। इस मामले के बाद जिले की पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी चालक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा हरिश्चंद्र ने बताया कि रविवार को सूरजपुर कोतवाली की पुलिस दुर्गा गोल चक्कर पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी बीच सिपाही विरेंदर ने एक गाड़ी की जांच करने के लिए रोका था। जांच में पता चला था कि वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई है। जिसके बाद सिपाही कार में बैठ गया और चालक से सूरजपुर कोतवाली चलने के लिए कहा। पीड़ित सिपाही विरेंदर ने बताया कि आरोपी चालक कोतवाली ले जाने की बजाय कार को भागने लगा और उसको अजायबपुर चौकी क्षेत्र के जंगल में फेंककर फरार हो गया। इसकी सूचना सिपाही ने कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम पर सिपाही के अपहरण की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी चालक को धर दबोचा है।

आरोपी चालक सचिन रावल मूलरूप से घोड़ी गांव का रहने वाला है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस को आरोपी के बारे में अहम जानकारी हाथ लगी है। पता चला है कि सचिन हरियाणा के एक शोरूम से ट्रायल के नाम पर गाड़ी लेकर भागा था।

# नोएडा प्रशासन ने प्रदर्शनी के जरिए दिखाईं उपलब्धियां

- इरादे नेक काम अनेक शीर्षक पर विकास उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उप्र सरकार के साढ़े 4 वर्ष पूर्ण होने पर गौतमबुद्ध नगर में विकास उत्सव मनाया गया। इसमें इरादे नेक काम अनेक शीर्षक पर आधारित विकास उत्सव प्रदर्शनी विकास भवन प्रांगण में लगाई गई।

प्रदर्शनी का शुभारंभ डीएम सुहास एलवाई के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विकास भवन प्रांगण में विधिवत रूप से फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर उप्र की झलकियों को प्रस्तुत किया गया। महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं गरीबों के लिए किए गए कार्यों को विशेषकर दर्शाया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पिछले 4 वर्ष 6 माह में उप्र सरकार ने तकरीबन डेढ़ करोड से अधिक श्रमिकों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराया है।

# विभाग की सूचनाएं ट्वीटर पर शेयर करेगा यूपीसीडा

- उद्यमियों और विभागीय अधिकारियों के बीच हुई वार्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) अपने उद्यमियों को नए नियमों व अन्य सूचनाओं की जानकारी समय-समय पर ट्विटर पर शेयर करेंगी।

यह निर्णय साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों और यूपीसीडा के बीच हुई वार्ता के बाद लिया गया। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश झा ने मंगलवार को यहां बताया कि बैठक में उद्यमियों ने नए नियमों की जानकारी समय पर नहीं मिलने की शिकायत की थी। जिसके मद्देनजर लोगों ने यह निर्णय लिया है कि विभाग से संबंधित जारी होने वाली तमाम नियम, सूचनाएं अब समय-समय पर ट्विटर के माध्यम से उद्यमियों को शेयर की जाएगी। इसके अलावा सभी ईमेल और मोबाइल नंबर भी एकत्र कर यूपीसीडा डाटा बैंक तैयार कर रहा है ताकि उद्यमियों को समय रहते विभाग से संबंधित सभी जानकारी मिल सके।

बैठक में लीज रेंट के बिल प्रत्येक वर्ष देने तथा ब्याज नहीं लगाने, शासनादेश में नीतियों को समय-समय पर उपलब्ध कराने के अलावा सेक्टर रेट की सूचना व किराएदार के प्रावधान को अवगत कराने से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा की गई।

## मंत्री व परिवार पर लगाया साजिश रचने का आरोप

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के साले व मुरादनगर के भाजपा विधायक अजीतपाल त्यागी के मामा नरेश हत्याकांड के आरोपी जितेंद्र त्यागी के जमानत पर बाहर आने के बाद साजिश के आरोप लगे है। नरेश के पुत्र अभिषेक त्यागी ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेस में राजपाल त्यागी व अजीतपाल त्यागी पर मुकदमे को प्रभावित करने के लिए साज़िश रचने का आरोप लगाते हुए अपनी व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। अभिषेक ने आरोप लगाया कि ये दोनों उसकी या उसके परिवार की हत्या भी करा सकते हैं।


प्रेस वार्ता के दौरान अभिषेक त्यागी व साथी।

# गालंद में कूड़ा निस्ताकरण के लिए जमीन चिह्नित

- निगम अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



महानगर में कूड़ा डंपिंग ग्राउंड की समस्या का निस्तारण बहुत जल्दी होने जा रहा है ।

मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर गालंद गांव के जंगल में चिन्हित की गई लगभग 44 एकड़ भूमि पर बहुत जल्द नगर निगम बाउंड्री वॉल का कार्य शुरू कराने जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम के अधिकारियों की टीम ने मौके पर जाकर बाउंड्री करने के लिए मौका स्थल पर निरीक्षण किया।

अपर नगर आयुक्त आर एन पांडेय ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण आज मौके पर बड़े पैमाने पर जलभराव था। इस कारण आज से बाउंड्री वाल का कार्य शुरू नहीं हो सका लेकिन बहुत जल्दी ही बाउंड्री वाल का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। आपको बता दें कि कूड़ा डंपिंग ग्राउंड ना होने के कारण गाजियाबाद नगर निगम को कूड़ा डंप करने में बड़े पैमाने पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अब धौलाना के गालंद गांव के जंगल में से कूडा डम्प करने के लिए स्थल पर बाउंडरी वाल करने का की करवाई शुरू हो गई है।

कूड़ा डंपिंग को लेकर स्थानीय लोगों व नगर निगम के बीच तनातनी चल रही थी। मेरठ रोड स्थित मोरटा और राजनगर एक्सटेंशन के पास कूड़ा कूड़ा डंपिंग शुरू हो गया था लेकिन हिन्डन एयरपोर्ट के अधिकारियों ने इस मामले में बड़ा एतराज जताया था और आशंका व्यक्त की थी कि पक्षियों के मंडराते के चलते कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिसके बाद कूड़ा डंप करना रोकना पड़ा था।

# युवती ने की आत्महत्या, पिता ने 2 युवक पर मामला दर्ज कराया

- टीएमयू कैंपस में कर रही थी डॉक्टर बनने की पढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** हापुड़

मुरादाबाद के टीएमयू कैंपस में ऐसा क्या है जो हर साल किसी न किसी बेटी को निगल लेता है।

कभी कोई लड़की फंदे पर झूल आत्म हत्या कर लेती हैं तो कोई कैम्पस से गिरकर मरती है। इसके पीछे का राज आखिर क्या है। जिसकी पुलिस को गहनता से जांच करनी चाहिए। बता दें कि हापुड के मोदीनगर रोड स्थित प्रमोद चौधरी ने अपनी बेटी वैशाली चौधरी को मुरादाबाद के पाकबड़ा स्थित कॉलेज तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में डॉक्टर बनने के सपने को लेकर पढ़ाई करने भेजा था जो पल भर में टूट गया। पिता प्रमोद ने बताया कि वैशाली डॉक्टर बनना चाहती थी, बेटी का सपना पूरा करने के लिए प्लॉट बेचकर उसका दाखिला मेडिकल कॉलेज में कराया था। जैसे ही वैशाली की मौत की सूचना मिली पूरा परिवार सदमे में आ गया। आनन फानन में मकान का ताला लगाकर परिवार मुरादाबाद के रवाना हो गया। प्रमोद किसान है । मूल रूप से धौलाना क्षेत्र के गांव शाहबुद्दीन नगर के रहने वाले हैं।


फाइल फोटो



कोरोना वायरस के कारण हर तरफ डर और तनाव का माहौल है ऐसे में आप घर पर इन तीन योगसान को कर अपने मन को शांत कर सकते हैं।

# तनाव भरे इस माहौल में आपके मन को शांत करेंगे ये 3 योगासन

दुनियाभर में फैली कोरोना वायरस महामारी ने हम सभी को घर पर रहने के लिए मजबूर कर दिया है। घर पर रहते हुए इसे फैलने से रोकना और इसके प्रसार को कम करना एक सरल उपाय है। कोरोना वायरस ने घर पर रहने वाले लोगों यानी की हमें आलसी और निष्क्रिय बना दिया है। इसलिए, अगर आप भी उन लोगों की सूची में हैं जो ये बहाना कर रहे हैं कि जिम दोबारा से खुलते ही वह फिर से वर्कआउट करना शुरू कर देंगे, तो आपको योग करने की जरूरत है।

योग, जैसा कि हम सभी महसूस करते हैं, यह आपके शरीर को अलग-अलग पोज में ट्विस्ट करने के बारे में नहीं है, बल्कि ऐसा कुछ है जो आपको मन और शरीर के संतुलन को प्राप्त करने में मदद करता है, जिससे आप शांत और तनावमुक्त महसूस करते हैं। यह उम्र बढ़ने के दृश्यमान संकेतों को भी कम करता है, ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है और आपकी त्वचा की चमक को बढ़ाने में मदद करता है। योग केवल आपके फिटनेस लक्ष्यों को प्राप्त करने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि आपको अंदर से भी मजबूत बनाने का भी काम करता है। अगर आप सोच रहे हैं कि ऐसे कौन से योगासन हैं, जो इसमें आपकी मदद कर सकते हैं तो हम आपको ऐसे तीन योगासन के बारे में बता रहे हैं, जो आपको फिट रखने के साथ-साथ इस तनाव भरे माहौल में तनावमुक्त और फिट भी रखेंगे।

> योग केवल आपके फिटनेस लक्ष्यों को प्राप्त करने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि आपको अंदर से भी मजबूत बनाने का भी काम करता है।

### प्राणायाम

प्राण का अर्थ है जीवन और याम का अर्थ है श्वास का विस्तार। प्राणायाम शब्द से तात्पर्य नियंत्रित तरीके से सांस लेने के व्यायामों से है जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, यहां तक कि काउंट ब्रीदिंग, जिसे भस्त्रिका के रूप में जाना जाता है। ये व्यायाम आपके फेफड़ों और अन्य अंगों को उत्तेजित करने में मदद करते हैं। यह आपके दिमाग को शांत करने में मदद करता है, आपकी प्रतिरक्षा यानी की इम्यूनिटी को बढ़ाता है और आपको बेहतर नींद प्रदान करने में मदद करता है। जब आप गहरी और मन से सांस लेने का अभ्यास करते हैं, तो आपके मस्तिष्क को अधिक ऑक्सीजन मिलती है, जो आपको शांत रहने और बेहतर सोचने में मदद करती है।

### सूर्य नमस्कार

अष्टांग से लेकर आयंगर तक, सूर्य नमस्कार के सिर्फ एक ही नहीं बल्कि कई रूप हैं। सूर्य नमस्कार को शरीर की फुल बॉडी वर्कआउट के रूप में माना जाता है क्योंकि यह सभी मांसपेशियों पर काम करता है और अगर आपके शरीर में किसी प्रकार की गांठ हो गई है, तो उसे खोलने में मदद करता है। ये व्यायाम आपको अपने शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी मदद करता है। ये अवस्था आपको कायाकल्प करने में मदद करते हैं और आपको आगे के लंबे दिन के लिए तैयार करती हैं।

### योग क्रिया

हाथ योग में कई सफाई पद्धतियां शामिल हैं। ये अभ्यास एक स्वच्छ शरीर और मन को प्राप्त करने में मदद करती हैं। इन क्रियाओं में नेति (नाक की सफाई), धौति (ग्रासनली और पेट की शुद्धि), त्रिकट (एक मोमबत्ती / बिंदु पर ध्यान केंद्रित करना) और बस्ती (आंतों की सफाई) शामिल हैं।

# हाथ-पैर, शरीर ही नहीं बल्कि आपकी इम्यूनिटी को भी स्ट्रॉन्ग बनाता है योग

**इस** बात में कोई दो राय नहीं कि हम सभी समय-समय पर बीमार पड़ते रहते हैं और इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। हालांकि कुछ लोगों को दूसरों की तुलना में बीमार पड़ने का खतरा अधिक होता है। इसका कारण है उनकी कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली यानी की कमजोर इम्यून सिस्टम। एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली हमें रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया और कीटाणुओं से बचाती है। यह हमारे शरीर की रक्षा की पहली पंक्ति होती है। कई चीजें हमारे शरीर की प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकती हैं जैसे नींद की कमी, खराब पोषण और तनाव, हमें बीमारी को पकड़ने के लिए अधिक प्रवण बनाते हैं। अच्छी बात यह है कि आप अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को सुधार सकते हैं और वापस उन बैक्टीरिया व रोगाणुओं से लड़ सकते हैं। इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए योग का अभ्यास एक बेहद उम्दा विकल्प साबित हो सकता है।

योग एक प्रभावी और समय के साथ चलता आया एक प्राकृतिक इम्यून बूस्टर है। यह आपके तनाव के स्तर को कम करने, आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार करने और शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद कर सकता है, जिससे आपके समग्र स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार होगा। हम आपको ऐसे तीन योगासन के बारे में बता रहे हैं, जो आप अपने इम्यून सिस्टम को बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं कौन से योगासन आपकी इम्यूनिटी बढ़ा सकते हैं।

### धनुरासन या धनुष मुद्रा

**स्टेप 1:** पेट के बल लेट जाएं और अपने पैरों को कूल्हे-चौड़ाई के साथ फैलाएं। अपनी बाजूओं को दोनों ओर साइड में रख लें।

**स्टेप 2:** अब अपने घुटनों को मोड़ें और अपनी एड़ी को अपने कूल्हों की ओर ले जाएं। अपने हाथों से दोनों पैरों की एड़ियों को पकड़ें।

**स्टेप 3:** सांस लें और अपनी छाती और पैरों को जमीन से ऊपर उठाएं। अपने चेहरे को सीधा रखते हुए अपने पैरों को जितना हो सके उतना खींचे। आपका शरीर धनुष की तरह कड़ा होना चाहिए।

**स्टेप 4:** 4-5 सांस लेने के लिए रुकें और फिर शुरुआती स्थिति में आएं।

### वृक्षासन या वृक्ष की मुद्रा

**स्टेप 1:** किसी समतल जगह पर अपने पैरों को समीप लाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाएं।

**स्टेप 2:** अपने बाएं घुटने को मोड़ें और अपने पैर को अपनी दाहिनी जांघ पर रखें।

**स्टेप 3:** इस स्थिति में अपने शरीर को संतुलित करने की कोशिश करते हुए अंदर और बाहर सांस लें।

**स्टेप 4:** धीरे-धीरे अपने हाथों को ऊपर उठाएं और उन्हें अपने सिर के ऊपर लाएं। नमस्ते मुद्रा में दोनों हथेलियों को आपस में मिला लें।

**स्टेप 5:** इस मुद्रा में 4-5 सांस को रोकें और फिर अपने हाथों को धीरे से नीचे लाएं और अपने पैर को वापस जमीन पर रखें।

**स्टेप 6:** दूसरे पैर के साथ भी यही प्रक्रिया दोहराएं।

### ब्रिज पोज या सेतु बंध सर्वंगसाना

**स्टेप 1:** अपने पैरों को अलग-अलग करके अपनी पीठ के बल लेट जाएं। अपने घुटनों को मोड़ें और अपने हाथों को अपनी तरफ रखें।

**स्टेप 2:** सांस लें, अपने पैरों को जमीन पर दबाएं और धीरे से अपने कूल्हों को फर्श से ऊपर उठाते हुए रीढ़ को उठाएं।

**स्टेप 3:** अपनी बाहों और कंधों को जमीन पर दबाएं, अपने टेलबोन को लंबा करें और अपनी छाती को उठाएं।

**स्टेप 4:** अपने हाथ को अपनी पीठ के पीछे ले जाएं और 4-5 सेकेंड के लिए रुकें।



# ये तीन ड्राई फ्रूट्स खाने से बढ़ता है पुरुषों का स्पर्म काउंट

> पुरुष अगर रोजाना ये तीन ड्राई फ्रूट्स खाएं, तो उनकी तमाम निजी समस्याएं ठीक होंगी साथ ही फर्टिलिटी, स्पर्म काउंट और स्टैमिना भी बढ़ेगा।

**पुरुषों** के स्वस्थ और आनंदमय जीवन के लिए स्पर्म काउंट और स्पर्म क्वालिटी दोनों ही बहुत मायने रखते हैं। लेकिन इन दिनों पूरी दुनिया के पुरुषों का स्पर्म काउंट तेजी से घटने लगा है। दुनिया में ऐसे शादी-शुदा जोड़ों की संख्या बढ़ रही है, जिन्हें तमाम प्रयासों के बाद भी बच्चा नहीं हो रहा है। इनमें से अधिकांश मामलों में पुरुषों के वीर्य में स्पर्म की कम मात्रा या खराब क्वालिटी जिम्मेदार है। इसे ही पुरुष बांझपन यानी मेल इंफर्टिलिटी कहते हैं। इस तरह की समस्याओं का जिक्र आमतौर पर किसी से नहीं करते हैं, जिससे उन्हें जीवन भर तमाम तरह की परेशानियां और घरेलू कलह का सामना करना पड़ता है।

पुरुषों की इस समस्या के पीछे बहुत हद तक जिम्मेदार उनका गलत खानपान और गलत लाइफस्टाइल है। इसे सुधारकर और कुछ खास चीजों का सेवन करके कुछ महीनों में ही पुरुष अपनी शारीरिक और यौन कमजोरी को दूर कर सकते हैं, स्पर्म क्वालिटी और काउंट बढ़ा सकते हैं, साथ ही अपना स्टैमिना भी बढ़ा सकते हैं। इस काम में ड्राई फ्रूट्स यानी सूखे मेवे बड़े कारगर साबित होते हैं। हम आपको बता रहे हैं तीन ऐसे ड्राई फ्रूट्स, जो पुरुषों का स्पर्म काउंट बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं।

### खजूर खाएं



खजूर को आज से नहीं, सैकड़ों सालों से पुरुषों की फर्टिलिटी बढ़ाने और गुप्त रोगों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। खजूर पर हुई कई रिसर्च में भी ये बात सामने आ चुकी है कि खजूर खाने से स्पर्म काउंट और क्वालिटी बढ़ती है तथा रिप्रोडक्टिव सिस्टम (प्रजनन तंत्र) स्वस्थ रहता है। खजूर में एस्ट्राडिओल और फ्लैवोनॉइड्स नामक दो प्रमुख कंपाउंड होते हैं, जो इसे पुरुषों के लिए खास बनाते हैं। खजूर दुनियाभर में मेल फर्टिलिटी को ठीक करने के लिए खाया जाने वाला सबसे पॉपुलर फूड है। खजूर का सेवन महिलाओं के स्तनों का आकार बढ़ाने में भी फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा खजूर के सेवन से पुरुषों में कामुकता और स्टैमिना भी बढ़ते हैं।

### किशमिश भी है फायदेमंद

किशमिश वैसे तो अंगूर को सुखाकर ही बनाए जाते हैं, लेकिन ये अंगूर से कहीं ज्यादा पौष्टिक और फायदेमंद होते हैं। इसका कारण यह है कि सुखाने के दौरान किशमिश में एनर्जी, विटामिन्स, इलेक्ट्रोलाइट्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स कंसंट्रेट हो जाते हैं। किशमिश में विटामिन A की मात्रा बहुत अच्छी होती है, जिसके कारण ये पुरुषों की तमाम समस्याओं में फायदेमंद होता है। रोजाना किशमिश का सेवन करने से पुरुषों का स्पर्म काउंट बढ़ता है और स्पर्म की क्वालिटी भी बढ़ती है। इसके अलावा किशमिश के सेवन से पुरुषों के स्पर्म की मोटिलिटी ज्यादा बेहतर हो जाती है। इसलिए पुरुषों को स्नैक्स के रूप में किशमिश का सेवन जरूर करना चाहिए। हालांकि जिन लोगों को डायबिटीज है, उन्हें इसका सेवन अपने डॉक्टर से पूछकर सीमित मात्रा में ही करनी चाहिए।

### सूखे अंजीर

सूखे हुए अंजीर भी पुरुषों के लिए एक बहुत फायदेमंद ड्राई फ्रूट है। अंजीर के सेवन से भी पुरुषों की फर्टिलिटी बेहतर होती है और उनका स्पर्म काउंट बढ़ता है। अंजीर को विटामिन्स और मिनरल्स से भरा हुआ सबसे पौष्टिक फल माना जाता है। अंजीर की खास बात ये है कि इसमें विटामिन B6, पैंटोथेनिक एसिड और कॉपर बहुत अच्छी मात्रा में होता है। इसके अलावा फाइबर का भी अंजीर अच्छा स्रोत है, इसलिए इसके सेवन से फर्टिलिटी बढ़ती है। सूखी हुई अंजीर खाने से पुरुषों के शुक्राणुओं की संख्या में वृद्धि होती है और मोटिलिटी बढ़ती है। आप अंजीर को भी स्नैक्स के टाइम पर खा सकते हैं।

# तन-मन की शांति के लिए करें 'जेन मेडिटेशन', शरीर और मन के सभी दुख-दर्द होंगे दूर

> यदि आपको अनावश्यक विचार परेशान कर रहे हैं, तो आप जेन ध्यान या जेन मेडिटेशन की मदद लें। यहां इस साधना के बारे में अधिक जानें।

**जीवन** इन दिनों एक दौड़ बन गया है, जहां हम सभी जीतने के लिए दौड़ रहे हैं। यदि आप भी भागती-दौड़ती जिंदगी से परेशान है, तो एक पल के लिए रुकें और सोचें कि क्या आप जीवन की गुणवत्ता से संतुष्ट हैं। एक सबसे आम जवाब 'नहीं' होगा। जीवित और गुणवत्ता वाले जीवन के बीच बहुत बड़ा अंतर है। आपके पास एक लक्जरी लाइफ हो सकती है, लेकिन क्या आपके पास मन की शांति है? यह एक महीन रेखा है, जो जीवन और जीवन को अलग करती है। चूहा दौड़ के बीच में, आप थोड़ी देर के लिए बैठने के लिए एक शांतिपूर्ण कोने की तलाश करते हैं और अपने जीवन की समीक्षा करते हैं। उस शांति और ध्यान के लिए, जेन ध्यान की कोशिश करें। यह एक सदियों पुरानी प्रथा है, जो आपके जीवन में शांति ला सकती है।

### जेन ध्यान क्या है?

जेन ध्यान जिसे 'जजेन' के नाम से भी जाना जाता है, एक चीनी बौद्ध धर्म के ध्यान अभ्यास के रूप में बेहद लोकप्रिय है। भारतीय बुद्ध गुरु 'बोधिधर्म' ने जेन की शुरुआत की, जो बौद्ध मठों में भिक्षुओं द्वारा धार्मिक रूप से प्रचलित है। जब वे बौद्ध भिक्षुओं की जीवित संस्कृति को देखते हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद इतनी सामग्री कैसे प्राप्त करते हैं, तो बहुत से लोग हैरान रह जाते हैं। यही कारण है। उन्हें शांति में महारत हासिल है।

### जेन ध्यान लाभ

यह एक सरल ध्यान तकनीक है, लेकिन प्रमुख लाभ के साथ है। यह न केवल आपको मानसिक रूप से शांत करने में मदद करता है, बल्कि शारीरिक तनाव और दर्द को भी ठीक करने में भी सहायक है। यह उन लोगों के लिए किसी उपाय से कम नहीं है, जो लगातार तनाव से निपटते हैं और इससे छुटकारा पाने की कोशिश में लगे रहते हैं। आध्यात्मिक भाषा में, जेन ध्यान आपके मन और आत्मा को फिर से जोड़ने में मदद करता है, ताकि आपको स्पष्टता मिले और आपकी सभी चिंताओं का जवाब मिले।

नियमित रूप से इस ध्यान का अभ्यास करने पर, आप उस अवस्था में भी पहुंच सकते हैं, जहां आप अपेक्षा कम महसूस करते हैं। जिसका अर्थ है कि आप शांत अवस्था में पहुंच चुके हैं। यह वह बिंदु है, जब आपके जीवन की चिंताएं समाप्त हो जाएंगी।



### जेन ध्यान तकनीक

**आसन:** आसन, जेन ध्यान के सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। लेकिन इससे पहले, सुनिश्चित करें कि आप ढीले कपड़े पहने हुए हैं। इसके अलावा, कमरे की रोशनी को उपयुक्त चमक के साथ शांत किया जाना चाहिए। अब, पूर्ण या आधे-कमल की स्थिति में बैठें, जो भी आपके लिए आरामदायक हो। यदि आप ध्यान के लिए नए हैं और इस मुद्रा में नहीं बैठ सकते हैं, तो आपको रीढ़ की हड्डी के साथ सामान्य रूप से बैठना भी आसान होगा। बस रीढ़ की हड्डी और शरीर की मांसपेशियों को तनावमुक्त रखना सुनिश्चित करें। अपने हाथों से लौकिक मुद्रा बनाएं और इसे बनाए रखें। यह मन में स्थिरता लाने में मदद करता है और आपको ध्यान के दौरान बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है।

**आंशिक रूप से आंखें बंद करें :** नियमित ध्यान में, आंखें आमतौर पर पूरी बंद रखी जाती हैं लेकिन जेन ध्यान में, उनींदापन को रोकने और सतर्कता बढ़ाने के लिए आपकी आंखें आंशिक रूप से बंद होती हैं। हालांकि, एक बिंदु पर ध्यान केंद्रित करें और अपनी आंखों के खुले होने से विचलित न हों।

**सही तरीके से लें सांस:** जेन ध्यान में सांस लेने की तकनीक एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें मुंह को पूरी तरह से बंद रखते हुए आपको केवल अपनी नाक से सांस लेने की आवश्यकता होती है। सांस लेने और सांस छोड़ने पर ध्यान दें। जागरूकता बढ़ाने के लिए, अपनी सांसों को गिनें।

**अपना दिमाग को शांत करें :** ध्यान करते समय, विचार आपके दिमाग में घूमने लगेंगे। आपको बस इतना करना है, उन्हें पास होने देना है। यानि आपको विचारों को दिमाग से निकलने देना है। न तो उनकी उपस्थिति महसूस करें और न ही उपेक्षा। बस उन्हें न तो उनकी उपस्थिति में और न ही उपेक्षा। बस उन्हें अपने अंदर से गुजरने दें ताकि आप के अंदर दबे सभी नकारात्मक विचारों से छुटकारा मिल सके।

# सुपर 12 के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगे श्रीलंका और आयरलैंड

एजेंसी। अबुधाबी

**पूर्व** चैंपियन श्रीलंका का सामना टी-20 विश्वकप के पहले दौर के ग्रुप मुकाबले में बुधवार को यहां आयरलैंड से होगा और इस मैच की विजेता टीम सुपर 12 में जगह बनाने के करीब पहुंच जाएगी। श्रीलंका और आयरलैंड दोनों टीमें इस मुकाबले में बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेंगी क्योंकि इन्होंने अपने पहले मुकाबलों में क्रमश: नामीबिया और नीदरलैंड को सात विकेट के समान अंतर से हराया है। श्रीलंका ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत नामीबिया के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, जबकि आयरलैंड ने नीदरलैंड पर हर विभाग में दबदबा बनाया और इस दौरान तेज गेंदबाज कर्टिस कैंफर ने चार गेंद में चार विकेट भी चटकाए।



### टीमें

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), कुसाल जनिथ परेरा, दिनेश चांदीमल, धनंजया डिसिल्वा, पथुम निसंका, चरिथ असलंका, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षे, चमिका करुणारत्ने, वानिन्दु हसारंगा, दुष्मंत चमीरा, लाहिरू कुमारा, महेश थेकशाना, अकिला धनंजय और बिनुरा फर्नांडो।

**आयरलैंड:** एंडी बालबर्नी (कप्तान), मार्क एडेयर, कर्टिस कैंफर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, केविन ओब्रायन, सिमी सिंह, पॉल स्टर्लिंग, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, जोश लिटिल, एंडी मैकब्राइन, नील रॉक, बेन वाइट और क्रेग यंग।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार** शाम सात बजकर 30 मिनट पर बजे शुरू होगा

श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका को पता है कि आयरलैंड के खिलाफ उनकी राह आसान नहीं होगी और उनकी टीम को इस मुकाबले में गलती करने से बचना होगा। इस पूर्व चैंपियन टीम को अपने सलामी बल्लेबाजों कुसाल परेरा और पथुम निसंका के अलावा अनुभवी दिनेश चांदीमल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अविष्का फर्नांडो और भानुका राजपक्षे नामीबिया के खिलाफ विपरीत अंदाज में खेल पारियों से दिखा चुके हैं कि वे क्या करने में सक्षम हैं। महेश थेकशाना और वानिंदु हसारंगा की स्पिन जोड़ी ने नामीबिया के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था और टूर्नामेंट में श्रीलंका की सफलता काफी हद तक इन दोनों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। लाहिरू कुमारा, चमिका करूणारत्ने और दुष्मंता चमीरा की मौजूदगी में टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत है। कप्तान शनाका को हालांकि अपने तेज गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। दूसरी तरफ कैंफर की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड को हराने के बाद आयरलैंड की टीम श्रीलंका की चुनौती के लिए तैयार होगी। कैंफर और उनके साथी गेंदबाजों को बुधवार को अपने प्रदर्शन को दोहराना होगा। उन्हें श्रीलंका के बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसमें अनुभव और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। श्रीलंका के खिलाफ आयरलैंड की गेंदबाजी से अधिक उसकी बल्लेबाजी की परीक्षा होगा। श्रीलंका के गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और उसके स्पिनर काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं। श्रीलंका को अगर चुनौती देती है तो आयरलैंड के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाना होगा।

# आखिरी अभ्यास मैच में बल्लेबाजी क्रम तय करने पर भारत की नजरें

एजेंसी। दुबई

**पिछले** मैच में जीत के साथ टी-20 विश्वकप की तैयारियां पुख्ता करने वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को दूसरे और आखिरी अभ्यास मैच में बल्लेबाजी क्रम को अंतिम रूप देने के इरादे से उतरेगी। भारत को टूर्नामेंट के पहले मैच में रविवार को पाकिस्तान से खेलना है। बतौर कप्तान विराट कोहली और कोच के तौर पर रवि शास्त्री का यह आखिरी टूर्नामेंट है। इंग्लैंड के खिलाफ सोमवार को अभ्यास मैच से पहले ही कोहली ने कहा था कि शीर्ष तीन स्थान तय है जिसमें केएल राहुल और रोहित शर्मा पारी की शुरुआत करेंगे जबकि कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट से जीत में 70 रन की पारी खेलने वाले युवा ईशान किशन अंतिम एकादश में चयन का दावा पुख्ता कर चुके हैं। ऋषभ पंत (नाबाद 29) को सूर्यकुमार यादव से ऊपर भेजा गया था और अब देखना है कि वह बुधवार को किस क्रम पर उतरते हैं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी नहीं की लिहाजा इस मैच में वह हाथ आजमाना चाहेंगे। चर्चा का विषय हार्दिक पंड्या बने हुए है, जो इंग्लैंड के खिलाफ सहज नहीं दिखे। वह गेंदबाजी भी नहीं कर पा रहे हैं, तो देखना यह होगा कि भारतीय टीम प्रबंधन क्या उन्हें विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में उतारता है। उनकी गेंदबाजी के बिना भारत को छठे गेंदबाजी विकल्प की कमी खलेगी चूंकि पांच गेंदबाजों में से एक के विफल रहने पर जरूरत पड़ सकती है। इंग्लैंड के खिलाफ भुवनेश्वर कुमार ने एक विकेट लिया था, लेकिन जसप्रीत बुमराह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे। मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए लेकिन महंगे साबित हुए। राहुल चाहर भी काफी महंगे रहे। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला हारने के बाद से भारत लगातार आठ श्रृंखलाओं में अपराजेय रहा है। टी-20 विश्वकप 2016 के बाद से भारत ने 72 टी-20 मैच खेलकर 45 जीते हैं। आस्ट्रेलिया ने जीत के साथ शुरुआत करते हुए न्यूजीलैंड को पहले अभ्यास मैच में तीन विकेट से हराया। डेविड वॉर्नर का खराब फॉर्म हालांकि आईपीएल के बाद यहां भी जारी रहा और वह पहली गेंद पर आउट हो गए। एडम जाम्पा और केन रिचर्डसन ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज विफल रहे। एश्टोन एगर और मिशेल स्टार्क ने आखिर में ताबड़तोड़ छोटी पारियां खेलकर टीम को जीत दिलाई।



### टीमें

**भारत :** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, राहुल चाहर, रविचंद्रन अश्विन, वरूण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, शारदुल ठाकुर।

**आस्ट्रेलिया :** आरोन फिंच (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, मिशेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्वीपसन, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जाम्पा।

**मैच का समय: शाम 7.30 से।**

# नामीबिया को हराकर पहला टी-20 मैच जीतने की कोशिश में नीदरलैंड

एजेंसी। अबुधाबी

**आयरलैंड** के हाथों शर्मनाक हार से उबरकर नीदरलैंड टी-20 विश्वकप पहले दौर के मैच में बुधवार को नामीबिया जैसी नई टीम को हराकर खाता खोलना चाहेगा। आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैम्फर ने चार गेंद में चार विकेट लेकर नीदरलैंड की पारी की बखिया उधेड़ दी। अब वे सात विकेट से मिली उस हार को भुलाकर नामीबिया के खिलाफ ग्रुप ए के मैच में जीत दर्ज करना चाहेंगे।

नीदरलैंड के बल्लेबाजों कोलिन एकेरमैन, रियान टेन डोइशे, स्कॉट एडवडर्स और रोल्फ वान डेर मर्वे को कैम्फर ने 10वें ओवर में लगातार चार गेंदों पर आउट किया। नीदरलैंड के लिए सिर्फ मैक्स ओडाउड कुछ देर टिककर 47 गेंद में 51 रन बना सके। नीदरलैंड के छह विकेट 51 रन पर गिर गए थे। टीम अब इस प्रदर्शन को भुलाकर नामीबिया के खिलाफ जीत दर्ज करना चाहेगी। नामीबिया को पहले मैच में श्रीलंका ने हराया था और इस मैच में हार से अगले दौर के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ 2011 विश्वकप में शानदार शतक लगाने वाले टेन डोइशे नामीबियाई गेंदबाजों के खिलाफ बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

### टीमें

**नीदरलैंड:** पीटर सीलार (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, फिलिप बोइसेवेन, बेन कूपर, बास डी लीडे, स्कॉट एडवर्ड्स, ब्रैंडन ग्लोवर, फ्रेड क्लासेन, स्टीफन मायबर्ग, मैक्स ओ डॉड, रियान टेन डोइशे, लोगान वैन बीक, टिम वान डेर गुग्टेन, रूलोफ वैन डेर मेर्वे और पॉल वैन मीकेरेन।

**नामीबिया:** गेरहार्ड इरासमस (कप्तान), स्टीफन बार्ड, कार्ल बिरकेनस्टॉ, मिचौ डू प्रीज, जेन फ्रीलिंक, जेन ग्रीन, निकोल लोफी-ईटन, बर्नार्ड सोल्ट्ज, बेन शिकोंगो, जेजे स्मिट, रूबेन ट्रम्पेलमैन, माइकल वैन लिंगेन, डेविड वाइसी, क्रेग विलियम्स और पिक्की ए फ्रांस।

कप्तान पीटर सीलार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 वर्ष का अनुभव है जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ 21 रन बनाए। नामीबिया की अनुभवहीन टीम के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और अनुभवी हरफनमौल डेविड वीसे पर सारा दारोमदार होगा। वैश्विक टूर्नामेंट में पहला मैच खेलते हुए नामीबिया 19.3 ओवर में 96 रन पर आउट हो गई थी। इरास्मस समेत तीन ही बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके। गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा, लेकिन श्रीलंका ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

# बेरिंगटन का अर्धशतक, स्कॉटलैंड ने पीएनजी को 17 रन से हराया



एजेंसी। अल अमेरात


**रिची** बेरिंगटन के अर्धशतक के बाद जोश डेवी की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी मैच में मंगलवार को यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 17 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए सुपर 12 में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए।

पीएनजी की टीम स्कॉटलैंड के 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नोर्मन वानुआ (47 रन, 37 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और किपलिन डोरिगा (18) के बीच सातवें विकेट की 53 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी के बावजूद 19.3 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। कप्तान असद वला (18) और सेसे बाउ (24) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। स्कॉटलैंड की ओर से डेवी ने 18 रन देकर चार विकेट चटकाए। मार्क वाट, ब्रेड व्हील, एलेस्डेयर इवान्स और क्रिस ग्रीव्स ने एक-एक विकेट हासिल किया। स्कॉटलैंड ने बेरिंगटन (70) और मैथ्यू क्रॉस (45) के बीच तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की मदद से नौ विकेट पर 165 रन रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था।

# न्यूजीलैंड के अंपायर फ्रेड गुडाल का निधन

एजेंसी। वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड** के क्रिकेट अंपायर फ्रेड गुडाल का निधन हो गया है। वह न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच 1980 में विवादास्पद टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा थे। गुडाल 83 बरस के थे। उनके निधन की घोषणा मंगलवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने की, लेकिन इसका कारण नहीं बताया। गुडाल ने 1965 से 1988 के बीच 24 टेस्ट और 15 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग की। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ फरवरी 1980 में क्राइस्टचर्च के लेंकास्टर पार्क में विवादास्पद दूसरे टेस्ट के लिए जाना जाता है। इस मैच में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कोलिन क्रॉफ्ट ने उन्हें टक्कर मार दी थी। ऐसा लगा था कि क्रॉफ्ट ने यह जानबूझकर किया, लेकिन इस तेज गेंदबाज ने हमेशा कहा कि ऐसा दुर्घटनावश हुआ था।



कप्तान क्लाइव लॉयड की अगुआई में वेस्टइंडीज की टीम विश्व क्रिकेट की सुपरस्टार थी और आस्ट्रेलिया के पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद तीन टेस्ट और एक वनडे खेलने न्यूजीलैंड आई थी। न्यूजीलैंड ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और पहला टेस्ट दोनों एक विकेट से जीते। गुडाल ने दोनों मैचों में अंपायरिंग की और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का मानना था कि उनके खिलाफ कई अनुचित फैसले हुए। पहले टेस्ट की दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग ने स्टंप को लात मारकर गिरा दिया जब जॉन पार्कर के खिलाफ उनकी अपील को नकार दिया गया। दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज की नाराजगी और बढ़ गई जब उन्हें लगा कि अंपायरों के काफी अधिक फैसले उनके खिलाफ जा रहे हैं। तीसरे दिन चाय के विश्राम के बाद मेहमान टीम ने ड्रेसिंग रूम से बाहर आने से इनकार कर दिया और कहा कि गुडाल को हटाए जाने पर ही वे मैदान पर उतरेंगे।

## टीके के बिना आस्ट्रेलिया ओपन के लिए टेनिस खिलाड़ियों को वीजा नहीं

**मेलबर्न।** जनवरी में आस्ट्रेलाई ओपन के दौरान उन टेनिस खिलाड़ियों को वीजा नहीं मिलेगा, जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया है। विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज पहले ही घरेलू खेल लीगों में खेल रहे खिलाड़ियों और स्वास्थ्य समेत कुछ क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए टीका अनिवार्य होने की घोषणा कर चुके हैं। उन्होंने अब विदेश से यहां खेलने आ रहे टेनिस खिलाड़ियों के लिए भी टीका अनिवार्य कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि ऐसे किसी खिलाड़ी को यहां के लिए वीजा मिलेगा जिसे टीका नहीं लगा हो।

## मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने बीजिंग नरसंहार खेलों के बहिष्कार की अपील की

**एथेंस।** शीतकालीन ओलंपिक 2022 की ओलंपिक मशाल सौंपने के मंगलवार को होने वाले समारोह से घंटों पहले मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय सरकारों, प्रायोजकों और खिलाड़ियों से अपील की है कि वे चीन के नरसंहार खेलों का बहिष्कार करें। सोमवार को दक्षिण यूनान में मशाल प्रज्ज्वलन समारोह में बाधा पहुंचाने वाले कार्यकर्ता समूहों ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) पर आरोप लगाया कि बीजिंग में शीतकालीन खेलों के आयोजन की स्वीकृति देकर उन्होंने चीन में मानवाधिकार उल्लंघनों को वैधता दी है। अंतरराष्ट्रीय तिब्बत नेटवर्क की कार्यकारी निदेशक मेंडी मैकियोन ने कहा, हम एक बार फिर आईओसी के पाखंड के गवाह बने हैं। उन्होंने कहा, वे ओलंपिक मशाल ऐसी मेजबान सरकार को सौंप रहे हैं, जिसने अब तक किसी ओलंपिक आदर्श को लागू नहीं किया और ऐसा लगता है कि वे वास्तविकता से मुंह मोड़ रहे हैं।

# लक्ष्य एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करना

**स्टिमक ने कहा, सैफ चैंपियनशिप खिताब विशेष सफलता नहीं**

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने बुधवार को कहा कि भारत का आठवीं बार सैफ चैंपियनशिप जीतना विशेष सफलता नहीं है क्योंकि देश का दक्षिण एशियाई क्षेत्र में दबदबा है और उनका लक्ष्य 2023 एशियाई कप क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन करना है। भारत ने शनिवार को माले में फाइनल में नेपाल को 3-0 से हराकर क्षेत्रीय टूर्नामेंट का खिताब जीता जो टीम के कोच के रूप में स्टिमक का पहला खिताब है। स्टिमक ने वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा, मैं इसे (सैफ खिताब) विशेष सफलता नहीं मानता क्योंकि भारत का सैफ टूर्नामेंट जीतना सामान्य चीज है, लेकिन यह दिखाता है कि इस प्रतियोगिता में हमारा दबदबा है और हम अपने खेल में काफी सुधार कर सकते हैं।



स्टिमक ने हालांकि स्वीकार किया कि शुरुआती दो राउंड रोबिन मैचों में बांग्लादेश (1-1) और श्रीलंका (0-0) के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद उनकी टीम पर नतीजा देने का काफी दबाव था। इन शुरुआती मैचों के नतीजों से भारत पर फाइनल की दौड़ से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। भारत ने इसके बाद करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को 1-0 और मेजबान मालदीव को 3-1 से हराया और फिर फाइनल में जीत दर्ज की। स्टिमक ने कहा, बेशक पहले दो मैचों के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे, लेकिन चीजें खराब सिर्फ नतीजों के कारण लग रही थी। हमारे रवैए, गोल की तरफ शॉट, गोल करने के मौकों, मूवमेंट और खिलाड़ियों की उर्जा में कोई बदलाव नहीं आया। उन्होंने कहा, हम कभी गोल करते हैं और कभी नहीं कर पाते और इससे अंतर पैदा होता है। इसलिए हमारे कंधों पर नतीजा देने का दबाव था, लेकिन हम इससे निपटने में सफल रहे और अंत में हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे जो सबसे महत्वपूर्ण है।

# हरभजन, श्रीनाथ को एमसीसी की मानद आजीवन सदस्यता

एजेंसी। लंदन

**भारतीय** स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ उन 18 क्रिकेटरों में शामिल है, जिन्हें मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने मंगलवार को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की। लंदन स्थित एमसीसी को क्रिकेट नियमों का संरक्षक माना जाता है। हरभजन और श्रीनाथ का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। हरभजन के नाम 103 टेस्ट में 417 विकेट दर्ज हैं और वह खेल के इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीयों में तीसरे नंबर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में उन्होंने 700 से ज्यादा विकेट लिए हैं।



श्रीनाथ अभी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के एलीट पैनल (शीर्ष स्तर) के मैच रेफरी है। वह भारत के महान तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने एकदिवसीय में 315 और टेस्ट में 236 विकेट लिए हैं। एमसीसी ने यहां जारी बयान में कहा, इस साल की सूची में 12 टेस्ट खेलने वाले देशों में से आठ को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिसमें आधुनिक खेल के कुछ सबसे लोकप्रिय खिलाड़ी भी शामिल है। भारत के दो खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के चार-चार खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया है। इसमें वेस्टइंडीज के तीन, ऑस्ट्रेलिया के दो और न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे तथा श्रीलंका के एक-एक खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक के अलावा इयान बेल और मार्कस ट्रेस्कोथिक को आजीवन सदस्यता का सम्मान मिला है। इन तीनों ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 39,000 से अधिक रन बनाए है। इस सूची में चौथा नाम महिला विकेटकीपर बल्लेबाज साराह टेलर का है। दक्षिण अफ्रीका के जिन दिग्गजों को मानद आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया है उसमें हाशिम अमला, हर्शल गिब्स, जॉक कैलिस और मोर्ने मोर्कल शामिल हैं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया से महिला बल्लेबाज एलेक्स ब्लैकवेल और कलात्मक बल्लेबाज डेमियन मार्टिन शामिल हैं।

**लंदन स्थित एमसीसी को क्रिकेट नियमों का माना जाता है संरक्षक**

**हरभजन और श्रीनाथ का अंतरराष्ट्रीय कॅरियर रहा है शानदार**



इयान बिशप, शिवनारायण चंद्रपॉल और रामनरेश सरवन इसमें वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में 433 विकेट लेने वाले श्रीलंका के रंगना हेराथ को भी मानद आजीवन सदस्यता दी गई है। आजीवन सदस्यता का सम्मान पाने वालों में न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर सारा मैकग्लाशन और जिम्बाब्वे के हरफनमौला ग्रांट फ्लावर भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरुषों की मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप में सफेद दस्तानों और बेल्ट का इस्तेमाल

**लुसाने।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) ने पुरुषों की विश्व चैंपियनशिप के दौरान पारंपरिक लाल और नीले बेल्ट की जगह विशेष बेल्ट और सफेद दस्तानों के इस्तेमाल का फैसला किया है। इसे विवादों से घरे खेल में नई शुरुआत के प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है। विश्व चैंपियनशिप 24 अक्टूबर से सर्बिया के बेलग्रेड में खेली जाएगी। इसमें भारत समेत सौ से अधिक देशों के 600 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। पदक ठोस सोने और चांदी के बनाए जाएंगे। एआईबीए अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने एक विज्ञप्ति में कहा, इस चैंपियनशिप में खिताब के साथ विजेताओं को पदक और बेल्ट ही नहीं बल्कि अच्छी खासी ईनामी राशि भी मिलेगी। इस बार विश्व चैंपियनशिप में पदक विजेताओं को 26 लाख डॉलर ईनामी राशि दी जाएगी। चैंपियनशिप में नीले और लाल दस्तानों की जगह सफेद का इस्तेमाल होगा। क्रेमलेव ने कहा कि खेल इन बदलावों के साथ नई शुरुआत करने जा रहा है। उन्होंने कहा, सफेद दस्ताने नई शुरुआत, निष्पक्षता और पारदर्शिता के द्योतक हैं। हम पूरी कोशिश करेंगे कि सभी को समान मौके दिए जाएं। यह नई शुरुआत रियो ओलंपिक 2016 में मुक्केबाजी प्रतिस्पर्धा में जजिंग की स्वतंत्र जांच कराने के फैसले के कुछ दिन बाद की गई है। यह पता चला है कि ओलंपिक में 10 से अधिक मुकाबलों में धन और अन्य फायदों के बदले हेराफेरी की गई थी।

### ब्राजील-अर्जेंटीना का निलंबित मैच खेला जाए: इनफेनटिनो

**ब्यूनस आयर्स।** फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेनटिनो का मानना है कि ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच विश्वकप क्वालीफायर का निलंबित मैच खेला जाए। साओ पाउलो में पांच सितंबर को यह मैच शुरू होने के सात मिनट बाद ही कोरोना प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन के कारण रद्द कर दिया गया था। इनफेनटिनो ने कहा, मैचों का फैसला मैदान पर ही होना चाहिए, उसके बाहर नहीं। उन्होंने कहा, यह हमेशा संभव नहीं है। हमारे पास नियम है। देखते हैं कि फीफा की अनुशासन समिति क्या तय करती है। मैच उस समय बाधित हो गया था जब ब्राजील की स्वास्थ्य एजेंसी अनविसा के एक अधिकारी और पुलिसकर्मी ने मैदान पर जाकर इंग्लैंड में बसे अर्जेंटीना के चार फुटबॉलरों को कोरोना प्रोटोकॉल के उल्लंघन के कारण बाहर कर दिया। उस समय इंग्लैंड से आने वाले सभी लोगों के लिए ब्राजील में पृथकवास अनिवार्य था।

### अपनी लय बरकरार रखने उतरेगी अमनदीप

**पंचकूला।** शानदार फॉर्म में चल रही अमनदीप द्राल हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के बुधवार से शुरू हो रहे 11वें चरण में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। यूरोप में कई टूर्नामेंटों में भाग लेने से आत्मविश्वास से भरी कपूरथला की गोल्फर अमनदीप ने 10वें चरण में खिताब जीता था। उन्होंने अंतिम दिन सात अंडर 65 का रिकार्ड स्कोर बनाया था। यूरोप से लौटने के बाद दो अन्य गोल्फर वाणी कपूर और गौरिका बिश्नोई ने भी अच्छा खेल दिखाया है। ये दोनों भी खिताब की दावेदार हैं। जिन युवा खिलाड़ियों ने पिछले चरणों में प्रभाव छोड़ा उनमें बख्शी बहनें जाह्नवी और हिताशी, एमेच्योर अवनी प्रशांत और लखमेहर परदेसी शामिल हैं। परदेसी ने नोएडा चरण में जीत दर्ज की थी।

### श्रीकांत और समीर की डेनमार्क ओपन में अच्छी शुरुआत

**ओडेन्से।** पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत और भारत के ही समीर वर्मा ने डेनमार्क ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरूष एकल वर्ग में जीत के साथ शुरुआत की। श्रीकांत ने 2017 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने हमवतन बी साई प्रणीत को 30 मिनट में 21-14, 21-11 से हराया। वहीं 28वीं रैंकिंग वाले समीर ने थाईलैंड के 21वीं रैंकिंग वाले कुन्लावुट विदितसर्न को 21-17, 21-14 से मात दी। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत का सामना दूसरे दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान के केंतो मोमोता से हो सकता है। वहीं समीर डेनमार्क के तीसरी वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोंसेन से खेल सकते हैं। पुरुष युगल में मनु अत्री और बी सुमीत रेड्डी को मलेशिया के गो जे फेइ और नूर इजुद्दीन ने 21-18, 21-11 से हराया।

### लिविंगस्टोन का टी-20 विश्वकप में खेलाना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन का अंगुली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप में खेलना संदिग्ध है। उन्हें भारत के खिलाफ दुबई में अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। स्काइ स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड अगले 24 घंटे तक उनकी चोट पर नजर रखने के बाद ही फैसला लेगा। भारत ने यह मैच सात विकेट से जीता। मैच के आखिरी क्षणों में सीमारेखा पर कैच लपकने की कोशिश में लिविंगस्टोन को चोट लगी। उन्होंने 20 गेंद में 30 रन बनाए और दो ओवर में 10 रन देकर एक विकेट लिया। उन्हें स्टार हरफनमौला बेन स्टोक्स की जगह टीम में रखा गया था। स्टोक्स मानसिक स्वास्थ्य कारणों से क्रिकेट से दूर हैं। इंग्लैंड को बुधवार को न्यूजीलैंड से एक और अभ्यास मैच खेलना है। विश्वकप में वह वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को अपने अभियान का आगाज करेगा।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम स्वीडन की टीम से भिड़ेगी

**स्टोकहोम।** तीन अंतरराष्ट्रीय मैच जीतकर आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला फुटबॉल टीम बुधवार को यहां स्वीडन की शीर्ष स्तर की टीम हैमरबी आईएफ से मैत्री मैच में भिड़ेगी। स्वीडन में भारतीय टीम को दो मैत्री मैच खेलने हैं जिसमें से यह पहला मुकाबला होगा। भारत ने अगले साल होने वाले महिला एशियाई कप की तैयारी में चार मैच खेले जिसमें टीम यूएई, बहरीन (5-0) और चीनी ताइपे (1-0) को हराने में सफल रही, जबकि ट्यूनीशिया के खिलाफ उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। गोलकीपर अदिति चौहान ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, स्वीडन में हमारे सामने बड़ी चुनौती होगी, लेकिन लड़कियां प्रत्येक मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर हाल के मैचों में मिले नतीजों से हमारी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम ने स्वीडन के कोच थॉमस डेनबी के मार्गदर्शन में खेलते हुए चार अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में 10 गोल दागे जबकि उसके खिलाफ सिर्फ एक गोल हुआ। भारत ने तीन जीत दर्ज की जबकि एक मैच में शिकस्त का सामना करना पड़ा।